# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 25 जनवरी 2024


### एक दिन में 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा



अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन यानी 22 जनवरी को एक ही दिन में भक्तों ने 3 करोड़ 17 लाख रुपए दान में देकर रिकॉर्ड कायम किया है।


## भाजपा शासित राज्यों के सीएम का पूरी कैबिनेट के साथ दर्शन करने का शेड्यूल जारी

# 4 मार्च को सीएम डॉ. मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित करेंगे श्रीरामलला के दर्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सकुशल संपन्न हो चुका है। श्रीरामलला के दर्शन के लिए लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर में लगभग 5 लाख लोगों ने दर्शन किया था।

इसी बीच भाजपा ने भाजपा शासित प्रदेशों के लिए राम मंदिर दर्शन के लिए योजना बनाई है। जिसके अनुसार, जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां के सीएम पूरे कैबिनेट के साथ प्रभु रामलला के दर्शन करेंगे। इस शेड्यूल के ⏩ शेष पेज 4 पर



### भाजपा शासित राज्य कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की बना रहे योजना

#### दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं को कराएगी श्री रामलला के दर्शन

दिल्ली भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए भेजने की योजना बनाई है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने पार्टी की दिल्ली इकाई द्वारा बनाई गई योजना का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली के सात लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक से कार्यकर्ताओं को आने वाले दिनों ⏩ शेष पेज 4 पर

#### ये है राज्यों का पूरा शेड्यूल

- 31 जनवरी को त्रिपुरा सीएम माणिक साहा कैबिनेट के साथ श्री रामलला के दर्शन करेंगे।
- 1 फरवरी को सीएम आदित्यनाथ योगी पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 2 फरवरी को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 5 फरवरी को महाराष्ट्र कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 6 फरवरी को अरुणांचल के सीएम अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने वाले हैं।
- 9 फरवरी को हरियाणा कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 12 फरवरी को राजस्थान कैबिनेट सीएम के साथ दर्शन करेगी।
- 15 फरवरी को गोवा के सीएम अपनी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 22 फरवरी को असम के सीएम कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 24 फरवरी को गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 4 मार्च को मप्र के सीएम मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।

**पीएम समेत पूरी कैबिनेट हुई भावुक**

#### पीएम ने कहा-केंद्रीय मंत्री मार्च में अयोध्या जाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी की वजह से जनता परेशान होगी। इस असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। कैबिनेट की बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया गया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखाई दिए। उनके साथ-साथ कैबिनेट के सभी साथी भी भावुक नजर आए।









### पूर्व सीएम दिग्विजय ने फिर उठाए ईवीएम पर सवाल, 'कथित हैकिंग' का दिया डेमोंस्ट्रेशन

# दिग्विजय : 40 प्रतिशत वोटों में हेर-फेर संभव
# भाजपा : क्या हैकिंग से कांग्रेसी सरकारें बनाई ?

डेमोंस्ट्रेशन में कथित तौर पर दावा किया गया कि प्रतीकात्मक रूप से 'केले' पर ज्यादा वोट डाले लेकिन 'सेब' पर गिरे

भाजपा ने पूछा-क्या कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में ईवीएम हैक कर कांग्रेसी सरकारें बनाईं हैं, दिग्विजय सिंह इसे स्पष्ट करें?



*गुजरात के ईवीएम एक्सपर्ट अतुल पटेल से पूरी मतदान प्रक्रिया का डेमो कराया गया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डेढ़ महीने पहले मप्र समेत तीन राज्यों में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है। अब इसे लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर सवाल ⏩ शेष पेज 4 पर

#### निर्वाचन आयोग से भी पूछे सवाल...

**ईवीएम के सॉफ्टवेयर को पब्लिक डोमेन में क्यों नहीं डाला**

*दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2003 से लेकर आज तक निर्वाचन आयोग ने ईवीएम के सॉफ्टवेयर को पब्लिक डोमेन में क्यों नहीं डाला है? मशीन के पार्ट्स अलग-अलग जगह से आते हैं। पहले इसमें लगने वाला चिप सिंगल प्रोग्रामेबल था, जिसे अब मल्टीपल प्रोग्रामेबल चिप में तब्दील* ⏩ शेष पेज 4 पर

*भाजपा ने किया पलटवार, कहा-अपने नकारा नेतृत्व की नाकामी छिपा रहे हैं दिग्विजय*


## कांग्रेस ने लोकसभा में हार के बहानों की अभी से तलाश शुरु कर दी : वीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ईवीएम पर सवाल उठाने के मुद्दे पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता अपने नेतृत्व की नाकामी छिपाने के ⏩ शेष पेज 4 पर

**सिंह का बयान दुष्प्रचार का एक हथकंडा**

#### ईवीएम से छेड़छाड़ बिल्कुल भी संभव नहीं है



ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने चुनावों के दौरान ⏩ शेष पेज 4 पर

#### चुनाव आयोग के सामने क्यों नहीं किया हैकिंग का प्रदर्शन?



प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं की हमेशा कोशिश रही है कि ईवीएम के नाम पर मतदाताओं को गुमराह किया जाता रहा। आज जो दिग्विजय सिंह यह रोना रो रहे हैं कि चुनाव आयोग ईवीएम को लेकर उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है, उन्हें मिलने का समय नहीं दिया जा ⏩ शेष पेज 4 पर

#### ईवीएम कांग्रेस की ही देन, तब खोट क्यों नजर नहीं आई?

शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह आखिर यह बात क्यों भूल जाते हैं कि ईवीएम कांग्रेस की ही देन है। कांग्रेस सरकार के समय ही 2003 के चुनाव में लाई गई थी, तब सोनिया सेना ने 2004 के चुनाव ईवीएम से ही कराए थे। इसके बाद यूपीए गठबंधन ने जीत दर्ज की थी। तब दिग्विजय को ईवीएम में खोट क्यों नजर नहीं आई? 2009 में कैसे यूपीए गठबंधन ने ईवीएम हैक कर ली थी, इसका जिक्र दिग्विजय सिंह क्यों नहीं करते?अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हमेशा हार पर ईवीएम को ⏩ शेष पेज 4 पर

### सीएम डॉ.यादव को पत्र लिखकर कहा-बुआ की यादें जुड़ी




## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मांग लिया 'मामा का घर'

भाजपा ने कहा- लगता है कि सिंघार के दिल व मन में भाजपा की रीति व नीति रची-बसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को आवंटित घर की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पूर्व सीएम शिवराज को आवंटित बी-9 बंगले की मांग की है। सिंगार का कहना है कि 74 बंगला स्थित ई-9 बंगला स्व. जमुना देवी के नाम से रहा है। वे मप्र की उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भी रही हैं। मेरा भी उस ⏩ शेष पेज 4 पर




#### मांगना हो तो सिंघार नाथ या दिग्विजय का बंगला मांगें आशीष ने कहा

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने नेता प्रतिपक्ष के पत्र पर पलटवार करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को अपनी परपंराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। चूंकि नेता प्रतिपक्ष को नेता प्रतिपक्ष का ही बंगला मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें मांगना ही था तो कमलनाथ व दिग्विजय सिंह का बंगला मांगना चाहिए था। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि लगता है कि सिंघार के दिल व मन में भाजपा की रीति व नीति रच बस गई है। इसीलिए, वे भाजपा के प्रति आकर्षित हो रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### लखनऊ से सपा के उम्मीदवार का ऐलान



**लखनऊ।** समाजवादी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ लोकसभा सीट से रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे पहले समाजवादी पार्टी ने लखनऊ के नेताओं की बैठक बुलाई। जिसमें लखनऊ के बूथ स्तर से लेकर के जिला स्तर तक के सभी नेता मौजूद थे। इसी में मेहरोत्रा के नाम पर सहमति बनी। अखिलेश यादव ने कहा कि रविदास मेहरोत्रा सबसे संघर्षशील नेता हैं। मेहरोत्रा कई बार जेल जा चुके हैं।

#### इंडिया गठबंधन को दो बड़े झटके



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा के खिलाफ खड़े हुए आईएनडीआईए को बड़ा झटका देते हुए ऐलान किया है कि बंगाल की सभी लोकसभा सीटों पर टीएमसी अपने उम्मीदवार उतारेगी। पहले कांग्रेस 10-12 सीटें देने का प्रस्ताव दे रही थीं। जिसे ममता ने ठुकरा दिया। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी आप के अकेले लड़ने का ऐलान किया है।

## धरती के 'स्वर्ग' पर गणतंत्र का जश्न



#### महिला पुलिस कर्मियों ने की परेड

**श्रीनगर।** कश्मीर के हालातों में काफी सुधार हुआ है। यहां शांति और खुशहाली बढ़ती जा रही है। पर्यटन से लोगों को रोजगार भी मिला है और फिल्मों की शूटिंग भी होने लगी है। ये सब धारा 370 हटने के बाद संभव हो पाया है। खुशहाली के माहौल में श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल की गई । इस दौरान जम्मू-कश्मीर की महिला पुलिसकर्मियों ने परेड की।






### जीटी रोड की चढ़ाई पर हादसा

## ड्राइवर के अचानक ब्रेक लगाने से ममता के सिर में लगी चोट

रुमाल बांध कोलकाता के लिए हुईं रवाना




एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी बुधवार को बाल-बाल बच गईं। बेनर्जी कार हादसे का शिकार होते-होते बच गईं। हालांकि, वह चोटिल जरूर हुई हैं। उनके सिर पर मामूली चोट लगी है। बकौल रिपोर्ट दूसरे वाहन की जद में आने से रोकने के लिए कार को अचानक रोका गया। इस वजह से ममता बेनर्जी चोटिल हो गई हैं। बुधवार को पूर्वी बर्द्धमान के गोदार मैदान में ममता ने प्रशासनिक बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री कोलकाता लौटने के लिए कार में बैठ गईं। सभा स्थल से जीटी रोड पर चढ़ते समय रास्ते में चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। उस झटके में मुख्यमंत्री के माथे पर चोट लग गई। हालांकि, ममता बिना गाड़ी रोके सीधे कोलकाता के लिए रवाना हो गईं। घायल होने के बाद ⏩ शेष पेज 4 पर




## नेशनल टूरिज्म-डे स्पेशल



# चंदेरी का किला, मंदसौर का गांधी सागर बांध व अभयारण्य पर्यटकों की खास पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कई पर्यटन स्थल हैं, जो दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। इसमें से कई ऐसे टूरिस्ट स्पॉट भी हैं, जो विश्व पर्यटन स्थल में विशेष स्थान रखते हैं और यूनेस्को में शामिल हैं। प्रागैतिहासिक गुफाओं, तीर्थ स्थलों और अभयारण्यों से रचे बसे मप्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जो आने वाले समय में प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्रदान करेंगी। गुरुवार को नेशनल टूरिज्म डे होने पर हरिभूमि ने ऐसे टयूरिस्ट स्पॉट चुने, जिन्हें हाल ही में पर्यटन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्रदान करने के लिए सजाया और संवारा है।



**चंदेरी किला खंडगिरि मंदिर कौशक महल दर्शनीय स्थल**

चंदेरी शहर भारत के मध्य प्रदेश राज्य में अशोकनगर जिले में बुंदेलखंड और मालवा की सीमा पर स्थित है। चंदेरी शहर के पर्यटन स्थलों में कई आकर्षण स्थान शामिल है। जैसे आकर्षक पहाड़ियां, मंत्र मुग्ध कर देने वाली झीलें और हरे-भरे घने जंगल से घिरा हुए खूबसूरत दर्शनीय स्थल है। चंदेरी में मुख्य रूप से दर्शनीय स्थल में भीमसेन गुफा (भियादंत), चंदेरी का किला, खंडगिरि मंदिर, जामा मस्जिद, बादल महल, कौशक महल, जगेश्वरी मंदिर के साथ रानी महल और चौबीसी जैन मंदिर प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल हैं।

### जल महोत्सव के रूप में ख्याति प्राप्त हनुवंतिया टापू

हनुवंतिया टापू मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित बेहद खूबसूरत जगह है। यह द्वीप खंडवा के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है जो अपने खुबसूरत दृश्यों और वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए फेमस है।

### मंदसौर के गांधी सागर बांध के साथ अभयारण्य बना आकर्षण

मंदसौर में चंबल नदी पर बना गांधी सागर बांध और इसके आस पास की हरियाली भी पर्यटन के लिए खास है। पारंपरिक औजारों से ही इसे बनाया गया। इसके साथ ही मंदसौर में गांधी सागर अभयारण्य भी विशेष पर्यटक स्थल है।

**राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर आयोजन**

## एमपी टूरिज्म का फूड एवं क्राफ्ट मेला आज

**भोपाल।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड गुरुवार को दोपहर 3 बजे से सैर-सपाटा पर फूड एवं क्राफ्ट मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन के प्रारंभ होने के उपरान्त दो वर्ष पूर्ण होने की स्थिति में प्रदेश के 6 सांस्कृतिक क्षेत्रों में विभिन्न महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित युवतियों द्वारा स्थानीय व्यंजनों के तथा ऑर्ट एण्ड क्राफ्ट के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें बुन्देलखण्ड, बघेलखण्ड, महाकौशल, चम्बल, निमाड़ एवं मालवा क्षेत्र के व्यंजनों का लुत्फ ले सकते हैं। आर्ट एंड क्राफ्ट स्टॉल्स पर प्रदेश के हस्तशिल्प उत्पाद भी क्रय कर सकते हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित संकल्प सुरक्षित पर्यटन अभियान अंतर्गत शुभंकर एवं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के विजयी को पुरस्कार दिए जाएंगे।

**करीब एक माह में तैयार लोकरंग का भव्य मंच, साथ ही परिसर में लगेंगे जनजातीय शिल्प, देशज व्यंजनों के 300 स्टॉल**

# रैदास की जीवन गाथा को दर्शाने काशी और गंगा घाट के साथ मंदिरों की चित्रकारी से सजा लोकरंग का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति विभाग की ओर से लोकरंग उत्सव 26 से 30 जनवरी तक रवींद्र भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए विगत एक माह से रविंद्र भवन परिसर भव्य लोकरंग मंच की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

लोकरंग के विभागीय अधिकारी अशोक मिश्रा ने बताया कि इस बार लोकरंग की थीम 13वीं सदी के कवि संत रैदास की वाणी और उनके जीवन दर्शन को रेखांकित करती हुई होगी, इसलिए मंच की साजो सज्जा भी संत रैदास के जीवन दर्शन को दर्शाती हुई प्रस्तुत होगी। जिसमें मुख्य रूप से रैदास की जीवन गाथा को दर्शाने मंच पर काशी व गंगाघाटों के प्रस्तुतिकरण के साथ ही मंदिरों व नक्काशीदार इमारतों की चित्रकारी से लोकरंग का मंच सजाया गया है। साथ ही मालवी लोक नृत्य, कथक नृत्य और कुछ प्रयोगात्मक गतिविधियों का उपयोग भी दर्शकों के लिए किया गया है।

## रवींद्र भवन में 26 से 30 जनवरी तक लोकरंग का आयोजन



परिसर में लोकरंग में देने वाली अपनी प्रस्तुति की रिहर्सल करते कलाकार।

**गोविंद नामदेव होंगे कथावाचक, रामचंद्र सिंह निभाएंगे रैदास की भूमिका**

मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय इस लोकरंग महोत्सव में संत रैदास की वाणी और उनके जीवन दर्शन को रेखांकित करती नृत्य नाटिका उत्सव का मुख्य आकर्षण होगी। जिसकी प्रस्तुति 26 जनवरी की शाम को होगी। इसमें मुंबई के फिल्म और थिएटर अभिनेता गोविंद नामदेव कथावाचक (सूत्राधार) होंगे, जबकि राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता थिएटर अभिनेता रामचंद्र सिंह नृत्य नाटिका में संत रैदास की भूमिका निभाएंगे। संगीत निर्देशक कोलकाता के सुमन साहा और जमशेदपुर (झारखंड) के कृष्णा राय द्वारा निर्देशित संत द्वारा लिखे गए लगभग 18 दुर्लभ गीत 70 मिनट के शो का हिस्सा होंगे।

### झुग्गी बस्तियों से लगभग 30 लोग निभाएंगे भूमिका

प्रस्तुति में रैदास के शिष्यों और पड़ोसियों की भूमिका निभाने के लिए शहर की झुग्गी बस्तियों से लगभग 30 लोगों को लिया गया है। शो की रहर्सल जनजातीय संग्रहालय में चल रही है। निर्देशक सुमन साहा ने कहा कि संत के सादा जीवन और उच्च विचार के आदर्श को ध्यान में रखते हुए, साज-सामान, वेशभूषा, प्रकाश व्यवस्था और संगीत सरल होगा।

**जनजातीय विशेषता दर्शाते 300 स्टॉल होंगे खास**

शिल्प मेले में हाथकरघा और हस्तशिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन करने वाले लगभग 300 स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें घुमंतू समुदाय में नट, जोगी, गड़िया, लोहार जनजातियों के पारंपरिक घर व चीजों को दिखाया जाएगा।

**लोकप्रिय कवि अरुण जैमिनी की कविताओं से महक उठेगी भोपाल की फिजा**

## राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज



**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्रतिष्ठित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी को अंजनी सभागार, रवीन्द्र भवन में किया जावेगा। इस अवसर पर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण भी प्रदान किया जावेगा। यह आयोजन सायं 6:30 बजे से होगा। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान वर्ष 2022 गुरु सक्सेना (सांड नरसिंहपुरी) को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में इस वर्ष अरुण जैमिनी—दिल्ली, सरिता शर्मा—दिल्ली, दीपिका माही—उदयपुर, सुमित मिश्रा—ओरछा, संदीप शर्मा—धार एवं तेजनारायण शर्मा—ग्वालियर राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत कविताएं प्रस्तुत करेंगे।




भोपाल
गुरुवार, 25 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष–पूर्णिमा
वर्ष : 10, अंक : 309
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 08

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

13 भारत 12 साल से अजेय, स्पिन...


विचार पेज
06 सांस्कृतिक पुनर्जागरण के ध्वजवाहक मोदी




## अंतरिम बजट में हो सकती है 'बड़ी घोषणा'

# पुरानी पेंशन भूल जाइए, एनपीएस में केंद्र सरकार करेगी बड़ा बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

1 फरवरी 2024 को देश का नया बजट पेश होगा। इस बार अंतरिम बजट है यानी चुनाव से पहले आने वाला बजट। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाने वाला यह छठा बजट होगा।

सरकार इस बजट में नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) को और आकर्षक बनाने से जुड़ी बड़ी घोषणा कर सकती है। 75 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों के योगदान और निकासी पर टैक्स रियायतें बढ़ाने का ऐलान होने की उम्मीद है। पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए ने ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय से कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे योगदान के लिए टैक्सेशन के मोर्चे पर समानता की बात कही है। और इस बारे में आने वाले अंतरिम बजट में कुछ घोषणाएं होने की उम्मीद है। बता दें कि फिलहाल कर्मचारियों के कॉर्पस यानी कोष निर्माण में कर्मचारियों के योगदान में असमानता है। इसमें कॉर्पोरेट द्वारा बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत तक योगदान को टैक्स में छूट दी गई है जबकि ईपीएफओ के मामले में यह दर 12 प्रतिशत है।

*केंद्र सरकार ने पिछले साल वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी। इस कमेटी को पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने और बेहतर करने के सुझाव देने के लिए बनाया गया था। इस कमेटी की रिपोर्ट आना बाकी है।*

**एनपीएस पहले से ज्यादा आर्कषक होगी**



### अपेक्षा : एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री हो

*बजट अपेक्षाओं के मुताबिक, बता दें कि एनपीएस के जरिए लॉन्ग-टर्म सेविंग्स को बढ़ावा देने और 75 साल से ज्यादा के सीनियर सिटीजन का टैक्स बोझ कम करने के लिए 75 साल से ज्यादा के नागरिकों के लिए एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री होना चाहिए। गौर करने वाली बात है कि सरकार ने पिछले साल (2023) में फाइनेंस सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की। इस कमेटी को पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने और बेहतर करने के सुझाव देने के लिए बनाया गया था। अभी तक इस कमेटी की रिपोर्ट आना बाकी है।*

## खबर संक्षेप

### संजय सिंह के करीबी सर्वेश को जमानत




**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति में कथित घोटाले मामले में आरोपी सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दे दी। आबकारी मामले की सुनवाई कर रहे राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल ने एक लाख रुपए की जमानत बांड भरने पर सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी है।

### आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ प्रदर्शन



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला रियासी, राजोरी और किश्तवाड़ में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की। तीनों जिलों की पुलिस ने अलग-अलग थानों में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा सोशल मीडिया पर कानून का उल्लंघन न करें।

### मुंबई में आग से केमिकल ड्रम्स में हुए धमाके



**मुंबई।** मुंबई के राम मंदिर इलाके में भीषण आग लगने की खबर है। इमारत के पास रखे केमिकल ड्रम्स में लगातार ब्लास्ट हो रहे हैं। घटना के बाद अफरातफरी मच गई है। आग लगने के बाद यातायात को रोका गया है और दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना हो गई हैं। इससे पहले मुंबई के गोरेगांव इलाके में भी आग लगी थी।

## पीएम मोदी ने एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स से मुलाकात की और संवाद किया, कहा

# आपकी जनरेशन जेन- जेड, पर मैं आपको अमृत पीढ़ी ही कहूंगा

जनरेशन जेड (जेन-जेड), बोलचाल की भाषा में ज़ूमर्स के रूप में जाना जाता है, यह मिलेनियल्स और पूर्ववर्ती पीढ़ी अल्फा के बाद का जनसांख्यिकीय समूह है। जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है।



*पीएम ने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है। पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है।*

**युवाओं को कर्पूरी ठाकुर के बारे में पढ़ना चाहिए। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है।

पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कैडेट्स से कहा कि आपकी जनरेशन को (जेन जेड) कहा जाता है, लेकिन मैं आपको अमृत पीढ़ी कहूंगा। आप देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बता दें कि जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है। पीएम ने आगे कहा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीएम ने दिए सक्सेस मंत्र

- ऐतिहासिक सफलताएं मानवता के विकास की सीढ़ियां बनती हैं
- उस क्षेत्र में आगे बढ़ें, जिसमें रुचि हो
- लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लोगों को साथ लेना होगा
- आपको टीम स्पिरिट से काम करना होगा
- गोल्स को देश से जोड़कर देखेंगे तो दायरा बढ़ जाएगा



### जो करना है वो देश के लिए करना है

मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आपने यहां पर जो सांस्कृतिक प्रस्तुति दी उसे देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है। आप गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं हमारा संकल्प है कि अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो, आपके सामने अवसरों की भरमार हो, अमृत पीढ़ी के रास्ते की हर बाधा दूर हो। अमृतकाल की इस यात्रा में आप मेरी एक बात हमेशा याद रखिएगा कि जो करना है वो देश के लिए करना है।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से सीखें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कर्पूरी ठाकुर जी के बारे में जानना, उनके जीवन से सीखना बहुत जरूरी है। वे अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता की चुनौतियों का सामना करते हुए उच्च पद तक पहुंचे। वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने समाज के लिए काम करना और अपने विनम्र स्वभाव को कभी नहीं छोड़ा।

## 3000 प्रतिभागी पीएम के साथ बातचीत करेंगे

# रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन 29 को मंडपम में छात्रों से 'रूबरू' होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**एकलव्य से पहली बार 100 छात्र हिस्सा लेंगे**




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हर साल की तरह इस बार भी पीएम मोदी परीक्षा से पहले छात्रों के साथ संवाद करेंगे। 'परीक्षा पे चर्चा-2024' का कार्यक्रम 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

वहीं, इस बार पीएम मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 ▸▸ शेष पेज 4 पर


### इससे पहले हुई देश भर में पेंटिंग प्रतियोगिता

प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक अनूठी पहल 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस) ▸▸ शेष पेज 4 पर

## डीजीसीए ने की कार्रवाई

# नियमों का उल्लंघन, एयर इंडिया पर ठोका 1.10 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों में अनियमितता की कई घटनाओं के बीच सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। रेग्यूलेटरी बॉडी को एयरलाइन्स के एक कर्मचारी द्वारा कुछ मार्गों पर सुरक्षा उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए एक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। डीजीसीए ने कहा, एक एयरलाइन ▸▸ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने की सिफारिश

# पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों पर अब नहीं लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



चिकित्सा छात्र पढ़ाई के बीच में ही अपनी सीट छोड़ सकते हैं। इसके लिए उन्हें जुर्माना भी नहीं देना होगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक दबाव कम करने के लिए सीट छोड़ने पर जुर्माने की व्यवस्था (सीट बॉन्ड) खत्म करने की सिफारिश की है। राज्यों को पत्र में लिखा, मेडिकल कॉलेजों में सीट के बदले बॉन्ड नीति को खत्म किया जाए। आयोग ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

## तब राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद थीं

# एसडीएम ने महिला से पहनवाया जूता सफाईः पैर में चोट, झुका नहीं जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**सवाल ये कि महिला से ही क्यों फीते बंधवाए? इस पर एसडीएम चुप | एसडीएम पर कार्रवाई होना तय**



सिंगरौली से एक तस्वीर सामने आई है। सिंगरौली में एसडीएम असवन राम चिरावन को जूते पहनाती हुई एक महिला कर्मचारी की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। मामला 22 जनवरी का बताया जा रहा है। जब भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण चल रहा था, उसी वक्त महिला से एसडीएम ने जूते पहने। माना जा रहा है कि जल्द ही एसडीएम की करतूत पर एसडीएम पर सरकार एक्शन ले सकती है। एसडीएम असवन राम चिरावन ▸▸ शेष पेज 4 पर

## दिल्ली पुलिस ने पेश की सीलबंद रिपोर्ट

# रेप पीड़िता की पहचान उजागर की राहुल के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि उन्होंने 2021 का एक विवादास्पद पोस्ट डिलीट कर दिया है, जिसमें कथित तौर पर 9 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर किया गया था। यह खुलासा गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई के दौरान किया गया। दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राहुल गांधी ▸▸ शेष पेज 4 पर

**बाद में राहुल ने इस पोस्ट को हटा लिया**



असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिनके खिलाफ हिंसा भड़काने का मामला दर्ज है।

## राजधानी की रात सीजन में दूसरी बार सबसे ठंडी

# प्रदेश में सीजन की सबसे सर्द रात, बिजावर में दशमलव 7 डिग्री पारा

**आधे प्रदेश में तेज सर्दी, धूप खिलने से कई जिलों में दिन-रात के तापमान में 2 से 6 डिग्री तक की घट-बढ़ जारी**

**26 जनवरी के बाद छाएंगे हल्के बादल, बढ़ेगा रात का पारा, अभी बादल छंटने से ज्यादातर जिलों में रात के तापमान में गिरावट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के आधे से अधिक जिलों में दिन के तापमान में मामूली बढ़त और रात के तापमान में कमी रही। छतरपुर के ऑटोमेटिक रेन गेज में सीजन में पहली बार बिजावर में रात का पारा दशमलव 7 डिग्री रहा, जहां ओस की बूंदें जम गईं। यह सीजन का प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम पारा है। मौसम केंद्र की ऑब्जर्वेटरी में सबसे कम रात का पारा सतना में 3.4 डिग्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सबसे कम रात का पारा सतना में 3.4 डिग्री रहा




**अब आगे क्या?**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी जहां बादल छंटे हैं और धूप खिली है, उन जिलों में दिन के तापमान में वृद्धि रही, जबकि रात का पारा गिरा है। यह सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश में हवाएं बदलने के साथ ही बादल छाएंगे, जिससे दिन का पारा कुछ गिरेगा। रात के तापमान में बढ़त होगी।

### कहां कितना गिरा दिन और रात का पारा

टीकमगढ़ और नौगांव में सर्वाधिक दिन का पारा 4 से 5 डिग्री तक बढ़ा। तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट छिंदवाड़ा, जबलपुर, नर्मदापुरम और सतना जिलों में 3 से 5 डिग्री तक रही। शेष हिस्से में औसतन दो डिग्री तक गिरा है। भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में रात का पारा गिरा। पश्चिमी मप्र में रात का पारा 9 डिग्री के नीचे रहा, जबकि पूर्वी में 13 डिग्री तक दर्ज हुआ है।


अमृत काल
में सुशासन
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
मध्यप्रदेश सिविल सेवा परीक्षा 2019 एवं 2020 में
नवचयनित 559 अधिकारियों को
नियुक्ति पत्र वितरण
एवं
संवाद कार्यक्रम
25 जनवरी, 2024 - पूर्वाह्न 11:00 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल
"आप सभी की सफलता मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह सफलता आपके ज्ञान, प्रतिभा, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति आपके संकल्प का सुखद परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप आगे भी अपनी सेवाओं के माध्यम से देश और समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे। बधाइयाँ !"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024
D-11179/23

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 जनवरी 2024




भोपाल। जगह-जगह बिखरे प्राकृतिक सौंदर्य और झीलों के कारण यूं तो प्रदेश की राजधानी देश के खूबसूरत शहरों में शुमार है,लेकिन इसकी खूबसूरती को और भी नजदीक से देखनी हो तो शहर के बाहर निकलिए, इसका प्राकृतिक सौंदर्य अवश्य ही मन को मोह लेगा। यह दृश्य है शाम करीब 5.30 बजे का जब संत हिरदाराम नगर के कुछ आगे का, जहां बड़ी झील का पानी सड़क से लगता है। साथ ही हल्की-हल्की सर्दी में इसकी सतह से उड़ते कोहरे और इसके बीच पक्षी जब यहां दूर तक पसरी जलराशि पर कलरव करते हुए नजर आते तो यह दृश्य दिल के काफी भीतर तक उतर जाता है और काफी सुकून देता है। फोटो: जसप्रीत सिंह

# दो जिस्म और एक दिल, एम्स में अलग होने सागर से आए एक हार्ट के जुड़े हुए बच्चे

## दो लाख में एक मामला होता है ऐसा, दुनिया में आज तक नहीं हुई ऐसी सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो जिस्म और एक दिल.. महज एक दिन पहले सागर में जन्मे बच्चे अलग होने की उम्मीद में एम्स पहुंचे हैं। यह बहुत ही विरला मामला है। डॉक्टरों का कहना है कि दो लाख में कोई एक ऐसा मामला आता है।

एम्स की पूरी टीम इन मासूमों को अलग-अलग कर नई जिंदगी देने में लगी हुई है। समस्या सिर्फ दो जिस्म में धड़क रहे एक दिल की है। दो जिस्म अलग होंगे तो दो दिल होना जरूरी है। डॉक्टरों के सामने बड़ी चुनौती है। अब एम्स के चिकित्सक अपनी तमाम मेडिकल साइंस की किताबों और उदाहरणों को खंगाल रहे हैं। ताकि कहीं कोई विधि ऐसी मिले, जिससे यह मासूम जिंदगियां मुस्कुराते हुए जीवन के सफर पर निकल सकें।

**खास बात**

- इलाज इतना कठिन कि आज तक कभी एक दिल से जुड़े हुए बच्चों को अलग अलग नहीं किया जा सका



**रिपोर्ट के बाद होगी इलाज की प्लानिंग**

एम्स के डॉक्टरों के अनुसार सबसे पहले बच्चे की हर एक जरूरी जांच करना जरूरी है, जिससे पूरी स्थिति का अंदाजा लगाया जा सके। इसके बाद कार्डियोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिक विशेषज्ञ समेत हर जरूरी डॉक्टर से इस पर चर्चा कर रास्ता खोजा जाएगा। जरूरत होगी तो देश के बड़े से बड़े डॉक्टरों की मदद भी ली जाएगी।

**बेहद कठिन है इलाज**

इसका इलाज इतना कठिन है कि आज तक पूरी दुनिया में ऐसे मामले में एक भी सफल ऑपरेशन नहीं हुआ है। हालांकि एम्स भोपाल के डॉक्टरों का कहना है कि वे अभी हार नहीं माने हैं। अभी बच्चे एक ही दिन के हैं। बुधवार को ही अस्पताल में सागर जिले से रैफर होकर आए हैं। अभी कई जांच बाकी हैं।

### 24 घंटे पूरे होने से अभी बाकी है उम्मीद

इस तरह से जुड़े हुए बच्चों को मेडिकल साइंस में थेरेकोपेग्स कहा जाता है। ऐसे ज्यादातर मामलों में आधे मृत पैदा होते हैं। वहीं एक तिहाई की 24 घंटों के भीतर मौत हो जाती है। लेकिन एम्स में आए इन बच्चों को 24 घंटे से अधिक बीत गए हैं। इसके बाद कई मामलों में ऐसे पीड़ित सालों तक जीवित रहते हैं। यह सभी बच्चों के दिल की क्षमता पर निर्भर करता है। यदि बच्चे का दिल दोनों शरीर का लोड उठा सकता है तो यह बच्चा बिना सर्जरी के भी जीवित रह सकता है।

अभी बच्चों की कई जांच बाकी हैं। हमारा प्रयास है कि एक बार सभी रिपोर्ट को एनालाइज करें और फिर जो बेहतर हो उस विकल्प को चुनें। एम्स में जुड़े हुए बच्चों को अलग अलग करने के लिए हर सुविधा मौजूद है। यहां समस्या यह है कि बच्चों में दिल एक है। वहीं लिवर व अन्य अंग जुड़े होने पर कई सफल सर्जरी हुई हैं।

**डॉ. प्रमोद शर्मा**, एडीशनल प्रोफेसर, पिडियाट्रिक सर्जरी, एम्स

### क्या है थेरोकोपेगस?

थेरोकोपेगस एक ऐसी घटना है, जिसमें संयुक्त जुड़वां बच्चों में से 40 फीसदी छाती से जुड़े होते हैं। इन जुड़वां बच्चों में हमेशा एक हृदय होता है।

### कैसे होती है यह घटना?

संयुक्त जुड़वां बच्चों के मामले में दो भ्रूण का एक साथ विकास होता है। विकास के बाहरवें दिन बाद यदि यह दो भ्रूण अलग नहीं होते हैं तो फिर जुड़े हुए बच्चों का ही जन्म होता है।

## पिछले साल 730 लोकेशन पर हुई थी हायर रेट में रजिस्ट्री

# रियल एस्टेट में 20 फीसदी बूम, 860 लोकेशन पर हुई हायर रेट में रजिस्ट्री

### इंदौर और रायसेन रोड पर बढ़ रहा प्रॉपर्टी का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रियल एस्टेट कारोबार में लगातार उछाल आ रहा है। पंजीयन विभाग ने इस बार 860 लोकेशन पर हायर रेट रजिस्ट्रियों का डेटा निकाला है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 730 था, जिससे कारोबार में 20 फीसदी तक बूम आया है। भोपाल-इंदौर रोड और रायसेन रोड पर अच्छी रजिस्ट्री हुई हैं।

शहर में नई सड़कें बनने और सर्विस रोड निर्माण से तीन हजार से ज्यादा नई प्रॉपर्टी, प्लॉट, आवासीय प्रोजेक्ट डेवलप हुए हैं। बैरागढ़ में बन रहे एलिवेटिड कॉरीडोर से यहां आस-पास रजिस्ट्री की संख्या बढ़ी है। इस आधार पर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही उप जिला मूल्यांकन की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा।



### नीलबड़, अयोध्या बायपास में बने नए कमर्शियल स्पॉट

इस बार शहर में नए कमर्शियल बाजार भी डेवलप हुए हैं। नर्मदापुरम, कोलार रोड, बावड़िया कला, नीलबड़, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, बैरसिया रोड पर नया आवासीय और कमर्शियल बाजार तैयार हुआ है। नर्मदापुरम रोड पर नया आइएसबीटी बस स्टैंड बन रहा है, इसके आस-पास नया कमर्शियल जोन बना है। भोपाल रोड, लांबाखेड़ा क्षेत्र में कई नई कॉलोनी कटी हैं, ऐसी ही स्थिति नीलबड़, रातीबड़, अयोध्या बायपास रोड पर है। इसका असर नई कलेक्टर गाइडलाइन पर पड़ेगा।

### लोकसभा चुनाव से होगी गाइडलाइन में देरी

इस बार मार्च के पहले सप्ताह में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी। इसका असर नई कलेक्टर गाइडलाइन पर पड़ेगा, पंजीयन विभाग के अफसरों की मानें तो आचार संहिता हटने के बाद नई कलेक्टर गाइडलाइन संपदा टू के गूगल एप पर आएगी।

| वर्ष | रजिस्ट्री से राजस्व |
|---|---|
| 2018-19 | 661.44 करोड़ |
| 2019-20 | 688.80 करोड़ |
| 2020-21 | 806.24 करोड़ |
| 2021-22 | 960.24 करोड़ |
| 2022-23 | 1158.49 करोड़ |
| 2023-24 | 900 करोड़ से ज्यादा, 15 जनवरी 2024 तक |

# गणतंत्र दिवस: लाल परेड का बदला रहेगा ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को लाल परेड मैदान पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक आवश्यकतानुसार यातायात परिवर्तित रहेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों, आगंतुकों के लिए प्रवेश और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

- सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक बदला रहेगा यातायात

### आगंतुकों के प्रवेश और पार्किंग की खास व्यवस्था

- लाल पासधारी व्यक्ति सत्कार द्वार से प्रवेश करेंगे और सांस्कृतिक मंच के सामने वाहन पार्क करेंगे।
- पीले पासधारी वप्रबंध द्वार (गेट नंबर 6) से प्रवेश करेंगे और बैंड स्कूल के सामने वाहनों को पार्क करेंगे।
- हरा पासधारी व्यक्ति प्रबंध द्वार (गेट नंबर 6) से प्रवेश करेंगे, मोतीलाल स्टेडियम में वाहन पार्क करेंगे।
- नीले पासधारी व्यक्ति विजय द्वार (गेट नंबर 3) से प्रवेश कर हॉर्स राइडिंग मैदान पर वाहनों को पार्क करेंगे।
- आमजन गेट नंबर 3 पुलिस पेट्रोल पंप एवं गेट नंबर 4 से प्रवेश करेंगे और वाहन एमवीएम कॉलेज में पार्क करेंगे। वहीं गेट नंबर 5 से प्रवेश करने वाले आमजन अपने वाहन क्षिप्रा भवन के पास पार्क करेंगे।

### यह रहेगा वाहनों का रूट

- रोशनपुरा चौराहे से भारत टाकीज जाने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन बाणगंगा, मछलीघर, खटलापुरा, लिली टॉकीज होते हुए भारत टाकीज की तरफ आना-जाना करेंगे। टीटी नगर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जाने वाली बसें बोर्ड ऑफिस, बीएसएनएल, सुभाष नगर, प्रभात चौराहा भारत टॉकीज से आना-जाना करेंगे।
- प्रातः 07:30 बजे से कोई भी वाहन पुलिस मुख्यालय तथा कंट्रोल रूम तिराहे के बीच प्रवेश नहीं कर सकेंगे। पुराने एसपी ऑफिस कार्यालय तिराहे और शब्बन चौराहे के बीच पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

**रोड टेस्टिंग करते रहे श्रमिक**

### बीआरटीएस को हटाने ट्रैफिक डायवर्सन प्लान अगले हफ्ते

राजधानी में बीआरटीएस हटाने का काम भले ही 20 जनवरी से शुरू हो गया हो, लेकिन तीन दिन बाद फिर काम की गति धीमी हो गई। क्योंकि ट्रैफिक डायर्सन का प्लान अभी तक नहीं मिला और पीडब्ल्यूडी व नगर निगम अपने स्तर पर ट्रैफिक रोक नहीं सकते। यही कारण है कि पीडब्ल्यूडी ने जाली हटाने के साथ ही एलिवेटेड रोड बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। बैरागढ़ के हलालपुर से अभी तक करीब 500 मीटर कॉरीडोर की जाली हटाने के साथ ही पूरे कॉरीडोर में सड़क के नीचे की मिट्टी और चट्टान की जांच ड्रिलिंग से की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी पदम शुक्ला के अनुसार गणतंत्र दिवस और निपट जाए, उसके बाद ट्रैफिक डायवर्सन प्लान को जारी कर दिया जाएगा।

## बार-बार सैंपल फेल होने वालों पर होगी सख्ती

# मिलावटी दुकानदारों पर रहेगी नजर, लाइसेंस होगा सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के साथ सख्ती की जाएगी। जिन दुकानदारों के बार-बार सैंपल फेल हो रहे है, उन पर नजर रखी जाएगी। अगर बार बार संपल फेल होते हैं, तो इन दुकानदारों का लाइसेंस सस्पेंड किया जाएगा। दरअसल पिछले डेढ़ साल से सैंपलिंग की कार्रवाई बंद है, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

राजधानी में राजश्री पान मसाले के सैंपल सबसे अधिक फेल हुए हैं। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा अधिकारी इसके सैंपल लेने से बचते हैं। लंबे समय से इसकी जांच ही नहीं की गई। इसके साथ ही रजनीगंधा के सैंपल भी दो बार फेल हो चुके हैं। लेकिन इससे भी अफसरों ने दूरी बना रखी है। इधर शहर में आए दिन मावा-पनीर के मिलावटी होने पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन यह कार्रवाई सिर्फ तब होती है जब पुलिस या क्राइम ब्रांच कार्रवाई करता है। यह मावा और पनीर कभी दुकानों से पहले ही नष्ट करा दिया जाता है। बावजूद इसके दुकानों के मावे के सैंपल न के बराबर होते हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे का कहना है कि ऐसे खाद्य व्यापारी जिनके सैंपल बार-बार फेल होते हैं। उनकी सूची तैयार की जा रही है। इन पर विशेष नजर रखी जाएगी।

## 5 साल तक के बच्चों की होगी जांच

# 3 लाख बच्चों की हेल्थ जांचेंगे कर्मचारी, घर-घर देंगे दस्तक



भोपाल। निमोनिया और कुपोषित बच्चों की पहचान, बच्चों में डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर से एनीमिया की स्क्रीनिंग, विटामिन ए की खुराक का सेवन, जन्मजात विकृतियों की पहचान, एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग और टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करने के लिए 30 जनवरी से 28 फरवरी तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने स्वास्थ्य अमले को अभियान चलाने की बात कही।

# बाघिन टी-40 की सेहत में हुआ थोड़ा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कान्हा टाइगर रिजर्व से भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में आई बाघिन-40 की सेहत में थोड़ा सुधार हुआ था। उसका क्रियेटिनीन लेवल काफी कम हुआ है और उसने अपना नियमित भोजन लेना भी प्रारंभ कर दिया है।डायरेक्टर पद्मप्रिया बालकृष्णन ने बताया बाघिन की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है।

◆ क्रियेटिनीन लेवल कम होने पर शुरू किया नियमित भोजन



### हर 8वें दिन ब्लड सैंपल

बाघिन का वन्यप्राणी चिकित्सक वन विहार डॉ. अतुल गुप्ता इलाज कर रहे हैं। बाघिन को लेकर राज्य वन्यप्राणी फॉरेंसिक हेल्थ जबलपुर की सहायक प्राध्यापक डॉ. काजल जाधव एवं मुकुंदपुर जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर से भी परामर्श लिया गया। बाघिन को लगातार फ्लूड थैरेपी दी गई एवं आवश्यक उपचार किया गया। हर आठवें दिन बाघिन का ब्लड सैंपल लिया जा रहा है।

## शहर की सभी रहवासी समितियों को दी आवारा कुत्तों से बचने की जानकारी

# राजधानी में दूसरे बच्चे की मौत से हरकत में आए निगम के वेटरनरी डॉक्टर

### वेटरनरी डॉक्टरों के अनुसार-आवारा कुत्ते भूख व मौसम में बदलाव को लेकर हो गए हैं खूंखार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से एक और बच्चे की मौत के बाद लोगों को खासतौर पर बच्चों को काटने की लगातार बढ़ रहीं घटनाओं को लेकर बुधवार को वैटनरी डॉक्टर हरकत में आ गए। नगर निगम ने शहर की रहवासी समितियों के लिए बुधवार को एक प्रजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया‌ए जिसमें वैटनरी डॉक्टरों ने आवारा कुत्तों से बचने की सलाह दी। इस मौके पर शहर की कई प्रमुख रहवासी समितियों के लोग मौजूद थे।

वैटनरी डॉक्टर एसके श्रीवास्तव ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि मौसम में बदलाव और भूख के कारण आवारा कुत्ते खौफनाक हो रहे हैं। इनसे बचने का एक मात्र उपाए है कि पैट लवर्स अपने क्षेत्र के आवारा कुत्तों को गोद लें। शासन ने भी इसी तरह की एडवाइजरी की है। सबसे ज्यादा जरूरी है कि बच्चों को इनसे दूर रखा जाए। क्योंकि यह मौसम ब्रीडिंग सीजन भी होता है।

बच्चों को इस समय आवारा कुत्तों से खासतौर पर उन कुत्तों से दूर रखने को कहा गया, जिन्होंने बच्चे दिए हैं



### पिछले हफ्ते जारी की थी एडवाइजरी

पिछले दिनों जिला प्रशासन द्वारा निगम के सहयोग से एडवाइजरी जारी की गई थी। यह एडवाइजरी रहवासी समितियों व शहर के अन्य लोगों के लिए थी। इस एडवाइजरी की खास बिंदुओं के अनुसार बच्चों को समझाइश दें कि आवारा श्वानों से समुचित दूरी बनाकर चलें। साथ ही ऐसी फीमेल जिसके पास उसके बच्चे हो, उससे भी दूरी बनाकर रहें। अन्यथा असुरक्षित महसूस करने व अपने बच्चों को बचाने के चक्कर में वह काट सकती है। उन पर पत्थर और लात न मारें। तीव्र ध्वनि के पटाखे से भी वो भौंकते हैं।

### बीच रास्ते में न रखें खाना

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि कुत्तों का भोजन सड़क या बीच रास्ते में न रखें। इसके लिए स्थान तय करें और इससे बच्चों की दूरी बनाए रखें। नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ कर एबीसी सेंटर भेजा जा रहा है। इनका इलाज भी किया जा रहा है। जल्दी ही इनकी आबादी पर कंट्रोल किया जा रहा है।

**रहवासी समितियां यह बोलीं-**

नगर निगम द्वारा एडवाइजरी की जानकारी दी गई, लेकिन यह बाते पहले से ही लोगों को मालूम है। फिर भी प्रेजेंटेशन देना भी जरूरी था।
**गणेश राम नागर**, अवधपुरी

आवारा कुत्तों के द्वारा लोगों को काटने की लगातार बढ़ रही घटनाओं के लेकर निगम ने एक अच्छी जानकारी दी है। लोगों को शासन की एडवाइजरी के अनुसार चलना चाहिए।
**विमल साहू**, साकेत नगर

आवारा कुत्तों के द्वारा बच्चों को काटने से सभी लोग परेशान हैं और डरे हुए हैं। इसको लेकर सभी को प्रयास करना होंगे, जिससे इन पर कंट्रोल हो सके।
**संजय वर्मा**, मिनाल रेसीडेंसी



# विंटर सीजन के 10 सुपर फूड्स

**डाइट सजेशन**
**विनीता**

सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव और शरीर सक्रिय बनाए रखने के लिए कुछ खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जिनका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इनके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है। साथ ही इनमें कई ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मददगार होते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ सुपर फूड्स के बारे में।



**आंवला:** विटामिन सी, डायटरी फाइबर, कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर आंवला शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। आंवला का नियमित सेवन सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से बचाव में मददगार होता है। इसके लिए प्रतिदिन दो या तीन आंवले का सेवन करें।

**चुकंदर:** एंटीऑक्सीडेंट तत्वों और आयरन से भरपूर चुकंदर एनीमिया दूर करने में मददगार साबित होता है। साथ ही यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। इसमें कैंसररोधी तत्व भी पाए जाते हैं। इसलिए प्रतिदिन सुबह चुकंदर का जूस पीना बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**गुड़:** इसमें मौजूद आयरन, हीमोग्लोबिन बढ़ाने के साथ एनीमिया से बचाव में मददगार होते हैं। गुड़ में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने, ब्लडप्रेशर को संतुलित रखने और ब्रेन को दुरुस्त रखने में मददगार होते हैं। अगर आपको डायबिटीज की समस्या ना हो तो नियमित रूप से गुड़ का सेवन करें।

**बाजरा:** इसमें पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है, जो ठंड से बचाव में मददगार होता है। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटमिन बी-12 पाया जाता है। इसका नियमित सेवन हड्डियों, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। साथ ही स्मरण शक्ति को बढ़ाने में भी मददगार होता है। बाजरे के आटे से बनी रोटियां सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं।

**गाजर:** प्रोटीन और विटामिन ए से युक्त गाजर आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई पौष्टिक प्लांट कंपाउंड्स होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को घटाकर दिल को भी स्वस्थ रखते हैं। इसलिए सर्दियों में दो या तीन गाजर का सेवन नियमित रूप से करें।

**पालक:** सर्दियों में भरपूर मात्रा में पालक का सेवन करें, क्योंकि पालक में अल्फा लिपिक एसिड नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। इसमें मौजूद पोटैशियम हाई ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार होता है। इसीलिए प्रतिदिन 100 ग्राम पालक का सेवन किया जा सकता है, इसका सूप भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**मूंगफली:** इसमें रेसवेराट्रॉल नामक बायोएक्टिव तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन को दुरुस्त बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद मैगनीज, फॉस्फोरस और अन्य विटमिंस हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। प्रतिदिन मुट्ठी भर मूंगफली का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन) को बढ़ने से रोककर दिल की बीमारियों से बचाव में मददगार होता है। यह शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। हड्डियों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। इसलिए इन सर्दियों में प्रतिदिन टमाटर का सेवन जरूर करें।

**मूली:** मूली में एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनॉयड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। विटामिन सी से भरपूर मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

**शकरकंद:** बीटा कैरोटिन और कई एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर शकरकंद का सेवन दिल और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद डायटरी फाइबर्स, कब्ज को दूर करने में मददगार होता है। अपनी डाइट में उबले हुए शकरकंद को जरूर शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद के डाइटिटिक्स एंड न्यूट्रिशन डिपार्टमेंट की एचओडी, डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**जनसम्पर्क संचालनालय (म.प्र.)**
**बाणगंगा मार्ग, भोपाल**

जनसम्पर्क संचालनालय में प्रतिदिन समाचार पत्र कतरनों तथा अन्य अभिलेखों की फोटोकॉपी का कार्य कराया जाता है। इस कार्य के लिए सीलबंद निविदायं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा-दाता को प्रस्ताव के साथ रूपये एक लाख का डिमानड ड्राफ्ट आयुक्त जनसम्पर्क के नाम से लगाना होगा।

निविदा प्रपत्र दिनांक 28 जनवरी 2024 से 8 फरवरी 2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक संचालनालय की पत्रपरीनिरीक्षण शाखा से रूपये 1000/- का शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा 8 फरवरी 2024 को अपरान्ह चार बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जायेंगी। बिना कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त जनसम्पर्क को होगा। इच्छुक निविदादाता, निविदा को सामान्य शर्तों का निविदा जमा करने के पहले अध्ययन कर लें। उसमें दर्शाई गई किसी भी शर्त के पूर्ण न होने की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

आयुक्त जनसम्पर्क
मध्यप्रदेश

जी-23371/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**
**// निविदा सूचना //**

निविदा सूचना क्रमांक 147 से 148/2023-24 विदिशा, दिनांक 19.01.2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | टेन्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रत क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू.लाख में) | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _327026_1 | विदिशा | सर्व एवं इंवेस्टिगेंशन कार्य | लोक निर्माण विभाग संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो के सर्वे कार्य। | प्रथम | 19.50 | 39000.00 |
| 2 | 2024_PWDRB _327041_1 | विदिशा | भवन मरम्मत कार्य | उपसंभाग क्रमांक-1 विदिशा अंतर्गत शासकीय अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा के ए.आर. एवं मेंटीनेंस कार्य कार्य। | प्रथम | 19.90 | 39800.00 |
| | | | | योग | | 39.40 | |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, करने की अंतिम तिथि 07.02.2024 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपाल यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा

जी-23352/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म / प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
निवेश का सुनहरा मौका
डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO ऑफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Hindblaze SMART WAY TO KITCHEN
TOLL FREE:- 1800 203 0585
HINDBLAZE APPLIANCES PVT. LTD.
Shop:- Shop No 4/6 Aamer Complex Zone II Mp Nagar Bhopal 462010
Dealership & Trade Enquirie:- 88894 22296 Auth. Dist:-Sundram Sales And Service:- 88894 22295

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियान के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

- **मेष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **वृष:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।
- **मिथुन:** मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।
- **सिंह:** शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।
- **कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।
- **तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।
- **वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।
- **धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।
- **मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।
- **कुंभ:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।
- **मीन:** शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## जैकेट का शेष

### चार मार्च को सीएम...
मुताबिक, चार मार्च को मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। गौर हो कि डॉ. यादव पहले ही कह चुके हैं कि जब शेड्यूल आएगा, वे तभी कैबिनेट समेत अयोध्या जाएंगे।

### दिल्ली भाजपा...
में अयोध्या भेजा जाएगा और उसमें से प्रत्येक को उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर की तीर्थयात्रा के लिए 789 रुपए देने होंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अयोध्या की तीर्थयात्राएं गणतंत्र दिवस के बाद 30 जनवरी से शुरू होंगी।

### दिग्विजय : 40 प्रतिशत ...
उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुजरात से आए अतुल पटेल के साथ ईवीएम को हैक कर दिखाया। बचते-बचाते यह दावा भी कर दिया कि ईवीएम हैकिंग से 30 से 40 प्रतिशत वोटों में हेरफेर हो सकता है। इस पर भाजपा ने उनसे सवाल पूछ लिया कि क्या कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में ईवीएम हैक कर सरकारें बनाई हैं, दिग्विजय सिंह इसे स्पष्ट करें।

**दिग्विजय ने कहा-क्या हम ऐसे लोगों के हाथ में ये सब तय करने का अधिकार दे दें?:** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता में दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने ईवीएम एक्सपर्ट अतुल पटेल से पूरी मतदान प्रक्रिया का डेमो कराया। इस दौरान एक ईवीएम में 10 वोट डाले गए। चुनाव चिह्न के तौर पर सेब, केला और तरबूज था। इस दौरान अधिकांश पत्रकारों ने केला चिह्न पर वोट दिया। अंतिम नतीजे में सेब को ज्यादा मत प्राप्त हुए। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि 140 करोड़ आबादी वाले देश में जहां 90 करोड़ मतदाता हैं तो क्या हम ऐसे लोगों के हाथ में ये सब तय करने का अधिकार दे दें? पूरी इलेक्शन प्रोसेस का मालिक न मतदाता है, न अधिकारी-कर्मचारी हैं। इसका मालिक सॉफ्टवेयर बनाने और सॉफ्टवेयर डालने वाला है। राज्य सभा सासंद सिंह ने कहा कि पहले कौन-सा ईवीएम कौन से बूथ पर जाएगा ये कलेक्टर तय करते थे, अब ये रेंडमाईजेशन के नाम पर इलेक्शन कमीशन के सेंट्रल ऑफिस से लोड होता है। मशीन सॉफ्टवेयर की बात मानेगी ऑपरेट करने वाले की नहीं मानेगी। पूर्व सीएम ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है, दबाव में है। चुनाव आयोग ने खुद आरटीआई के जवाब में कहा है कि उनके पास कोई भी टेक्निकल टीम नहीं है।

### ईवीएम के सॉफ्टवेयर को ...
*कर दिया है। ऐसा क्यों है चुनाव आयोग इन सवालों का जवाब नहीं दे रहा है। सॉफ्टवेयर कौन डाल रहा है। इसका कोई जवाब नहीं है। भाजपा को जनता का नहीं मशीन का वोट मिल रहा है। ईवीएम से इतना प्रेम है तो हमें ईवीएम से निकलने वाली वीवीपैट पर्ची हाथ में दे दीजिए।*

### कांग्रेस ने लोकसभा...
लिए हर बार चुनावी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों के प्रति देश में जो लहर दिखाई दे रही है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस और सहयोगी दलों की करारी हार होने वाली है। इसलिए कांग्रेस नेता सिंह ने इस हार के लिए अभी से बहानों की तलाश शुरू कर दी है। अध्यक्ष शर्मा ने ईवीएम को लेकर सिंह के बयान को दुष्प्रचार का हथकंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने नकारा नेतृत्व और गांधी परिवार को हार के कलंक से बचाना चाहते हैं। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की रीति-नीति के साथ पूरा देश खड़ा है। राष्ट्रविरोधी, धर्मविरोधी, महिला विरोधी और गरीब विरोधी कांग्रेस को जनता ने लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का मन बना लिया है।

### चुनाव आयोग के...
रहा है, वो उस समय कहां थे, जब चुनाव आयोग ने उन्हें ईवीएम हैक करके दिखाने की चुनौती दी थी? तब उन्होंने क्यों नहीं आयोग के दफ्तर में ईवीएम को हैक करके दिखाया? सिंह यह अच्छे से जानते थे कि यदि वे चुनाव आयोग के इस चैलेंज को स्वीकार करते हैं, तो उनके झूठ का भांडा फूट जाएगा। फिर कभी वो जनता को गुमराह करने के लिए ईवीएम की आड़ नहीं ले सकेंगे।

### ईवीएम कांग्रेस की...
उसी समय कोसते हैं। जब वे जीतते हैं, उस समय ईवीएम की चर्चा नहीं करते। इनके मुताबिक, यह कितना हास्यास्पद है कि इन दलों और नेताओं के लिए इनकी जीत इनकी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जीत होती है, जबकि भाजपा की जीत ईवीएम की जीत होती है। शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस को जीत मिली है, क्या दिग्विजय सिंह कांग्रेस की इस जीत को भी ईवीएम की जीत मानते हैं? दिग्विजय सिंह ने उस समय ईवीएम को दोष क्यों नहीं दिया, जब कांग्रेस ने तीन राज्यों के चुनाव जीते थे।

### ईवीएम से छेड़छाड़...
पूरी तरह से खारिज किया था। आज भी वो अपने बयान पर कायम हैं। रावत ने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ बिल्कुल भी संभव नहीं हैए वह पूरी तरह सुरक्षित है। वीवीपैट का उपयोग होने से चुनाव में पारदर्शिता आ गई है। ईवीएम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने के साथ ही इसका चुनाव प्रक्रिया के दौरान परिवहन भी नहीं हो सकता है। चुनावों से जुड़े नियम बेहद सख्त हैं। कोई भी अधिकृत व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि खराब ईवीएम ट्रांसपोर्ट की गई या गड़बड़ी की गई। अगर किसी ने इसको हैक करने की कोशिश की तो यह फैक्ट्री मोड में चली जाती है।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग...
बंगले पर बचपन बीता है। उससे मेरा भावात्मक जुड़ाव भी है। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री मेरे उसे बंगले से भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए विचार करेंगे। पूर्व सीएम शिवराज के नाम से बी-8 आवंटित है। बी-9 बंगले के बारे में सरकार बताए विलोपित किया है तो स्पष्ट करें। बता दें पूर्व सीएम शिवराज को दोनों बंगले आवंटित हैं।

### ड्राइवर के अचानक ब्रेक ...
मुख्यमंत्री ने माथे पर रुमाल बांधा था। बता दें कि बुधवार को तकरीबन साढ़े 12 बजे ममता बेनर्जी ने बैठक शुरू की। हेलीकाप्टर से वह पूर्वी बर्द्धमान पहुंची थी, लेकिन बैठक खत्म होने से पहले ही मौसम बिगड़ने लगा। कोहरे के साथ ही बारिश भी शुरू हो गई। उसी वक्त तय हो गया कि मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से नहीं लौटेंगी। सड़क मार्ग से कोलकाता जाएंगी।

## पेज 1 का शेष

### आपकी जनरेशन ...
कि बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस है। बेटियों में समाज और देश को बेहतर बनाने की क्षमता होती है। इतिहास के अलग-अलग दौर में भारत की बेटियों ने अपने फौलादी इरादों और समर्पण की भावना से कई बड़े परिवर्तनों की नींव रखी है। साथ ही पीएम ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि देश ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का बड़ा निर्णय लिया है। युवाओं को उनके बारे में पढ़ना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर हमेशा अपनी सादगी के लिए जाने जाते रहे। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।

### रिकॉर्ड 2.26 करोड़ ...
जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।

### इससे पहले हुई देश ...
में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के परीक्षा मंत्रों पर आधारित इस मेगा इवेंट में 60 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

### नियमों का ...
कर्मचारी से एक स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, जिसमें एयर इंडिया द्वारा कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर संचालित उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, कथित उल्लंघनों की एक व्यापक जांच की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया के खिलाफ मिली शिकायत की जब डीजीसीए ने जांच की तो प्रथम दृष्टया एयरलाइन्स को सुरक्षा मानकों के अनुपालन में दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियामक ने एयरलाइन्स मैनेजमेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने कहा है कि चूंकि पट्टे पर दिए गए विमानों का संचालन नियामक मानदंडों के साथ-साथ विमान निर्माता द्वारा सुझाई गई प्रदर्शन सीमाओं के अनुरूप नहीं था,इसलिए डीजीसीए ने प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की है और एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।हाल ही में डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस पर भी 1.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था क्योंकि उसकी एक फ्लाइट के यात्री रनवे की सड़क पर आकर खाना खाने लगे थे। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और कहा था कि यह किसी भी सूरत-ए-हाल में स्वीकार्य नहीं है।

### पढ़ाई बीच में छोड़ने...
चाहे तो संबंधित छात्र को एक वर्ष के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल न होने का प्रतिबंध लगा सकती है, लेकिन लाखों रुपए की जुर्माना राशि छात्रों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करती है। इसके बजाय ऐसा सहायक वातावरण बनाया जाए, जिससे चिकित्सा शिक्षा के छात्रों व रेजिडेंट डॉक्टरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को हल किया जा सके। एनएमसी के अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अरुणा वी वणिकर ने कहा कि आयोग को कई शिकायतें मिली हैं, जो विभिन्न संस्थानों में छात्रों के बीच तनाव, चिंता और अवसाद के खतरनाक स्तर का संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए कई बार मानसिक राहत पाने में सबसे बड़ी बाधा यही जुर्माने की राशि होती है। यह भारी भरकम रकम न केवल छात्रों पर वित्तीय दबाव बढ़ाती है, बल्कि आगे बढ़ने में बाधा भी बनती है।

**गरीब छात्रों को मिलेगी राहत:** डॉ. वणिकर के मुताबिक, इस नीति को खत्म करने से सबसे ज्यादा फायदा उन गरीब छात्रों को मिलेगा, जो कई बार सिर्फ इस वजह से दाखिला नहीं ले पाते हैं कि क्योंकि उनके पास बॉन्ड के तौर पर चुकाने के लिए भारी-भरकम राशि नहीं होती है। इसके अलावा उन छात्रों को भी इसका फायदा मिलेगा, जो किन्हीं अपरिहार्य कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ना चाहते हैं। बॉन्ड के बंधन की वजह से कई छात्र इतना असहाय महसूस करने लगते हैं कि वे आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठा लेते हैं। इस लिहाज से बॉन्ड व्यवस्था खत्म करने से छात्रों पर मानसिक दबाव कम रहेगा।

### एसडीएम ने महिला...
चितरंगी विकासखंड में कार्यरत हैं। तस्वीर में साफ है कि महिला एसडीएम को जूते पहना रही है और एसडीएम मंद-मंद मुस्करा रहे हैं। चितरंगी विद्यालय में राज्य मंत्री राधा सिंह की मौजूदगी में ये फोटो वायरल हुआ है। जब लोगों ने वायरल फोटो को देखा तो एसडीएम को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। एसडीएम की सफाई है कि उनके पैर में चोट थी। वे झुक नहीं सकते थे, इसलिए महिला से जूते पहने। पर महिला से ही क्यों? इसका वे जवाब नहीं दे पाए।

### रेप पीड़िता की...
के वकील तरन्नुम चीमा ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि विवादास्पद ट्वीट हटा दिया गया है। वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ट्वीट को न केवल भारत में रोक दिया गया था, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हटा दिया गया था। एक्स के वकील ने इस बयान की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2021 में राहुल गांधी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने का विवरण देते हुए एक सीलबंद कवर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में मामले से जुड़ी कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ के समक्ष ये दलीलें दी गईं। साल 2021 में दिल्ली छावनी क्षेत्र में 9 वर्षीय दलित लड़की के साथ बलात्कार और उसके बाद मौत का मामला सामने आया था। लड़की एक श्मशान घाट से पानी लेने गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि श्मशान घाट के पुजारी ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और जान से मार डाला था।

### प्रदेश में सीजन की...
रहा। राजधानी में रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम पारा सीजन में दूसरी बार 7.4 डिग्री रहा। यह भोपाल में सीजन की दूसरी सबसे सर्द रात रही। इससे पहले इस सीजन में 20 जनवरी को रात का तापमान 7.4 डिग्री रहा था। धूप खिलने से राजधानी सहित आधे प्रदेश में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक बढ़त रही। शहर में दिन का पारा एक डिग्री बढ़कर 24 डिग्री रहा। रायसेन, रतलाम और शिवपुरी आदि में पारा 2 डिग्री तक बढ़ा। वहीं पूर्वी मप्र के छिंदवाड़ा, जबलपुर और सतना आदि जिलों में रात का पारा 3 से 5 डिग्री तक गिरा है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। 26 जनवरी के बाद रात के तापमान में कुछ वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5405



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5404 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकू नवाला - 5415



## खबर संक्षेप

### सेलकोर गेजेट्स ने आउटलेट खोला

**भोपाल।** सेलकोर गेजेट्स लिमिटेड ने शहर में अपना आउटलेट खोला। कंपनी युवाओं को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराती है। कंपनी ने मध्यप्रदेश का पहला आउटलेट एमपी नगर संचालित किया। कंपनी होम अप्लाइंसेस की सम्पूर्ण रेंज लांच करने की योजना बना रहा है। कंपनी की यूएसपी है कि बेहतर प्राइज के साथ ग्राहकों को अच्छी सर्विस दे। कम्पनी होम अप्लाइंसेस की सम्पूर्ण रेंज लॉच करने की योजना बना रही है देश में 5000 से अधिक रिटेलर्स है।

### सूर्या रोशनी के प्रगति के पचास साल पूरे

**नई दिल्ली।** सूर्या रोशनी लिमिटेड ने अपने उद्योग के साझेदारों, सरकार के सलाहकारों, वास्तुकारों और अन्य सहयोगियों को एक मंच पर शामिल कर कंपनी की प्रगति और इनोवेशन के 50 साल पूरे होने खुशियां मनाई। उज्ज्वल भारत-लाइटिंग के नए कॉंसेप्ट और नई टेक्नोलॉज थीम पर इस आयोजन का उद्देश्य बीते पांच दशकों में भारतीय लाइटिंग उद्योग में आए बड़े बदलाव में सूर्या की अहम भूमिका सामने रखना है। कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर में योगदान देते हुए लाइटिंग टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### मिआ बाय तनिष्क डायमंड आभूषणों पर छूट

**मुंबई।** ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिआ बाय तनिष्क में नए साल का स्वागत आकर्षक ऑफर्स के साथ किया जा रहा है। मिआ में शुरू हुआ है बाय मोर, सेव मोर ऑफर जिसमें आप पा सकते हैं सभी मिआ डायमंड उत्पादों की खरीदारी पर 20 फीसदी तक की भारी छूट। ख़रीदे गए उत्पादों की संख्या के अनुसार 3 फीसदी से 20 फीसदी तक के एक्सक्लूसिव डिस्काउंट्स है। सभी मिआ बाय तनिष्क रिटेल आउटलेट्स में और ऑनलाइन चैनल्स पर डायमंड प्रोडक्ट्स पर 26 फरवरी 2024 तक इस ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है।

### सॉलिडैरिडाड का आईटीए के साथ प्रोग्राम पेश

**नई दिल्ली।** सॉलिडैरिडाड ने भारतीय चाय संघ (आईटीए) के साथ मिलकर ट्राइनिटीआ प्रोग्राम को प्रस्तुत किया है, जो छोटे चाय उत्पादक को समृद्धि प्रदान करने के लक्ष्य से कई रणनीतिक पहलुओं पर केंद्रित है। सॉलिडैरिडाड एशिया का ट्राइनिटीआ प्रोग्राम एक समृद्धिकरण समर्थन प्रणाली के रूप में खड़ा है, जो वैश्विक बाजार में उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित करता है। कार्यक्रम के बहुआयामी दृष्टिकोण में कई प्रमुख घटक शामिल हैं।

### बावेजा स्टूडियोज का आईपीओ 29 को खुलेगा

**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज लिमिटेड जो फिल्म निर्माण की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से 97.20 करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लांच करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 29 जनवरी को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 1 फरवरी को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने सहित कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा।

### कलाकारों ने शेयर की गणतंत्र दिवस की यादें

**मुंबई।** गणतंत्र दिवस भारतीय इतिहास में एक बड़ा महत्वपूर्ण दिन है। इस महत्वपूर्ण अवसर को पूरे देश में बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन के बारे में जी टीवी के कलाकारों इस दिन से जुड़ीं अपने बचपन की यादों, अपने स्कूलों में होने वालीं अपनी पसंदीदा गतिविधियों और अपनी जिंदगी में इस दिन की अहमियत के बारे में खुलकर चर्चा की। ज़ी टीवी के शो कैसे मुझे तुम मिल गए में बबीता का रोल निभा रहीं किशोरी शहाणे ने कहा कि गणतंत्र दिवस मेरे बचपन की यादों का एक कैनवस है।

स्टीकर, बैच और बैंड पर आकर्षक तिरंगे का डिजाइन युवाओं को लुभा रहा

# बाजार में आए कई साइज के तिरंगे बिक रहे खादी के कपड़े और झंडे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर है। दुकानों पर खादी कपड़ा व तिरंगा की बिक्री बढ़ गई है। गणतंत्र दिवस को लेकर कारोबारियों ने छोटे-बड़े कई साइज के तिरंगे बाजार में उतारे हैं। स्टीकर, बैच व रिस्ट-बैंड पर आकर्षक तिरंगे का डिजाइन भी युवाओं को काफी लुभा रहा है।

न्यूमार्केट, पत्रकार भवन और सात नंबर बस स्टॉप, भाजपा कार्यालय के पास संचालित शौला एड मेकर नामक फर्म और झंडे, बैनर सहित अन्य प्रचार सामग्री विक्रेता अजय अग्रवाल के अनुसार इस बार तिरंगे की बिक्री बीते वर्ष की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है। तिरंगे का महत्व बताते हुए कहा कि खादी के बने झंडे का अलग महत्व है। प्रोटोकाल भी स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर खादी के बने तिरंगे को ही फहराने की इजाजत देता है। मांग को देखते हुए प्लास्टिक व कागज पर लेमिनेशन किए झंडे भी उपलब्ध है।

### वाहनों पर लगने वाले तिरंगे की डिमांड

अग्रवाल ने बताया कि स्कूलों में गणतंत्र दिवस समारोह में काफी बच्चे शामिल होते हैं जो हाथों में और कपड़ों पर जमकर स्टिकर का उपयोग करते हैं, लेकिन इस बार छोटे झंडों के साथ-साथ वाहनों में लगाए जाने वाले झंडे की डिमांड भी बढ़ी है। इतना ही नहीं तिरंगे में फ्लॉवर बैज भी उपलब्ध हैं। गणतंत्र दिवस को देखते हुए शहर में खादी कपड़ा व तिरंगा की मांग बढ़ी है। सबसे अधिक मांग कुर्ता व टोपी की है। सिल्क से बने तिरंगे भी लोग ले रहे हैं।

### राष्ट्रीय पर्व की हर तरफ तैयारी हुई तेज

*राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारी हर तरफ तेज हो गई है। राजधानी में गणतंत्र दिवस पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह दिख रहा है। दुकानों पर तिरंगा ध्वज, टी शर्ट, टोपी, बिल्ला और बैच की खरीदारी हो रही है। तिरंगे-बैलून की भी मांग काफी बढ़ गई है। शिक्षण संस्थानों में भी साफाई संग, सजावट का काम शुरू हो गया। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा संग राष्ट्रीय पर्व को लेकर युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला।*

## संभाला कार्यभार

# तुषार कांत पांडेय बने संबलपुर मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संबलपुर



मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण किया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे मध्य रेलवे, नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक के पद पर पदासीन रहे। वे 1992 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी दिल्ली से एम.टेक, दिल्ली विश्वविद्यालय के एफएमएस संस्थान से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। उन्हें विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे और रेलवे बोर्ड में विभिन्न क्षमताओं में कार्य करने का अनुभव है। उन्होंने वर्ष 1995 में सहायक मंडल अभियंता के रूप में फतेहपुर से अपने कार्य की शुरुआत की और रेलवे में वरिष्ठ मंडल अभियंता उप मुख्य अभियंता एवं मुख्य अभियंता के रूप में विभिन्न पद पर रहकर अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने रेलवे बोर्ड एवं आरडीएसओ में निदेशक व कार्यकारी निदेशक होने की जिम्मेदारी भी निभाई है। पाण्डेय ने एआईएमए,शिकागो, अमेरिका में भी दो बार भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व किया है।

## महंगाई से इतरा रहे फूल, भाव सुनकर चौंक रहे खरीदार

# 50-100 रुपए किलो नहीं, इस दाम पर मिल रही सिर्फ एक माला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के आगमन के बाद से उनके श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूल महंगाई से इतरा रहे हैं। फूल के भाव सुनकर लोग भौचक्के हो रहे है। वर्तमान में फूल जिस दाम पर बिक रहे है वह दाम दशहरा, दिवाली, नवरात्र सहित अन्य अवसरों पर नहीं रहे। राजधानी भोपाल में फूल विक्रेताओं द्वारा 10 रुपए में 8 से 10 गेंदे के फूल और 50 से 100 रुपए मूल्य पर फूल की एक माला विक्रय की जा रही है। फूल और माला के बढ़े भाव के बारे में विक्रेताओं का कहना है कि शहर में फूलों की किल्लत है। फूल उत्पादक भारी मात्रा में फूल अयोध्या भेज रहे हैं। जिसके चलते शहर में पूर्व की भांति फूलों के आवक नहीं हो रही है जिस कारण दाम आसमान पर है।



### बस्ती से लेकर अयोध्या तक फूल की मांग बढ़ी

*लोग गेंदे के फूलों की माला से मंदिर और घर के पूजा स्थल को सजाते हैं, लेकिन इस बार गेंदा फूल इतना महंगा है, कि ये पहुंच से बाहर हो गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा रेट में तीन गुना हैं। विक्रेताओं के अनुसार गेंदा, गुलाब, गुलदावरी सहित अन्य फूल के रेट आसमान है। फूल कारोबारियों का कहना है कि प्रतिकूल मौसम से एक ओर जहां पैदावार कम हो गई है, वहीं दूसरी तरफ बस्ती से लेकर अयोध्या तक फूल की मांग बढ़ गई। बताया जा रहा है कि 20 जनवरी के पूर्व शहर में गेंदा फूल 80 से 100 रुपए किलो था जो अब 200 रुपए के पार है। इसी प्रकार रजनीगंधा, जलबेला, स्टिक, घोड़ा फाम के दाम भी आसमान छू रहे हैं। फूल व्यवसायी के अनुसार स्थानीय स्तर पर प्रतिकूल मौसम से फूल खिल नहीं पा रहे हैं। थोक में उछाल व लागत बढ़ने के कारण बाजार में*

## कोलार व्यापारी महासंघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा

# सुनील सिंह बने महासंघ के अध्यक्ष, चेंबर अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

कोलार व्यापारी महासंघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा आयोजित एक विशेष समारोह में की गई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली एवं विशेष अतिथि कोलार व्यापारी महासंघ संरक्षक रविंद्र यति तथा बीसीसीआई प्रवक्ता अजय देवनानी उपस्थित रहे। इन सभी ने नवनिर्वाचित सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया। कोलार व्यापारी महासंघ संरक्षक रविन्द्र यति, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील सिंह ने इस अवसर पर तेजकुलपाल सिंह पाली एवं अजय देवनानी का स्वागत कर श्री अयोध्या धाम की प्रतिकृति रूपी स्मृति चिन्ह भेंट की।



**कोलार अपार व्यापारिक संभावनाओं का उपनगर : पाली**

इस मौके पर बीसीसीआई तेजकुलपाल सिंह पाली ने कोलार व्यापारी व्यापारी महासंघ को बीसीसीआई के पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया गया साथ ही व्यापार-व्यवसाय एवं ग्राहक सुविधाओं के लिए हरसंभव सहयोग का भी आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहाकि कोलार अपार व्यापारिक संभावनाओं का उपनगर है, सिक्सलेन के साथ संपूर्ण क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ के साथ कोलार को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का भी संकल्प लिया।

## बिजनेस न्यूज

### स्कोप पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ विदाई समारोह-ब्लेसिंग डे

**भोपाल।** स्कोप पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह-ब्लेसिंग डे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल की प्राचार्य डॉ. प्रकृति चतुर्वेदी, उप-प्राचार्य रोहित जैन एवं स्कूल के हेड बॉय अभिजीत ठाकुर एवं हेड गर्ल मीशा श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। 1वीं के छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षक- शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन से समारोह में नृत्य गीत एवं ड्रामा की मनोरंजक प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों का मन जीत लिया समारोह के अंत मे अनुराग चौहान को स्टर स्कोप और रेनी जैन को मिस स्कोप का खिताब दिया गया। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके स्वभाव एवं प्रतिभा के आधार पर कुछ विशेष टाइटल्स भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रकृति चतुर्वेदी तथा उप- प्राचार्य रोहित जैन ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा सभी को आने वाले बोर्ड की परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया ।



### मानसरोवर कॉलेज में एनुअल फेस्ट तत्व की कल्चरल ईव विद्यार्थियों ने दिखाए हुनर

**भोपाल।** मानसरोवर डेंटल कॉलेज के एनुअल फैस्ट तत्व की कल्चरल ईव में विद्यार्थियों का हुनर देखते ही बना। विद्यार्थी मंच पर एक ओर श्री राम जी के जीवन को चरितार्थ करते नजर आए तो वहीं दूसरी ओर वीर शिवाजी की गाथा को भी विद्यार्थियों ने बखूबी प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंचतत्व की थीम पर रैम्प वॉक करते हुए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के अस्तित्व को दर्शाया। कार्यक्रम में तत्व के दौरान आयोजित की गईं प्रतियोगिताओं और कल्चरल परफॉर्मेंस के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चांसलर मंजुला तिवारी और चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसी क्रम में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. गुरूदत्त नायक ने एकेडमिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही स्टाफ और स्टूडेंट्स के एचीवमेंट्स भी बताए। कल्चरल ईव के विजेताओं में डांस कैटेगिरी में अयोध्या ग्रुप को प्रथम, क्लासिकल इंटर्न को द्वितीय और लेजी ब्वॉयज को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं सोलो डांस में ज्योत्सना प्रथम रहीं। सांग में प्रथम स्थान पर कीर्थना, द्वितीय स्थान पर प्रज्जवल और अभ्युदय और तृतीय स्थान पर अनुरूपा रहीं।



### भाभा विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट कार्य हेतु यातायात जागृकता व सड़क सुरक्षा अभियान द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें पूरे भोपाल शहर के चिन्हित उत्कृष्ठ कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त हरी नारायण मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवदेश गोस्वामी की गरिमामयि उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर श्याम पाटकार द्वारा ग्रहण किया गया। इस विशेष सम्मान उपलब्धि पर ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर सुनील कपूर एवम चांसलर डॉक्टर साधना कपूर , कुलगुरु डॉ. दिलीप कुमार डे, सीईओ प्रसाद पिल्लई ने बधाई प्रेषित की।



### महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने किया ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोबे यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

**हैदराबाद।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी और ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोबे यूनिवर्सिटी ने एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह सिविल इंजीनियरिंग में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़ाना है और इसमें एक चार वर्ष का प्रोग्राम, एक समग्र विद्यार्थी आदान प्रदान पहल और फैकल्टी आदान प्रदान प्रोग्राम शामिल है। यह महिंद्रा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को अपने स्नातक प्रोग्राम के अंतिम दो वर्ष ला ट्रोबे युनिवर्सिटी में पूरा करने का अनूठा अवसर देगा और साथ ही एक विश्वविख्यात अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा। इस गठबंधन के तहत ला ट्रोबे यूनिवर्सिटी इस प्रोग्राम में भागीदारी कर रहे विद्यार्थियों को सालाना 9500 ऑस्ट्रेलियाई डालर मूल्य की छात्रवृत्ति की पेशकश करेगा। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलु मेद्रुरी के मुताबिक यह एमओयू सिविल इंजीनियरिंग अनुसंधान और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में भावी नेताओं को पोषण प्रदान करने की दिशा में हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है।



### एचडीएफसी बैंक ने हासिल की 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड की ऐतिहासिक उपलब्धि

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की है कि उसने 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड इन फोर्स (सीआईएफ) का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है। बैंक देश का पहला और वर्तमान में एकमात्र बैंक बन गया है। जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। एचडीएफसी बैंक ने 2001 में अपना पहला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करके क्रेडिट कार्ड व्यवसाय शुरू किया था । बैंक 2017 में 1 करोड़ सीआईएफ के मील के पत्थर तक पहुंच गया, यह यात्रा लगभग 16 वर्षों तक चली। एचडीएफसी बैंक ने ठीक 6 साल और 1 महीने में इस सीआईएफ संख्या को दोगुना कर 2 करोड़ कर दिया। पराग राव, ग्रुप हेड पेमेंट्स, कंस्यूमर फाइनेंस, मार्केटिंग, लायबिलिटी प्रोडक्ट ग्रुप, टीपीपी, एबीसीपी, नॉन -रेजिडेंट प्रोडक्ट्स , गिब एंड गिग बैंकिंग - एचडीएफसी बैंक ने कहा, ₹जैसा कि हमने 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड जारी करने का यह उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल किया है।

### सर्वोकॉन ने शुरू की व्यवसायियों के लिए सोलर रूफटॉप फाइनेंसिंग की सुविधा

**नई दिल्ली।** सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड ने सोलर फाइनेंसिंग पहल पेश कर उत्साहित है। यह पहल ग्राहकों को टिकाऊ रिन्यूएबल ऊर्जा समाधान अपनाने के लिए सुविधाजनक और सक्षम विकल्प प्रदान कराती है। सोलर एनर्जी के व्यापक तरीके से इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सर्वोकॉन सिस्टम्स ने अपना सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट फाइनैंसिंग प्रोग्राम पेश किया है। सर्वोकॉन सिस्टम्स सोलर पैनल इंस्टॉलेशन के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान कराती है जिससे ग्राहकों के लिए कार्य बेहद आसान हो जाता है। सोलर पैनल खरीदने पर ग्राहकों को कम परिचालन लागत और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ ऋण अवधि चुनने जैसे फायदे मिलेंगे।

### गति शक्ति कार्यक्रम सहयोगात्मक भावना का प्रतीकः गुलाटी

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 का बजट भारत के वास्तविक बुनियादी, ढांचे की क्षमता को उजागर करने, देश को बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के भविष्य की ओर ले जाने की काफी संभावनाएं रख सकता है। गति शक्ति कार्यक्रम सहयोगात्मक भावना का प्रतीक है, जिसने विभिन्न मंत्रालयों को एकीकृत करके और परियोजनाओं के निष्पादन को सुव्यवस्थित करके प्रगति की लौ जागृत की है। बजट में बढ़ती हुई फण्डिगं इन लौ को और जागृत करेगी जिससे परिवहन, ऊर्जा और शहरी नियोजन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बुनियादी - ढांचे के विकास में तेजी आएगी। यह समग्र दृष्टिकोण, तालमेल और दक्षता को बढ़ावा देने वाला होगा। एजिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्रा. लिमिटेड के एमडी संदीप गुलाटी का कहना है कि भारत को अपने बुनियादी- ढांचे के अन्तर को कम करने और प्रगति का एक निर्बाध नेटवर्क बनाने के लिए बिल्कुल इसी बात की आवश्यकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व एसेट मॉनिटइजिंग इनिशिएटिव है। सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों जैसी मौजूदा संपत्तियों के मूल्य का लाभ उठाकर, सरकार के पास निजी निवेश या आकर्षित करने और अपने बुनियादी- ढांचे नेटवर्क को आधुनिक बनाने का एक सुनहरा अवसर है।



### बोनलोन तलोजा में लगाएगी एल्युमिनियम प्लांट

**मुंबई।** कॉपर वायर बनाने वाली कंपनी बोनलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एल्युमिनियम रॉड और इंगट्स निर्माण की परियोजना लगा रही है। बीएसई में लिस्टेड बोनलोन इंडस्ट्रीज अपना नया आधुनिक एल्युमिनियम प्लांट महाराष्ट्र के तलोजा एमआईडीसी में लगाएगी। जिसकी शुरूआत में वार्षिक उत्पादन क्षमता 75 हजार टन होगी। इस प्लांट एल्युमिनियम स्क्रैप से रॉड, वायर और इंगट्स बनाए जाएंगे, जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नए एल्युमिनियम प्लांट के लिए तलोजा में जगह ले ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस नए प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 से ही उत्पादन शुरू करने की योजना है। अरूण कुमार जैन फैमिली द्वारा प्रमोट बोनलोन इंडस्ट्रीज 25 साल पुरानी कंपनी है। जो मुख्यतः कॉपर वायर और रॉड का निर्माण करती है।

### सेबी में भारती हेक्साकॉम ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** कम्युनिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। भारती हेक्साकॉम लिमिटेड भारत में राजस्थान और उत्तर पूर्व दूरसंचार सर्कल, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं, में ग्राहकों को उपभोक्ता मोबाइल सेवाएं, फिक्स्ड लाइन टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करती है।

## इक्विटी सेगमेंट में विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा एक्सचेंज

# एनएसई लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज बना

एजेंसी ▸▸ मुंबई

डेरिवेटिव ट्रेड बॉडी फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के आधार पर एनएसई ग्रुप (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज) एक बार फिर कैलेंडर वर्ष 2023 में दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव एक्सचेंज समूह के रूप में उभरा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) 2023 में लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज रहा।

वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंज (डब्ल्यूएफई) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार 2023 में ट्रेडों की संख्या (इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक) के आधार पर एनएसई इक्विटी सेगमेंट में दुनिया में तीसरे स्थान पर है।

एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिस श्रीराम कृष्णन ने कहाकि इक्विटी सेगमेंट में तीसरी रैंकिंग और सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज होना दरअसल ग्लोबल स्तर पर भारतीय पूंजी बाजार से जुड़े ईको सिस्टम की मजबूत क्षमताओं को दर्शाता है। मै भारत सरकार, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, ट्रेडिंग सदस्यों, निवेशकों और अन्य सभी हितधारकों को उनके निरंतर सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं इस वर्ष में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी हासिल की गईं।



**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधक विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, भोपाल पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए www.ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **Tender No.:** 88.23.6094A, **Description:** [illegible] 3 टन, **Qty.:** 02 Nos, **Date of Opening:** 14-FEB-24, **EMD (in Rs.):** 50,000/-. टिप्पणी:ऊपर दी गयी सामग्री के लिए कोई निविदा शुल्क नहीं है।
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (डिपो), पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आम सूचना**
**मकान नंबर 80 गली अफकार कालोनी भोपाल की मूल रजिस्ट्री गुम होने बाबत**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शेख राजा आत्मज शेख मंजूर आयु वयस्क निवासी मकान नंबर 80 गली नंबर 4 अफकार कालोनी भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का खसरा नंबर 813/2 एवं 788/2/2 के अंशभाग पर स्थित मकान नंबर 80 गली नंबर 4 अफकार कालोनी ऐशबाग भोपाल की दिनांक -30 नवंबर 2011 को उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में पंजीकृत की गई मूल रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पास से गुम हो गई है।मेरे पक्षकार ने इसकी सूचना पुलिस थाना ऐशबाग भोपाल में भी दे दी है। यदि उपरोक्त वर्णित मकान की मूल रजिस्ट्री किसी व्यक्ति को मिले तो वो उसे मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के पते पर पहुंचाने का कष्ट करें। यदि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित मकान की मूल रजिस्ट्री का कहीं कोई दुरुपयोग करता है या कोई करता है तो वो अवैध एवं शून्य प्रभावी होगा। इसके लिए संबंधित व्यक्ति स्वंय जिम्मेदार होगा।
**खालिद हफीज एडवोकेट**
**कार्यालय-3, अहाता मनकशाह पुल बोगदा भोपाल**
**मोबाईल नंबर- 9993374688**

**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Chief Engineer (Civil Engineering), Block No.-1, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482008
CIN : U40109MP2001SGC014882, Website : mppgcl.mp.gov.in, Phone : 0761-2702812, Telefax : 0761-2664250
E-mail : edcivilpnd@gmail.com
No. 03-01/CE(Civil-Engg)/Veh/2453 Jabalpur, Date : 24.01.2024
**TENDER NOTICE "THROUGH E-TENDERING ONLY"**
M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/ supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

| Tender No. | Name of Works/Material | Estimated Cost (In Rs.) | Duration of Work | Tender Cost (Rs.) | EMD Rs. | Last Date of Submission of Tender | Due Date of Technical Bid Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MPPGCL Tender No. 2023_MPPGC_318052_1 | Hiring of One. number Compact A.C. Sedan car/SUV 1200cc Petrol Engine i/c 4Air Bags Made after March 2020 on word or equivalent for C.E (Civil Engineering) MPPGCL of office at JABALPUR on monthly run basis for 2000. km per month for a period of 24. Months | 10.98 Lakh i/c GST | 24 Months | 22,000 | 1000 | 22.02. 2024 up to 3:00 PM | 26.02.2024 from 3:30 PM onwards |
| MPPGCL Tender No. 2023_MPPGC_318060_1 | Hiring of One. number Mini A.C. Sedan car 1200cc Petrol Engine i/c Two Air Bags Made after march 2020 on word or equivalent for C.E(Civil Engineering) MPPGCL. of office for Pool vehicle at JABALPUR on monthly run basis for 2000. km per month for a period of 24. Months | 10.21 Lakh i/c GST | 24 Months | 21,000 | 1000 | 22.02.2024 up to 3:00 PM | 26.02.2024 from 3:30 PM onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in.** For any change in specification/technical data please visit regularly our website- **www.mptenders.gov.in** Any addendum/corrigendum shall not be published in news paper. As per letter No 07-08/P-I/ E-Tendering/3394 Jabalpur dt 30.11.2023 the bidders shall not be allowed to submit desired documents subsequently i.e. after submitting bids.
M.P. Madhyam/113430/2024 **CE. (CIVIL-ENGG)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**
क्रमांक/लो.क.वि./2024/1897 रिसाली, दिनांक 24/01/2024
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारो से 01 कार्य हेतु निविदा क्र. 152166 (2nd Call) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
(नोट : ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जायेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।
उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## चिंतन

# टीएमसी का अलग होना इंडि गठबंधन को धक्का

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को एक और बड़ा झटका लगा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ेगी। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने यूपी में अेकेले सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। इंडि गठबंधन बनने से लेकर अब तक सबकुछ ठीक नहीं है। तीन बैठकों के बाद भी न ही इंडिया ने अपना नेता चुना, न ही राज्यों में सीटों के बंटवारे को फाइनल किया। इंडिया के अंदर खटास मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय ही शुरू हो गया, जब समाजवादी पार्टी (सपा) कांग्रेस से नाराज हो गई। अभी जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बिजी हैं, वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया के सहयोगियों के साथ सीट को अंतिम रूप नहीं दे पा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के कांग्रेस अपने दम पर सक्षम वाले बयान के बाद ही ममता ने एकला चलो का ऐलान किया। इंडिया के घटक दलों की शिकायत है कि कांग्रेस न ही तेजी से फैसला कर रही है और न ही सहयोगियों की स्थिति स्पष्ट कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव, एनसीपी के साथ कांग्रेस सीटों का फार्मूला तय नहीं कर पाई, यही स्थिति उत्तर प्रदेश में सपा के साथ है। दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारे का कोई फार्मूला नहीं निकल सका। आज ही पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि पंजाब में आप सभी 13 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ भी अभी तक कांग्रेस ने सीट शेयरिंग पर कोई बात नहीं कर सकी है। इसको लेकर एनसी की तरफ से नाराजगी व्यक्त की जा चुकी है। कश्मीर में इंडिया में पीडीपी की स्थिति को लेकर भी कोई सीन स्पष्ट नहीं है। नॉर्थ ईस्ट में छोटे छोटे दलों के साथ भी कांग्रेस ने इंडिया में स्थिति स्पष्ट नहीं की है। करीब डेढ़ महीने बाद लोकसभा चुनाव का ऐलान होने वाला है, भाजपा नीत राजग अपनी चुनावी योजना को जमीन पर उतार रहा है, भाजपा प्रत्याशियों को फाइनल कर रही है, सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे रही है, वहीं कांग्रेस यात्रा में व्यस्त है और सहयोगी असमंजस में हैं। कांग्रेस इंडिया का नेतृत्व भी करना चाहती है और सीटों शेयरिंग के फार्मूले को भी समय से स्पष्ट नहीं कर रही है। बिहार में नीतीश कुमार महागठबंधन में छटपटा रहे हैं, राजद व कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग का मामला सुलझ नहीं पा रहा है। कांग्रेस की तरफ से उत्तर बनाम दक्षिण बयान पहले दिया जा चुका है। कांग्रेस दक्षिण भारत में अधिक फोकस कर रही है। अभी कर्नाटक व तेलंगाना में सरकार है, तमिलनाडु में वह डीएमके के साथ गठबंधन में है। केरल में उसकी वामपंथी नीत एलडीएफ के साथ तगड़ी फाइट है। यहां भी इंडि गठबंधन के अंदर भारी पेंच है। केरल, पंजाब में कांग्रेस का मुकाबला क्रमशः एलडीएफ और आप के साथ है, जो इंडिया के हिस्सा भी हैं। बंगाल में टीएमसी कांग्रेस को दो सीट देना चाहती है, इससे कांग्रेस खुश नहीं है। बंगाल में अगर इंडिया लड़ेगा तो ममता को वामदलों के लिए भी सीट देने होंगे, ऐसे में राजनीतिक नुकसान टीएमसी को होगा। बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच सीधी फाइट है, इसलिए ममता कांग्रेस व वामदल को सीट देने के प्रति उदार नहीं हैं। इंडिया के अंदर असमंजस की स्थिति, दलों का अलग होना और नीति, नेता व एजेंडा पर खामोशी इस नवेले विपक्षी गठबंधन को अप्रासंगिक बना देंगे। राहुल गांधी की मुहब्ब्त की दुकान सजने से पहले ही बिखर जाएगी।



**विश्लेषण**
ओ.पी. चौधरी

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के ध्वजवाहक मोदी

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया।

आज हमारा देश राममय वातावरण में मग्न है। दुनियाभर के सनातनी बंधुओं ने एकता के सूत्र में बंधकर प्रभु श्रीराम के पुनरागमन का मंगल उत्सव मनाया, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में राम युग की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'आज हमें सदियों की धरोहर मिली है, श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा होता राष्ट्र ऐसे ही नवइतिहास का सृजन करता है। श्रीराम की कितनी बड़ी कृपा है कि हम सब इस पल को घटित होते देख रहे हैं। ये हिंदू पुनरुत्थान का अमृतकाल है क्योंकि अब रामलला टेंट में नहीं रहेंगे, वे अब दिव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।'

पीएम मोदी ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 11 दिनों एक तपस्वी की भांति कठिन व्रत किया। वे यम नियम का पालन करते हुए मात्र एक कंबल के सहारे धरती पर सोए, प्रतिदिन दो नारियल पानी का सेवन एवं दिन में 108 बार राम रक्षास्त्रोतम का पाठ किया एवं देश के विभिन्न मंदिरों के अनवरत विग्रह दर्शन किया। लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में निकाली गई राम मंदिर जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा से लेकर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक होने वाली इस संघर्षपूर्ण यात्रा में नरेंद्र मोदी केंद्र बिंदु रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रभु श्रीराम ने स्वयं मोदी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराने का माध्यम बनाया हो।

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। किसी भी देश के विकास और उत्थान के लिए उसकी सांस्कृतिक विरासत सबसे अहम नींव होती है, प्रधानमंत्री मोदी ने इनके महत्व को समझते हुए प्राचीनकाल में भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया। बाढ़ के कारण तबाह हो चुके केदारनाथ धाम को फिर से संवारा। गंगा नदी को स्वच्छ, अविरल बनाने के लिए देशव्यापी नमामि गंगे अभियान की शुरूआत की। केंद्र सरकार वेद विद्या को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के पांच क्षेत्रीय केंद्र द्वारका (गुजरात), रामेश्वरम (तमिलनाडु), जगन्नाथ पुरी (ओडिशा), बद्रीनाथ (उत्तराखंड) और गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी में स्थापित हो रही हैं। मनुष्य जीवन में योग के महत्त्व समझाकर को प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय योग पद्धति को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। कोरोना में शारीरिक दूरी बेहद आवश्यक थी, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे नमस्ते के अभिवादन को विश्व के अन्य राजनेताओं ने भी आत्मसात किया। आजादी के बाद देश को पहली बार जी20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। मोदी ने



देश की कला और संस्कृति से उन्होंने विश्व को परिचित कराया। राजधानी दिल्ली के एयरपोर्ट से निकलते ही शीर्ष राष्ट्राध्यक्षों को यक्ष-यक्षिणी की नमस्कार मुद्रा में लगी प्रतिमाएं मिलीं तो भारत मंडपम के गेट के बिल्कुल सामने तमिलनाडु के स्वामीमलाई जिले के शिल्पकारों द्वारा तैयार भगवान शिव के नटराज स्वरूप की अष्टधातु मूर्ति दिखी। भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर रहे थे तब कोणार्क सूर्य मंदिर और नालंदा विश्वविद्यालय की तस्वीरें भी पीछे लगी हुई थीं।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो या फिर केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या महाकाल का महालोक, चारधाम परियोजना हो जम्मू-कश्मीर में मंदिरों का जीर्णोद्धार या फिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के केंद्र, सभी फिर से अपना पुराना वैभव अर्जित कर रहे हैं। 500 वर्ष के कठिन संघर्ष के बाद आज हिंदू समाज आख़िरकार श्री राम जन्मभूमि पर राम लला को विराजमान होते देखा। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था और सामजिक सौहार्द बनाए रखना बेहद जरूरी था। 2010 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर भूमि के स्वामित्व को लेकर होने वाले फैसले के समय देश में एक अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई थी। यूपीए सरकार के तुष्टिकरण और राम विरोधी सरकार को देखकर किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो चुका था। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही। प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह विषय कितने महत्व का था, इसे इसी बात से समझा जा सकता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया। अयोध्या धाम में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाएं विकसित की गई। एयरपोर्ट, रेलवे और सड़क आवागमन बढ़ाने के साथ शहर का सुव्यवस्थित रूप से विकास किया गया। आधारभूत संरचनाओं के लिए केंद्र सरकार ने लगभग 85,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। भारत के टूरिज्म क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बहुत बड़ा योगदान देता है। प्रतिष्ठित संस्था जेफरीज ने अपने रिपोर्ट में दावा किया है कि अयोध्या एक नए पर्यटक स्थल के रूप में उभरा है, रिपोर्ट के अनुसार वहां हर दिन 1-1.5 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। अयोध्या में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब शहर में हर साल पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या विश्व के प्रमुख धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी और मक्का में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। वेटिकन सिटी में हर साल करीब 90 लाख पर्यटक आते हैं, जबकि सऊदी अरब के मक्का में सालाना करीब दो करोड़ पर्यटक आते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुविचारित दृष्टिकोण राम मंदिर को राष्ट्रीय एकात्मता का परिचायक बना दिया है। मोदी का दृष्टिकोण था कि जिस तरह इस देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन के निर्माण में राष्ट्रीयता समाविष्ट हुई, उसी प्रकार मानवीय मूल्य और आदर्श का सबसे बड़ा मंदिर यानी राम मंदिर भी राष्ट्रीयता का संवाहक बने। यह भाव-भावना राम मंदिर की नींव में भी निहित ह। 22 जनवरी का यह दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुका है। धार्मिक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में पुनरागमन के लिए यह दिन सदैव स्मरण किया जाएगा। श्रीराम के आदर्शों, उनके असीम ऊर्जा के स्त्रोतों और जीवन मूल्यों का अनुसरण देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए सदैव ही प्रासंगिक हैं। राम को किसी मजहब विशेष से नहीं बांधा जा सकता, राम सबके हैं। उनके मूल्य पूरी दुनिया को श्रेष्ठ व्यवस्था दे सकते हैं और दुनिया को विश्व युद्ध जैसी भयावहता से बचा सकते हैं और राम के उदात्त मूल्यों के कारण ही भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलता है।

(लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गणतंत्र दिवस

विवेक शुक्ला



# क्यों बदलती रही परेड की शक्ल

गणतंत्र दिवस परेड को कल (26 जनवरी) को करोड़ों लोग अपने घरों में टीवी पर देख रहे होंगे। इसी तरह से लाखों लोग परेड को उन मार्गों पर बैठकर या फिर किसी घर या बिल्डिंग की छत से देखेंगे जिधर से यह गुजरेगी। आप कह सकते हैं कि पंजाब में आतंकवाद के दौर से पहले राजपथ ( अब कर्तव्यपथ) पर आम इंसान भी मजे में पहुंच जाता था। पुलिस की सांकेतिक उपस्थिति रहती थी। उधर खोमचे वाले भी दिखाई देते थे और लोग खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचते थे, पर पंजाब में आतंकवाद के पनपने के बाद सब कुछ बदल गया। फिर सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त हो गई कि आमजन राजपथ जाने से ही बचने लगा। मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह ने 1963 से लेकर 2013 तक लगातार गणतंत्र दिवस परेड का देश-दुनिया को आंखों देखा हाल आकाशवाणी और दूरदर्शन से सुनाया था। यानी वे आधी सदी तक 26 जनवरी पर परेड की कमेंट्री करते रहे। उन्होंने इस दौरान परेड के विस्तार और बदलते चेहरे को देखा। वे बताते थे कि चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी कहीं ना कहीं नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों जैसे कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, मिन्टो रोड, थामसन रोड वगैरह में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये 1959 में दिए जाने चालू हुए थे और सिर्फ उसी वर्ष इस पुरस्कार से किसी बच्चे को नवाजा नहीं गया था। यूं तो तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और मुक्केबाज मोहम्मद अली का राजपथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनमसूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मैजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। जसदेव सिंह बताते थे मंडेला की तरह राजपथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर राजपथ पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंदेक मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। वे अपने चाहने वालों के अभिवादन का उत्तर अपने मुक्के को हवा में घुमाते भी दे रहे थे। उनके इस तरह के करतब दिखाते ही दर्शक झूमने लगते थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देख-देखकर मुस्करा रही थीं। जसदेव सिंह को इस बात का अफसोस भी था कि किस तरह गणतंत्र दिवस की परेड आम आदमी से दूर होती चली गई। उसके वहां तक पहुंचने में अवरोध खड़े किए जाते रहे। गणतंत्र दिवस पर सुनाई जाने वाली जसदेव सिंह की कमेंट्री को सुन-सुनकर कई पीढ़ियां बढ़ी हुईं। उन्होंने कुछ साल निजी खबरिया चैनलों पर भी परेड का आंखों देखा हाल सुनाया। जसदेव सिंह ने बाल वीर विजेता बच्चों को पहले हाथी पर परेड में गुजरता हुए देखा था। ये सिलसिला 2010 में खत्म हो गया था। फिर बच्चों को जीप में बैठाकर परेड में लेकर जाया जाने लगा। उन्हें ये बदलाव भी समझ नहीं आता था। उन्होंने परेड की समाप्ति के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरु को लोगों से घुलते-मिलते देखा था। जसदेव सिंह 26 जनवरी को सुबह चार-साढ़े बजे राजपथ पहुंच जाते थे। वे देखते थे कि परेड के रूट पर लोग अल सुबह बैठ जाते थे। इनमें दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के गांवों के लोग भी होते थे। तब गणतंत्र दिवस की परेड को देखना मानो किसी पर्व पर व्रत रखने के समान ही होता था। दिल्ली वालों में गजब का जोश और उत्साह रहता था। कड़ाके की सर्दी के बावजूद वे अपने सुबह की परेड के रूट पर आग जलाकर बैठ जाते थे। 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए हमले के बाद साल 2002 की गणतंत्र दिवस परेड के रूट को सरकार ने बदल दिया था। इस तरह से पहली बार परेड का रूट बदला गया था। परेड के रूट को छोटा कर दिया। तब से परेड इंडिया गेट से आईटीओ, दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होने लगी। इस तरह परेड ने कनॉट प्लेस में आना बंद कर दिया। राजधानी के दिल से गणतंत्र दिवस परेड देखने से लोग वंचित हो गए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस आज

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस : लोकतंत्र में सहभागिता का उत्सव



प्रलय श्रीवास्तव
संयुक्त संचालक, जनसंपर्क

मध्यप्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का सिलसिला वर्ष 2011 से प्रारंभ हुआ है। अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी लोकतंत्र के इस पवित्र उत्सव को प्रतिवर्ष 25 जनवरी को पूरे उत्साह और उमंग के साथ राज्य, जिला एवं प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर मनाया जाता है। लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता जागरुकता के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सभी वर्ग के लोग भाग लेते हैं। मध्यप्रदेश को भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का गौरव प्राप्त है।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अलावा सभी जिलों में तथा 64 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में भी मतदाता दिवस मनाया जाता है। आयोजन के पहले 18-19 वर्ष आयु के युवाओं को साथ लेकर, स्लोगन, चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध, आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। चुनाव आयोग की पहल पर निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी विषय पर युवाओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का वृहद आयोजन भी किया जाता रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पिछले आयोजनों में तत्कालीन राज्यपाल और मुख्य सचिव के अलावा अन्य विशिष्टजन ने उपस्थित होकर समारोह की शान बढ़ाई है। प्रत्येक आयोजन में निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों के कलेक्टर, निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, स्वीप पार्टनर्स विभाग और बीएलओ को भी पुरस्कृत किया जाता रहा है। मतदाता जागरूकता संबंधी विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया जाता है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय भव्य एवं गरिमामय आयोजन में मतदाताओं को निर्वाचनों में भाग लेने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लेने की शपथ दिलवाई जाती है। पहली बार मतदाता बनने का सौभाग्य 18-19 साल के जिन युवाओं को मिला, हम उन पर गर्व करते आए है। उन्हें 'मतदाता होने का गर्व है और मतदान के लिये तैयार हैं हम' के बैज लगाकर वोटर आईडी कार्ड प्रदान किए जाते हैं। यह गर्व का विषय है कि इसके आयोजन में युवाओं से जुड़ी संस्थाओं तथा स्वैच्छिक संगठनों का भरपूर सहयोग मिलता है। मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना है।

आइए, हम भी जागरूक मतदाता के रूप में लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लें। लोकतंत्र का भाग्य विधाता, बने सब जागरूक मतदाता।

## सटाका




## आज की पाती

### गरीबी उन्मूलन की योजनाएं जनता तक पहुंचें

हाल में नीति आयोग ने देश की गरीबी के लिए आंकड़ा प्रस्तुत किया है, जिसमें यह बताया गया है कि देश में पिछले लगभग 9 वर्षों में लगभग 24 करोड़ से ऊपर के लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, मुख्यतः तीन राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार का आंकड़ा सकारात्मक है। इसका आकलन लोगों के जीवन स्तर, इनके रहन-सहन और शिक्षा के आधार से किया गया है। हमारे देश में गरीबी के वैसे तो बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण के कारण भी गरीबी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। मौसम चक्र के बिगड़ने के कारण दुनिया भर में इसका कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे महंगाई व गरीबी बढ़ेगी। *-विद्याधर शर्मा, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### शांति का एकमात्र तरीका



दशकों से, दो-राज्य समाधान को कई बार अपनाया गया, ख़त्म किया गया और मृत अवस्था में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह इज़राइल, फ़िलिस्तीन और क्षेत्र में टिकाऊ और न्यायसंगत शांति प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमले रोकने का आग्रह



हम लाल सागर में हमलों को चुनौती दिए बिना नहीं रहने दे सकते। मैं हूतियो से हमले रोकने का आग्रह करता हूं। ब्रिटेन निर्दोष लोगों की जान की रक्षा और नेविगेशन की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के लिए फिर से प्रतिक्रिया देने में संकोच नहीं करेगा।
-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### हम रुकेंगे नहीं



अग्निपथ घोटाले ने भारत के देशभक्तों के साथ धोखा किया है-1.5 लाख युवाओं को पुरानी भर्ती से नियुक्ति का वादा कर बदले में बेरोज़गारी दी है। सरकार उन्हें या तो भर्ती दे या मुआवज़ा। हम रुकेंगे नहीं जब तक नहीं मिलेगा 'युवा न्याय'।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आश्चर्यचकित हूं




मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं कि इंग्लैंड ने तीन स्पिनरों के साथ उतरने का विकल्प चुना है। तीन स्पिनरों के लिए काफी काम करना होगा। स्पष्ट रूप से, उन्होंने पिच को एक बड़े, शुरुआती टर्नर के रूप में पढ़ा है। रूट के साथ इंग्लैंड के लिए अच्छा रहेगा।
-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागीं कई मिसाइल



दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके पश्चिमी तट के समीप समुद्र में कई क्रूज मिसाइल दागी हैं। इस बीच, वाणिज्यिक सेटेलाइट तस्वीरों से यह भी पता चला है कि उत्तर कोरिया ने अपनी राजधानी प्योंगयांग में दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रतीक 'विशाल तोरण' गिरा दिया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले हफ्ते इस स्मारक को 'आंख की कांटा' करार दिया था और उसे गिराने का आह्वान किया था। उन्होंने घोषणा की थी कि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के पुराने लक्ष्य का परित्याग कर रहा है। उन्होंने दक्षिण कोरिया को सबसे बड़ा शत्रु घोषित करने के लिए संविधान के पुनर्लेखन का आदेश दिया था। मिसाइल का दागा जाना उत्तर कोरिया का इस साल का दूसरा ज्ञात (मिसाइल) लांच है। उससे पहले उसने 14 जनवरी को ठोस ईंधन वाली देश की पहली मध्यवर्ती बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। यह जापान और गुआम में अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित कर हथियारों के जखीरे में वृद्धि के उसके प्रयास को प्रदर्शित करता है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं इन नवीनतम मिसाइल परीक्षणों का विश्लेषण कर रही हैं।

## ऑफ बीट

# आप धन देकर अपनी राख चंद्रमा पर दफना सकते हैं



जब नासा ने 8 जनवरी को 50 वर्षों बाद एक बार फिर चंद्रमा पर लौटने का प्रयास किया, तो 10 करोड़ 80 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य के विकास और उपकरणों के अलावा भी बहुत कुछ दॉव पर लगा था। एजेंसी को इस दौरान कुछ मूल अमेरिकी नवाज लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पेलोड में एक असामान्य सामग्री होने के कारण लांच को रोकने का प्रयास किया। दरअसल पेरेग्रीन लैंडर (जिसने पिछले सप्ताह के अंत में वायुमंडल में अपना नियंत्रित पुनः प्रवेश पूरा किया) अपने साथ मानव राख ले जा रहा था, जिसमें प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक आर्थर सी. क्लार्क की राख भी शामिल थी। एक व्यावसायिक साझेदारी के तहत भुगतान करने वाले ग्राहकों को चंद्रमा पर अपने स्मृति चिन्ह भेजने की अनुमति दी गई है। जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण तेजी से निजीकृत और व्यावसायिक होता जा रहा है, अब आप अपना पसंदीदा सामान चंद्रमा पर भेज सकते हैं। डील के तहत कोई भी व्यक्ति 500 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत पर ढाई सेंटीमीटर गुणा पांच सेंटीमीटर का पैकेज चंद्रमा की सतह पर भेज सकता है। आकार के अलावा, प्रत्येक पैकेज में क्या हो सकता है, इस पर कुछ अन्य सीमाएँ थीं।

## अयोध्या में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बताया

# स्वयं 'हनुमान जी' पहुंचे गर्भगृह और प्रभु के दर्शन कर लौट गए

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक्स पर पोस्ट किया

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर जब दर्शन के लिए खोला गया तो एक बंदर गर्भ गृह के अंदर उस जगह पर पहुंच गया जहां श्री रामलला की प्रतिमा विराजमान है। सुरक्षाकर्मियों को लगा कि कहीं बदंर श्री रामलला की मूर्ति को गिरा न दे। इसलिए वे बंदर की तरफ गए। हालांकि बंदर ने बिना कुछ नुकसान पहुंचाए दर्शन किया और फिर वहां से शांति से चला गया। मंदिर ट्रस्ट ने दावा किया है कि बंदर गर्भगृह के अंदर रामलला की मूर्ति के पास पहुंच गया और फिर प्रभु श्री राम के दर्शन किए। घटना उस दिन की है जब मंदिर को आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दिया गया।





#### मंदिर में सुंदर घटना घटी

मंगलवार साम 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में मूर्ति के पास तक पहुंचा। सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर भागे कि कहीं यह मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे परंतु जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने से पूर्व की ओर बढ़ा। दर्शनार्थियों के बीच से बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया।

#### राम जन्मभूमि पथ के सभी रास्ते बंद किए

### 200-200 के जत्थे में श्रद्धालुओं को कराए जा रहे दर्शन



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बुधवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे। बुधवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अब 200-200 के जत्थे में श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है। राम जन्मभूमि पथ पर जाने वाले सभी अन्य मार्गों को बंद कर दिया गया है।

#### दर्शन करने पहुंचे तोगड़िया




### अयोध्या, मथुरा और विश्वनाथ तीनों लेंगे 'एक साथ' का दिया नारा

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया समर्थकों के साथ बुधवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने परमहंस रामचंद्र दास को नमन किया है।इस अवसर पर उन्होंने नारा दिया कि अयोध्या, मथुरा और विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ।

## खबर संक्षेप

### कोटा में नीट की तैयारी स्टूडेंट ने की आत्महत्या




**कोटा।** शिक्षा नगरी कोटा में कोचिंग छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यूपी निवासी मोहम्मद जैद पिछले एक साल से कोटा स्थित हॉस्टल में रहकर नीट यूजी की तैयारी कर रहा था। हॉस्टल संचालक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### 30 जनवरी को होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव



**चंडीगढ़।** मेयर चुनाव 30 जनवरी को सुबह दस बजे होंगे। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने आप और कांग्रेस की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि पार्षदों के साथ समर्थक या बाहरी राज्य की सुरक्षा नहीं होगी। 6फरवरी को चुनाव करवाने के आदेश को चुनौती देते हुए आप-कांग्रेस के गठबंधन के दावेदार ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी।

### टीएमसी नेता शाहजहां के घर ईडी का छापा



**नई दिल्ली।** पश्चिमी बंगाल स्थित ममता बेनर्जी के गढ़ में ईडी ने बुधवार को एक बार फिर छापा मारा। इस बार भी टीएमसी के बड़े नेता शाहजहां शेख के घर ही छापेमारी की। पिछली गलती को नहीं दोहराया। ईडी पर हमले के बावजूद पुलिस से कोई सहायता नहीं मिली थी। शेख पर आरोप है कि राशन वितरण में घोटाला किया था।

### न्याय यात्रा को लेकर खरगे की शाह को चिट्ठी



**नई दिल्ली।** असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई झड़पों को लेकर कांग्रेस ने राज्य की सरमा सरकार पर जुबानी हमले जारी रखे हैं।अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। खरगे ने राहुल की सुरक्षा के बार-बार खतरे में पड़ने की बात कही है। इसे लेकर असम पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं।

### एसबीआई की ताजा रिसर्च में दावा- उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और बढ़ेगी

# अयोध्या से प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख, पर्यटन से मिलेंगे 4 लाख करोड़



एजेंसी ⏭ अयोध्या

#### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से भक्तों का हुजूम उमड़ा

#### भगवान के दर्शन को इतनी भीड़ उमड़ी, मार्ग तक बंद करने पड़े

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से भक्तों की हुजूम उमड़ रहा है। पहले ही दिन 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन दिए। भारी संख्या में भक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसका असर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलेगा।

एसबीआई की ताजा रिसर्च में दावा किया गया है कि राम मंदिर और अन्य पर्यटन केंद्रों से यूपी को 5 हजार करोड़ रुपए तक टैक्स के रूप में मिल सकते हैं। इस साल यूपी में पर्यटन से जुड़ा कारोबार 4 लाख करोड़ को पार कर सकता है। पिछले दिनों फर्म जेफरीज ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अयोध्या पर्यटकों की संख्या के हिसाब से वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। अयोध्या में हर साल करीब 5 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। यह उत्तर प्रदेश ही नहीं भारत का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन जाएगा।

#### अयोध्या की 25 हजार करोड़ होगी अर्थव्यवस्था

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अयोध्या में हर दिन एक लाख से अधिक भक्त दर्शन करने पहुंचेंगे। यह संख्या कुछ ही दिनों में बढ़कर 3 लाख प्रतिदिन तक पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अगर एक व्यक्ति 2500 रुपए भी अपनी यात्रा पर खर्च करेगा तो अकेले अयोध्या में स्थानीय अर्थव्यवस्था 25,000 करोड़ रुपए तक बढ़ जाएगी।



#### तिरुपति बालाजी और वैष्णो देवी से ज्यादा पहुंचेंगे श्रद्धालु

अयोध्या जल्द ही भारत का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र बन सकता है। फिलहाल आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी में हर साल 2.5 करोड़ भक्त पहुंचते हैं। इससे 1,200 करोड़ का सालाना राजस्व होता है। वैष्णो देवी में सालाना 80 लाख पर्यटक आते हैं। इससे हर साल 500 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। आगरा में ताज महल देखने हर साल 70 लाख पर्यटक पहुंचते हैं जिससे 100 करोड़ की कमाई होती है। आगरा किला में 30 लाख पर्यटक आते हैं। इससे 27.5 करोड़ का सालाना राजस्व मिलता है। मथुरा और वाराणसी से भी अर्थव्यवस्था में भारी इजाफा हो रहा है।

#### एक और सौगात जल्द मिलेगी

#### 6 महीने में तैयार होगा 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज'



अयोध्याधाम को आधुनिक विकास एवं त्रेतायुगीन वैभव से सुशोभित करने के प्रयास में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और अध्याय जोड़ दिया है। प्रदेश को रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से जल्द ही एक और सुविधा मिलने वाली है। अयोध्या क्षेत्र में बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने तैयारी शुरू कर दी है और प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर्स एवं एजेंसी को आबद्ध करके 6 माह में पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन बेसिस पर पूरा किया जाएगा।

#### विस्तृत कार्ययोजना तैयार

अयोध्या के समेकित विकास के दृष्टिगत एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है और इसी के क्रियान्वयन के जरिए अयोध्या में इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। कार्ययोजना के अनुसार, बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ओवरब्रिज के वास्तुशिल्प व संरचनात्मक डिजाइन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। सभी आवश्यक सेवाओं के डिजाइन, काम शुरू करने के लिए आवश्यक स्थानीय निकायों और प्राधिकरणों से अनिवार्य अनुमोदन प्राप्त करने, काम और सेवाओं के निष्पादन और संपत्तियों को सभी पहलुओं में रहने योग्य बनाने के बाद सौंपने की प्रक्रिया को लेकर कार्ययोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

### हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है: सीएम ममता

# 'माया' मिली न 'ममता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/कोलकाता



विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है।

बेनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा, मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया। हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर मीडिया में आ रही खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने कहा, अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। ममता की पार्टी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है।

#### 'इंडिया' की बैठक से बनाई थी दूरी

तृणमूल कांग्रेस हाल में 'इंडिया' गठबंधन की एक डिजिटल माध्यम से आयोजित बैठक से दूर रही थी। कांग्रेस के लिए बंगाल में अपनी सीमाओं को पहचानने की आवश्यकता और राज्य की राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी को करने देने की अनुमति देने की आवश्यकता पर जोर दिया था। टीएमसी ने 2001 के विधानसभा चुनाव, 2009 के लोकसभा चुनाव और 2011 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से गठबंधन किया था। गठबंधन ने 2011 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की अगुवाई वाले वाम मोर्चा की 34 साल पुरानी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।

#### कांग्रेस बोली- ममता के बिना 'इंडिया' की कल्पना नहीं

कांग्रेस ने कहा कि ममता के बिना विपक्षी गठबंधन इंडिया की कल्पना नहीं की जा सकती। पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के उत्तरी सलमारा में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह उम्मीद भी जताई कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकसाथ चुनाव लड़ेगा। रमेश ने कहा कि आपने ममता का पूरा बयान नहीं पढ़ा है। पूरा बयान है कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं और भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं लेंगे। उसी भावना के साथ हम (भारत जोड़ो न्याय यात्रा) पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रहे हैं। उनका कहना था कि रास्ते में कभी कभी स्पीड ब्रेकर आ जाता है, कभी-कभी लाल बत्ती आ जाती है।

### पीएम मोदी नए मतदाताओं से करेंगे संपर्कः सूर्या

# भाजपा करीब 5000 जगहों पर आज करेगी नमो नव मतदाता कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु से सांसद तेजस्वी सूर्या ने बताया है कि गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी करीब एक करोड़ नए मतदाताओं से संपर्क करेंगे।

सूर्या ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया को दिए बयान में भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कल नेशनल वोटर डे है। ऐसे में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में पार्टी देशभर में नए मतदाताओं से संपर्क अभियान चला रही है। बता दें भाजपा इस अभियान में नए मतदाताओं को जोड़ने का काम करेगी। भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार इस बार देश में सात करोड़ नए मतदाता है। उनका कहना था कि इससे पहले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भी युवा मतदाताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में इस बार भी पार्टी युवाओं को ही आगे रखने पर काम कर रही है। युवा वर्ग देश का भविष्य हैं और यही वर्ग तीसरी बार मोदी जी को दोबारा पीएम बनाएगा।

सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि 25 जनवरी को भाजपा करीब 5000 जगहों पर नमो नव मतदाता कार्यक्रम कर रही है। जिसके तहत पीएम मोदी पहली बार मतदाता बनने जा रहे तकरीबन एक करोड़ युवाओं से संपर्क करेंगे। भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने आगे इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कहा कि वह बहुत ही अननेचुरल अलायंस है। इस गठबंधन का जमीन पर कोई अस्तित्व नही है।

### 30 फीट नीचे रामगंगा में गिरी कार, 4 की मौत



**बिजनौर।** जनपद में शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हरेवली स्थित रामगंगा बैराज पर मंगलवार रात करीब 8:30 बजे गेट नंबर-20 की रेलिंग को तोड़ते हुए ऑल्टो कार 30 फीट गहरे पानी में जा गिरी। इस दौरान सिकंदर पुत्र रऊफ प्रधान नूरपुर छीपरी ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। उसे भर्ती कराया गया है। सिकंदर के अलावा कार में सवार अन्य 4 लोगों की मौत हो गई।

### कौशल भवन का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया।

### सीएम नीतीश कुमार के 24 घंटे में तीन संकेत!

# मन की थाह पाना कठिन, पहले भी वे कई 'बड़े कदम' उठा चुके



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के 'मन' में क्या है? यह सवाल इन दिनों सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, नीतीश कुमार ने बिहार की राजनीति के इतिहास में कई बार 'बड़े कदम' उठाए हैं। करीब-करीब हर बार उनके इन 'बड़े फैसलों' के 15-20 दिन पहले प्रदेश में सियासी हलचल तेज दिखाई दे रही है। ऐसे में अब इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों का समय भी नजदीक आ रहा है और इन दिनों बिहार की सियासी आबोहवा कुछ-कुछ वैसी ही बनी हुई है। यही वजह है कि सियासी गलियारों में नीतीश कुमार के 'मन' की थाह लेने के कयास और प्रयास जारी हैं।

#### राज्यपाल से मिले, कर्पूरी के गांव पहुंचे व परिवारवाद पर साधा निशाना


इतना ही नहीं, बीते 24 घंटे में नीतीश कुमार ने ऐसे तीन संकेत भी दिए हैं, जिनसे एक बार फिर उनके बड़ा कदम उठाने के कयास तेज हो गए हैं। सीएम नीतीश मंगलवार को प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करने के लिए अचानक राजभवन पहुंच गए थे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले को लेकर नीतीश ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। इसके बाद नीतीश कुमार पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की जयंती के मौके पर बुधवार को उनके पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम पहुंचे थे। यहां उन्होंने राजनीति में परिवारवाद को लेकर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने कई ऐसी बातें कहीं, जिनसे तीसरा संकेत मिलता है कि नीतीश कुमार कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

### ज्ञानवापी मामले में जिला जज ने सुनाया फैसला

#### परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट हुई पेश

# सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी सार्वजनिक की जाएगी

एजेंसी ⏭ वाराणसी



ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि एएसआई की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। एएसआई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे।



#### मां श्रृंगार गौरी केस की चारों वादिनी ने किया था अनुरोध

मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था। वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है।

#### मसाजिद कमेटी ने भी की मांग

वहीं, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी का कहना है कि यदि सर्वे रिपोर्ट वादिनी महिलाओं को दी जाती है तो उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए। उधर, एएसआई का कहना है कि जब तक प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के मुकदमे में ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट की प्रति वह दाखिल न कर दे, तब तक उसे सार्वजनिक न किया जाए।

# आसमान में रशियन मिलिट्री प्लेन धू-धू कर जला




- रूस के पश्चिमी बेलगोरोड क्षेत्र में हुआ हादसा
- यूक्रेन के 65 युद्धबंदियों को लेकर जा रहा था विमान
- हादसे में सभी की मौत की जताई जा रही आशंका
- विमान के गिरने के बाद बड़ा धमाका और लगी आग

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस-यूक्रेन युद्ध से एक बड़ी खबर है। यूक्रेन के 65 युद्धबंदियों को लेकर जा रहा उनका आईएल-76 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रैश हो गया है। यह हादसा पश्चिमी बेलगोरोड शहर के उत्तर-पूर्व में क्षेत्र के कोरोचांस्की जिले में घटना हुई है। प्लेन में यूक्रेन के 65 सैनिक सवार थे। उन्हें यूक्रेन को सौंपने के लिए ले जाया जा रहा था। इसके अलावा प्लेन में 6 क्रू मेंबर और तीन एस्कॉर्ट्स थे।





- प्लेन में सवार थे रियो टिंटो कंपनी के मजदूर
- उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में फोर्ट स्मिथ के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त
- रियो टिंटो के सीईओ ने जताया दुख

## मजदूरों को ले जा रहा विमान कनाडा में क्रैश

*कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8 बजकर 50 मिनट पर हुआ। एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी।*

## खबर संक्षेप

### हमले में 21 इजराइली सैनिकों की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल और गाजा के बीच युद्द जारी है। इसी बीच मंगलवार को गाजा में हमास से लड़ते हुए कम से कम 21 और इजराइली सैनिक मारे गए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि सैनिक दो इमारतों को ध्वस्त करने विस्फोटक तैयार कर रहे थे, जब आतंकवादियों ने टैंक पर रॉकेट से ग्रेनेड हमला कर दिया, जिसके चलते विस्फोट हो गया। इमारतें पूरी तरह ढह गईं।

### चीन के जियांग्शी प्रांत में आग से 39 की मौत



**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हो गए। 3 बजकर 24 मिनट पर एक शॉपिंग एरिया के बेसमेंट में आग लग गई।

### पाक चुनाव में सेना के जवान होंगे तैनात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। तमाम राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से चुनाव प्रचार में लगी। इस बीच सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर नियमित सेना के जवानों को तैनात किया जाएगा, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरह से संपन्न हो सकें और किसी भी तरह की हिंसा को रोका जा सके। 277,000 सैनिकों को तैनात किया गया है।

### दुनिया आज भारत की विविधता और क्षमताओं को बड़े उत्साह से देख रही

# दुनियाभर में कई तरह से मनाया जा रहा गणतंत्र दिवस... दुबई में 'भारत उत्सव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया आज भारत की विविधता और क्षमताओं को बड़े उत्साह से देख रही है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और देश के 140 करोड़ परिवारजन आज आजादी का पर्व मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर विश्व के तमाम देश आज भारत के साथ इस पर्व की खुशी मना रहे हैं। लेकिन भारत इस मुकाम तक यूं ही नहीं पहुंचा। इसके लिए देश को अनेक कठिनाइयां उठानी पड़ी और एक लंबी यात्रा तय करनी पड़ी।

भारतीय कला और विरासत का जश्न मनाने वाला तीन दिवसीय कार्यक्रम 'भारत उत्सव' दुबई में शुरू हुआ। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीयों की संख्या 3.554 मिलियन पहुंच गई है। इस प्रकार भारतीयों को रोजगार देने में विश्व में यूएई का पहला स्थान है।

*' देश ने बीते 76 वर्षों में एक लंबा रास्ता तय किया। पिछले 76 साल में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार किया।*

### विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना भारत

**खास बातें**


- महोत्सव का मुख्य लक्ष्य भारतीय संस्कृति के आकर्षण को उजागर करना
- 'भारत उत्सव' विभिन्न कलात्मक विषयों में छिपी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करता

◆ देश के 140 करोड़ परिवारजन मनाएंगे गणतंत्र का पर्व



### पूरी दुनिया की निगाहें भी भारत पर

गौरतलब हो, देश ने बीते 76 वर्षों में एक लंबा रास्ता तय किया और एक मील का पत्थर स्थापित किया। पिछले 76 साल में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में काम किया। मगर आज भी हम एक विकासशील देश के रूप में जाने जाते हैं। यानी भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अभी एक रास्ता और तय करना है, और ये भी सही है कि आने वाले समय में देश के सामने कई चुनौतियां भी होंगी।



इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित

### फुल ड्रेस रिहर्सल में सेना ने दिखाया शौर्य का दमकार ट्रेलर

भारतीय सेना से लेकर अन्य राज्यों की झांकियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित है। पहली बार भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल होने वाली पांच महिला अधिकारियों में से 4 परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में भारतीय वायु सेना के 51 एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे, जिसमें 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन विमान और 13 हेलीकॉप्टर शामिल रहेंगे।



इन सभी एयरक्राफ्ट को 6 अलग-अलग बेस से संचालित किया जाएगा। महिला फाइटर पायलटों को भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया गया है। परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रही हैं। परेड के दौरान स्वदेशी हथियार जैसे एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और एंटी टैंक मिसाइल नाग का प्रदर्शन किया जाएगा।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बोले

# समय की है मांग...अब यूएनएससी में हो सुधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

◆ अभी यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्यों का दबदबा

पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना विश्व की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है, हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने से भारत नाराज है। खास बात है कि पूरी दुनिया से उठ रही सुधार की मांग में भारत को स्थाई सदस्य का प्रबल दावेदार माना जाता है। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पांच स्थाई सदस्य (रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका)। वहीं 10 अस्थाई सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थाई सदस्य किसी भी देश के प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में असमर्थ रहा है। भारत पहुंचते ही उन्होंने यूएनएससी में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में यह मुद्दा उठा था। गौरतलब है कि वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता कम हुई है। जिसके बाद से लगातार इसमें सुधार की मांग उठ रही है।

### भारत ने कई सराहनीय कदम उठाए

वहीं डेनिस फ्रांसिस ने जी20 में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्य बनाने को लेकर भारत की सराहना की है। फ्रांसिस ने कहा कि किसी को संदेश नहीं है कि भारत की अफ्रीका तक पहुंच हैं। जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करके भारत ने इसको दिखाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे कहीं अधिक ग्लोबल साउथ के विकास में सहायता और सुविधा देने की भारत की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

### 346 सदस्यों में से 287 ने पक्ष में किया मतदान

# तुर्किये ने स्वीडन की नाटो सदस्यता को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये की संसद ने मंगलवार को स्वीडन को नाटो में शामिल किए जाने संबंध में लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

इससे स्वीडन के दुनिया के शक्तिशाली सैन्य गठबंधन में शामिल होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किये की संसद में 346 सदस्यों में से 287 ने स्वीडन को नाटो में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 55 सांसदों ने इसका विरोध किया।



### भारत को धन्यवाद दिया

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने कहा कि अफगानिस्तान में टिड्डियों के खिलाफ संघर्ष में भारत हमारा सहयोगी है। इस समर्थन के लिए धन्यवाद। 40 हजार लीटर मैलाथियान कीटनाशक की आपूर्ति दो ट्रकों में की गई। अफगानिस्तान सरकार के कृषि, सिंचाई और पशुधन मंत्रालय को सौंप दिया गया।

### खुद को भी गोली से उड़ाया

# असम राइफल्स के जवान ने 6 साथियों पर बरसाईं गोलियां

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में भारत म्यांमार बॉर्डर पर तैनात असम राइफल्स के एक जवान ने कथित तौर पर अपने साथियों पर फायरिंग की है। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने पहले अपने सहकर्मियों पर गोली चलाई, जिसमें कम से कम 6 जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।



### घटना दुर्भाग्यपूर्ण

दक्षिण मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा के करीब तैनात असम राइफल्स बटालियन में एक जवान ने सहयोगियों पर गोलीबारी की। इससे 6 सहयोगी घायल हो गए, जबकि बाद में जवान ने खुद को गोली से उड़ा लिया। पुलिस ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### डोनाल्ड ट्रंप को फिर मिली बड़ी सफलता

# न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली को दी मात

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

दोबारा राष्ट्रपति बनने की कोशिश में जुटे डोनाल्ड ट्रंप को एक और बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में भारतीय मूल की निक्की हेली को मात दी है।



प्राइमरी चुनाव में जीत से पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दावेदारी और पुख्ता हो गयी है। बता दें कि अमेरिका के प्रमुख समाचार संगठनों ने एक चौथाई मतगणना होने के साथ रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव को ट्रंप के पक्ष में बताया था। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि हेली ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। वह रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के खिलाफ खड़ी इकलौती उम्मीदवार थीं।

### लगातार मार रहे बाजी

आयोवा कॉकस के बाद न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में जीत के करीब पहुंचकर ट्रंप ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का प्रत्याशी बनने की अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है, ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के इकलौते उम्मीदवार होंगे जिन्होंने तीन बार न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने एक साक्षात्कार में फॉक्स न्यूज से कहा था कि यह आज रात डोनाल्ड ट्रंप के लिए निर्णायक जीत है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली के लिए ट्रंप के समर्थन में इस दौड़ से हटने का यह सही वक्त है। ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान आयोजकों ने एक बयान जारी कर हेली से इस दौड़ से हटने को कहा था।


### वीजा को लेकर नए नियम बेहद सख्त

# कनाडा में अब पढ़ना और रहना हुआ बहुत मुश्किल

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा सरकार ने छात्र वीज़ा जारी करने के नियमों को सख्त कर दिया है। इसका सीधा असर उन भारतीय छात्रों पर पड़ सकता है।

कनाडा के इमिग्रेशन मामलों के मंत्री मार्क मिलर ने यह घोषणा की है कि 1 सितंबर, 2024 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र वीज़ा में 35% कटौती कर दी गई है। साल 2023 में वहां 5 लाख 79 हजार वीजा जारी किए गए थे। लेकिन नए नियमों के तहत यह संख्या इस इस साल 3 लाख 64 हजार रह जाएगी।



### इसलिए बनाया नियम

नियम बनाने की वजह बड़ी तादाद में छात्रों के वहां पहुंचने से आ रही समस्याओं से जुड़ी है। इसका असर वहां के आवास और बाजारों पर दिख रहा है। मंत्री मार्क मिलर ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि यह बंदिश अगले 2 साल रहेगी, क्योंकि नए नियम 2025 में आएंगे। इसके अलावा पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) में बदलाव की भी घोषणा की गई।

### जयशंकर ने नाइजीरिया में 30 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई

# अफ्रीका के उदय को लेकर आश्वस्त है भारत, मिलना चाहिए उचित स्थान

एजेंसी ▶▶ अबुजा

*भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका का उदय हो रहा है और भारत उसके उदय को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि भारत को अफ्रीका के उदय पर भरोसा है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अफ्रीका के उदय को लेकर आश्वस्त है और जब तक इस महाद्वीप को उसका उचित स्थान नहीं मिल जाता तब तक दुनिया का पुनर्संतुलन नहीं होगा और बहुध्रुवीय स्थिति नहीं बनेगी।

जयशंकर ने नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद (एनआइबीसी) को संबोधित करते हुए कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था का पुनर्संतुलन और इसकी पुनर्व्यवस्था तभी होगी जब आर्थिक स्थिति इसके मूल में होगी यानी अफ्रीका का आर्थिक उत्थान होना चाहिए।

- जयशंकर ने नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद को किया संबोधित
- संसाधनों और महत्वाकांक्षा के मामले में अफ्रीका तेजी से आगे बढ़ रहा
- जयशंकर नाइजीरिया की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री



### भारत और अफ्रीका के बीच बढ़ेगी साझेदारी

उन्होंने कहा कि यह कम समय में स्पष्ट रूप से बहुत अलग, अधिक सकारात्मक भविष्य की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, हरित एवं स्वच्छ विकास, पानी, कृषि स्थिरता एवं सुरक्षा और समुद्री अर्थव्यवस्था ऐसे कुछ क्षेत्र हैं जहां भारत और अफ्रीका के बीच साझेदारी बढ़ सकती है। जयशंकर युगांडा में आयोजित गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद नाइजीरिया पहुंचे। वह नाइजीरिया की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री हैं।

### नाइजीरिया से 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना व्यापार

उन्होंने कहा कि भारत और नाइजीरिया के बीच लगभग 13 से 15 अरब अमेरिकी डालर का सालाना व्यापार होता है और भारत ने नाइजीरिया में लगभग 30 अरब अमेरिकी डालर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया अफ्रीका में भारत का प्रमुख आर्थिक भागीदार है।

### वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जाना बहुत कठिन

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से यह विकल्प पेश करती है क्योंकि दूसरों के लिए बाजार बनकर या केवल संसाधनों का प्रदाता बनकर वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जाना बहुत कठिन है। जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका का उदय हो रहा है और भारत उसके उदय को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि भारत को अफ्रीका के उदय पर इसलिए भरोसा है क्योंकि आज किसी भी वस्तुनिष्ठ आकलन के अनुसार जनसांख्यिकी के मामले में, संसाधनों के मामले में, महत्वाकांक्षा के मामले में अफ्रीका तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### विश्व हिंदी दिवस समारोह अवसर पर पुरस्कृत

**भोपाल।** विदेश मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू भवन में आयोजित हुए विश्व हिंदी दिवस समारोह में पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार भोपाल पासपोर्ट कार्यालय को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी द्वारा प्रदान किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया एवं उनके पीए वरुण चौधरी ने यह पुरस्कार

### आज खुलेगा राजभवन 2 से 7 बजे तक भ्रमण

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस पर राजभवन आमजन के लिए 25 जनवरी से खोला जा रहा है। नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक राजभवन देख सकेंगे। इस अवसर पर राजभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो भोपाल की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित, हमारा संकल्प विकसित भारत और मप्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

### 'गांव चलो अभियान' और अनुशासन समिति की बैठक आज

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 25 जनवरी को दो अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी। लोकसभा चुनाव के लिए यह बैठकें आहूत की गई हैं। सुबह 11 बजे 'गांव चलो अभियान' के संबंध में बैठक आयोजित होगी। दोपहर 3 बजे अनुशासन समिति की बैठक की जाएंगी।

### एयर फोर्स इलेक्ट्रिशियन का हुआ प्रशिक्षण

**भोपाल।** शासकीय संभागीय आईटीआई ग्वालियर में प्लेसमेंट सेल द्वारा नए साल में नवाचार के तहत मिलिट्री इंजीनियरिंग सेवा में एयर फोर्स यूनिट में कार्यरत इलेक्ट्रिशियन एवं एसी तकनीशियन को उन्नत प्रशिक्षण दिया गया। कर्नल अनुपमा अग्रवाल (कमांडेंट वर्क्स) एयरफोर्स यूनिट, ग्वालियर ने प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रशिक्षण गुणवत्ता की प्रशंसा की।

### पर्यटन निगम का फूड और क्राफ्ट मेला आज

**भोपाल।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड गुरुवार को दोपहर 3 बजे से सैर-सपाटा पर फूड एवं क्राफ्ट मेले का आयोजन करेगा। प्रशिक्षित युवतियों द्वारा स्थानीय व्यंजनों तथा ऑर्ट एण्ड क्राफ्ट के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें बुन्देलखंड, बघेलखंड, महाकौशल, चंबल, निमाड़ एवं मालवा क्षेत्र के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ ले सकते हैं। साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट स्टॉल्स पर प्रदेश के हस्तशिल्प उत्पाद खरीद सकते हैं।

---

राहुल गांधी के राम लहर वाले बयान पर भाजपा आक्रामक कांग्रेस को कोसा

# कांग्रेस का मूल चरित्र रामद्रोही व सनातन विरोधी उसका प्रकटीकरण राहुल गांधी का यह बयान है

**राहुल के बयान पर कांग्रेस ने दी अपनी सफाई**

हरिभूमि विशेष

*अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक है। दरअसल, राहुल गांधी ने कहा था कि देश में कोई राम लहर नहीं है। यह प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम था और अब लोग काम में जुट गए हैं।*

### जो बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कराना चाहते हों, वह प्रभु श्री रामलला के विराजने से आनंदित कैसे होंगे?

जिनके लिए श्रीराम काल्पनिक थे, उनको राम लहर कैसे दिखाई देखी। जिनके इरादे सनातन को खत्म करने के हो, उनके रोम-रोम राम मय कैसे होंगे और जो बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कराना चाहते हों, वह प्रभु श्रीरामलला के अयोध्या विराजने से आनंदित कैसे होंगे। तो जो दिल में है, वह राहुल गांधी की जुबान पर आ गया। कांग्रेस का मूल चरित्र रामद्रोही और सनातन विरोधी है, उसका प्रकटीकरण राहुल गांधी का यह बयान है।

**आशीष अग्रवाल**
प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा



### वो राम के अस्तित्व को नकारते हैं, न तो उन्हें प्रभु राम दिखते हैं और न ही राम नाम की लहर

राहुल गांधी ठीक कह रहे हैं। जो राम के अस्तित्व को नकारते हैं तो न तो उन्हे प्रभु राम दिखते हैं और न ही राम नाम की लहर दिखेगी। हर सनातनी के रोम रोम में राम बसे है, पर तुष्टिकरण करने वालों को वह नहीं दिखेंगे। यही कारण है कि राहुल गाधी और उनका परिवार चुनाव में हिंदू बन जाते हैं, अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण के बाद भी शामिल नहीं हुए।

**पंकज चतुर्वेदी**
भाजपा प्रवक्ता



### राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 22 जनवरी को लोग अपने इलाके के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शामिल होंगे। उस दिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा असम में थी। राहुल मंदिर जाना चाहते थे लेकिन असम की सरकार ने उन्हें जाने नहीं दिया। अन्य लोगों को भी कार्यक्रम में नहीं बुलाया।



**दिग्विजय सिंह**, पूर्व सीएम मप्र

### आस्था से खिलवाड़ कर रही भाजपा

लोकसभा चुनाव के लिए राम मंदिर पर भाजपा ने प्लान तैयार किया है। कारसेवकों को प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में क्यों नहीं बुलाया। अधूरे मंदिर के निर्माण में प्राण-प्रतिष्ठा का कोई भी तर्क नहीं है। भाजपा ने लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है। भाजपा लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है।



**उमंग सिंगार**, नेता प्रतिपक्ष

---

पीएम मोदी की पहल से महाकाल लोक के निर्माण के बाद बढ़ा स्थानीय पर्यटन: सीएम डॉ.यादव

# उज्जैन आने-जाने के लिए हवाई सेवाएं होगी शुरू धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से महाकाल लोक के निर्माण के बाद से स्थानीय पर्यटन बढ़ा है। उज्जैन आने-जाने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए आवागमन के अन्य साधनों को बढ़ाने के साथ बेहतर हवाई सेवाएं भी प्रारंभ की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करने के बाद चर्चा कर रहे थे। उन्होंने व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्यों की गुणवत्ता और पूर्णता के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण**



### *मुख्यमंत्री ने सुंदरपुरी महाराज से भेंट कर लिया आशीर्वाद*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने क्षिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़ा पहुंचकर सुंदरपुरी महाराज से भेंट की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव हनुमंत आश्रम में हजारी हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजन करने पहुंचे और गो-सेवा कर जगत कल्याणी गो-माता को प्रणाम किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। संत समाज के आशीर्वाद से राज्य सरकार जनकल्याण और विकास के कार्यों में नए आयाम स्थापित करेगी।*

### महामंडलेश्वर शेखर महाराज का प्राप्त किया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महामंडलेश्वर अतुलेशानंद आचार्य शेखर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उज्जैन में चिंतामन गणेश रोड स्थित महाराज आचार्य शेखर के राजराजेश्वरी आश्रम पहुंचने पर बटुकों ने मंत्रोच्चार कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया गया। आचार्य शेखर ने कलावा बांधकर तिलक लगाकर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद प्रदान किया व प्रदेशवासियों के मंगल की कामना की।

### मालवा के लोग उज्जैन दर्शन के लिए अनिवार्य रूप से आते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा क्षेत्र में आने वाले पर्यटक अनिवार्य रूप से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं। आगामी सिंहस्थ के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाएं आवश्यक हैं। प्रयास है कि बाबा महाकाल के दर्शन आसानी से कम समय में संभव हो, विशेष रूप से दिव्यांगजन, वृद्ध और बच्चे शीघ्र दर्शन कर सकें। धार्मिक-आध्यात्मिक मान्यताओं में विश्वास रखने वाले और जिज्ञासुजन महाकाल लोक के साथ ही विभिन्न संग्रहालय देखें। सनातन संस्कृति को समझें। पर्यटकों और श्रद्धालुओं को नई व्यवस्थाओं का लाभ देने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकास के साथ ही सनातन संस्कृति के संरक्षण और अन्य धर्मों के लिए भी आवश्यक कार्यों के साथ आगे बढ़ रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास थाना टीम को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशभर के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन होने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि यह उपलब्धि देवास सहित हम सभी मध्यप्रदेश वासियों के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में मप्र के थाने का चयन होना सुशासन एवं बेहतर कानून व्यवस्था का उत्तम उदाहरण है।

### उज्जैन में सुविधायुक्त हेलीपेड और हवाई अड्डा बनेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र के लोग प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, क्योंकि उज्जैन के महाकाल लोक के निर्माण के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना बढ़ा है। हाल ही में अयोध्या में राम मंदिर महोत्सव के बाद उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी हवाई सेवाओं की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। उन्होने कहा कि इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि उज्जैन में सुविधायुक्त हेलीपेड एवं एयरपोर्ट बन सके।

### सीएम 686 अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति-पत्र

मध्यप्रदेश सिविल सेवा के वर्ष 2019 एवं वर्ष 2020 के लिए चयनित 686 अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के विकास विजन से परिचित कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 25 जनवरी को रवीन्द्र भवन में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे और सुशासन की प्रक्रियाओं पर संवाद करेंगे।

---

# चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से राज्य स्तर पर कटौती नहीं करें: कैलाश



**चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का अन्य मदों में समायोजन करने से निकाय आर्थिक दिक्कत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि का अन्य मदों में समायोजन करने से नगरीय निकायों को आर्थिक दिक्कतें पैदा हो जा रही है। उन्होंने वित्त अधिकारियों से कहा कि कुछ ऐसा करें कि निकायों की इस राशि का अन्य मदों में कटौती नहीं हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे निकायों को अतिरिक्त राशि पैदा करने के उपाय बताएं तथा साथ में उन्हें हिदायत भी दें कि अब ऐसे काम नहीं चलेगा, उन्हें हर हाल में निकाय की आय बढ़ानी होगी।

मंत्री विजयवर्गीय बुधवार को मंत्रालय में वित्त और नगरीय विकास विभाग व वित्त विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं निरंतर रूप से मिल सके, इसके लिए उन्हें वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें।

### विद्युत कंपनियों को जमा कराई जाए राशि

मंत्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों को देय चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से राज्य स्तर पर कटौती नहीं की जाना चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो कि नगरीय निकाय विद्युत देयक की राशि स्वयं विद्युत कंपनी को जमा करें।

### जो भी जनप्रतिनिधि निकायों में आए, उनका सम्मान हो

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आयुक्त नगरीय विकास संचालनालय में आने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो और उनकी समस्याओं के समाधान की व्यवस्था करें। उन्होंने बुधवार को शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन संचालनालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। मंत्री विजयवर्गीय ने भू-तल पर स्थित अपर संचालक अनिल कुमार गौड़ के कक्ष का निरीक्षण कर पेंशन और स्थापना संबंधी कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंत्री विजयवर्गीय ने प्रथम तल पर पेंशन व शिकायत शाखा का निरीक्षण किया।

---

पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

# पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में भी दी जाएगी मेस सुविधाः मंत्री गौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने बुधवार को भोपाल जिले के पिछड़ा वर्ग के कन्या और बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री गौर ने कहा कि प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को मेस की सुविधा दिए जाने पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने छात्रावासों में मेस शुरू करने के संबंध में कार्रवाई करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। मंत्री गौर के निरीक्षण के दौरान कन्या और बालक छात्रावासों में रह रहे छात्र-छात्राओं ने छात्रावास में मेस सुविधा शुरू करने की बात कही।



### कॉपर इलेक्ट्रिक वायरिंग करवाने के निर्देश

मंत्री गौर ने कन्या छात्रावास के भवन में कॉपर इलेक्ट्रिक वायरिंग करवाने के लिए भी कहा। छात्र-छात्राओं ने बताया कि मेस सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें स्वयं भोजन बनाना पड़ता है। इससे उनकी पढ़ाई में व्यवधान पड़ता है। कन्या छात्रावास में छात्राओं ने सर्दी में गीजर और वाइफाई की व्यवस्था देने के लिए भी कहा।

---

बाल अधिकारों पर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने आयोजित की कार्यशाला

# स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जाएः स्कूल शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और महत्वपूर्ण है, उसी तरह बच्चों की सुरक्षा और उनका संरक्षण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आवश्यक है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जाए। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही। बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2005, किशोर न्याय अधिनियम-2012 एवं पॉक्सो अधिनियम-2015 की जागरूकता के लिए मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राजधानी स्थित समन्वय भवन में बुधवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इस कार्यशाला में स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और मप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोरे, आयोग के सदस्य ओंकार सिंह, डॉ. निशा श्रीवास्तव, मेघा पवार, अनुराग पाण्डेय, डॉ. निवेदिता शर्मा और सोनम निमामा सहित अन्य उपस्थित रहे। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि इस संदर्भ में और बेहतर कार्य कैसे किया जा सकता है, इसके लिये स्कूल शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग संयुक्त बैठक कर आगे की रणनीति बनाएगे।

### जनजाति क्षेत्रों मे भी आंगनबाड़ी खोली जाएं

*महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चों और महिलाओं के उत्थान के लिए जनजाति क्षेत्रों मे भी आंगनबाड़ी खोली जाएं। कार्यशाला में मप्र बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र मोरे ने सुझाव दिया कि प्रवासी मजदूर परिवारों के बच्चों को भी हर प्रदेश में एक जैसी शिक्षा एवं मध्यान्ह भोजन प्राप्त कर सकें, इसके लिए वन नेशन वन ऐनरोल्मेंट पर काम हों।*

---

**वोटर टर्न आउट, मतदाता जागरुकता, नवाचार, सिक्योरिटी पाइंट, समेत अन्य पैरामीटर पर हुआ चयन**

आज राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होगा आयोजन

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने वालों का चुनाव आयोग करेगा सम्मान, मतदाता दिवस पर पांच कलेक्टर और एडीजी को राज्यपाल पटेल देंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मध्य प्रदेश के पांच जिलों के कलेक्टर, पांच जिला पंचायत और स्मार्ट सिटी सीईओ तथा एक एडीजी पुलिस का सम्मान गुरुवार को किया जाएगा।

इसके अलावा तीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी, तीन रिटर्निंग अफसर, चार तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी आयोग की ओर से चुनाव कार्य में बेस्ट परफार्मेंस के लिए सम्मानित किए जाएंगे। स्वीप पार्टनर विभाग के रूप में मतदाताओं को जागरूक करने में अच्छे काम के लिए आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को भी सम्मान के लिए बुलाया गया है। यह सम्मान राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा किया जाएगा। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 25 जनवरी को होने वाले मतदाता दिवस कार्यक्रम के लिए सम्मानित किए जाने वाले अफसरों और कर्मचारियों के नाम फाइनल हो गए हैं। इसमें आयोग की ओर से विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण से लेकर चुनाव कराने की पूरी प्रक्रिया तक के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, स्वीप अधिकारी और बीएलओ तक को सम्मानित करने का फैसला किया गया है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत की मौजूदगी में होने वाली इस आयोजन की तैयारियां मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन की टीम पूरी करने में जुटी है। इस दौरान नव मतदाताओं को वोटर कार्ड भी सौंपे जाएंगे। राज्य स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम में मतदाताओं को अधिकतम वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

*कलेक्टर सिवनी, मुरैना, मंडला, उमरिया, धार सहित आईएएस ऋतुराज जिला पंचायत सीईओ को मतदाताओं में मताधिकार के प्रति जागरुकता के लिए मिलेगा पुरस्कार*

### बेस्ट जिला निर्वाचन अधिकारी सम्मान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि बेस्ट जिला निर्वाचन के लिए चुनाव के दौरान होने वाली सम्पूर्ण कार्रवाई पर फोकस कर सम्मान के लिए अधिकारी चयनित किए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से जो पैरामीटर हैं, उसमें वोटर टर्न आउट, मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाता जागरुकता, जेंडर रेश्यो, नवाचार, सिक्योरिटी पाइंट, स्वीप एक्टिविटी समेत अन्य पैरामीटर शामिल हैं। इन सबके आधार पर जिन जिलों में अच्छा परफार्म हुआ है वे अधिकारी सम्मान के लिए बुलाए गए हैं। यही स्थिति रिटर्निंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के मामले में भी लागू की गई है।



### इन्हें किया आईडेंटिफाई

तपस्या परिहार, सीईओ जिला पंचायत छतरपुर को विधानसभा चुनाव के दौरान प्रबंधन और जागरुकता संबंधी कार्यों में विशिष्ट भूमिका के लिए सम्मानित किया जाएगा। दिव्यांक सिंह सीईओ स्मार्ट सिटी इंदौर को नवाचार के अंतर्गत जीरो वेस्ट पोलिंग बूथ और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर स्थापित करने के लिए स्पेशल अवार्ड दिया जाएगा। रेखा राठौर सीईओ जिला पंचायत झाबुआ को आदिवासी बाहुल्य झाबुआ में महिलाओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में शिक्षित करने और जागरुक करने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाएगा। पीसी शर्मा जिला पंचायत सीईओ सागर को स्वीप गतिविधियों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। ऋतुराज जिला पंचायत सीईओ भोपाल को मतदाताओं में मताधिकार के प्रति जागरुकता लाने के सम्मानित किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सैलाना एसडीएम मनीष होंगे सम्मानित

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विधानसभा चुनाव के संचालन एवं प्रबंधन विशिष्ट योग्यता के साथ किए जाने पर जिन उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को बेस्ट परफार्मेंस के लिए सम्मानित करने का फैसला किया गया है उसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव रतलाम, संजीव साहू नीमच, राजकुमार खत्री भिंड के नाम शामिल हैं। वहीं 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के मौके पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रिटर्निंग अधिकारी सैलाना (विस क्षेत्र 221) मनीष जैन को पुरस्कृत एवं सम्मानित करेंगे। बता दें कि मनीष जैन रतलाम जिले की सैलाना तहसील में एसडीएम पदस्थ हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के अभियानों को उत्कृष्टता के साथ संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। सैलाना विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड 90.10 प्रतिशत मतदान कराया।*



# गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल... मुख्य अतिथि आरक्षक के पीछे खड़े होकर डीजीपी ने किया परेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान सातवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक रामचन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। डीजीपी सुधीर सक्सेना मुख्य अतिथि के पीछे खड़े होकर परेड का निरीक्षण किया। हर्ष फायर के बीच पुलिस बैंड ने निरीक्षक सुनील कटारे के निर्देशन में जन गण मन की धुन बजाई। मुख्य अतिथि के संदेश का प्रतीक स्वरूप वाचन भी किया गया। हर्ष फायर के बाद पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच आकर्षक संयुक्त परेड निकाली गई।



## गुजरात रिजर्व पुलिस बल सहित 19 टुकड़ियां शामिल हुईं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया परेड का नेतृत्व





### लाल परेड मैदान पर होगा मुख्य आयोजन

मध्यप्रदेश में 75वां गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में होगा। सुबह 9 बजे आयोजन शुरू होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास बुधवार को लाल परेड मैदान पर किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने परेड एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संयुक्त परेड में गुजरात रिजर्व पुलिस बल, अश्वारोही दल व श्वान दस्ते सहित 19 टुकड़ियां शामिल थीं। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2020 बैच के अधिकारी खरगोन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया। परेड टू आई सी का दायित्व एसडीओपी बारासिवनी बालाघाट अभिषेक चौधरी ने निभाया।

---

**वाट्सएप पर मिलेगी कॉपी**

## 181 पर कॉल कर आधार नंबर देकर एक दिन में बनेगा आय-मूल निवास प्रमाण-पत्र

**भोपाल।** अगर आप मध्यप्रदेश के निवासी हैं और अपना आय या मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे हैं, तो चिंता मत कीजिए। अब आपको सिर्फ 181 पर कॉल करना होगा। यहां आधार नंबर बताकर प्रमाणपत्र ले सकते हैं। जिसके लिए आपके मोबाइल के वाट्सएप पर लिंक सेंट कर दी जाएगी। जिसके आधार पर कॉपी निकाली जा सकती है। सिटीजन केयर योजना के तहत यह सेवा दी जा रही है।

वर्तमान में आम लोगों को आय और मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र में जाकर आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए 20 रुपए लोक सेवा केंद्र की फीस भी चुकाना पड़ती है। इसके बाद सुबह आवेदन करने के बाद शाम को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। सिटीजन केयर योजना के तहत आम लोग अब इस सेवा का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए 181 पर कॉल करने के बाद सिर्फ आधार की जानकारी देना है। जिसके बाद वाट्सएप पर आय और मूल निवाास प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। लोक सेवा केंद्र प्रबंधक प्रसून सोनी का कहना है कि सिटीजन केयर योजना के तहत आय और मूल निवास की सेवाएं दी जा रही हैं। जिससे आम लोगों को बिना राशि खर्च किए तुरंत आय और मूल निवास प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। जिले के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया लोकसेवा केंद्रों का काम नए ठेकेदारों ने संभाल लिया है।

---

## राज्यपाल मंगुभाई ने हाट बाजार में वन मेले का किया शुभारंभ

# उपचार में उपयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के प्रयास होने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पर्यावरण संतुलन और समृद्धि के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने चाहिए। वृक्ष होंगे तो पर्यावरण स्वस्थ होगा और वनोपज से समृद्धि आएगी। उन्होंने वन उत्पाद और औषधियों के गुणों के व्यापक स्तर पर प्रसार की आवश्यकता बताई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पारंपरिक रूप से सदियों से उपचार में उपयोग किए जाने वाली जड़ी-बूटियों, औषधियों का वैज्ञानिक स्वरूप में प्रमाणीकरण के प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल पटेल राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ की ओर से आयोजित वन मेला 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मेले का आयोजन हाट बाजार में किया गया है। वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी उद्घाटन समारोह में मौजूद थे। उन्होंने जनजातीय समुदाय में प्रचलित अनुवांशिक रोग सिकल सेल के बारे में बताते हुए कहा कि वह 21 प्रकार के रोगों का कारण होता है। वन विभाग और आयुर्वेद विशेषज्ञों से कहा है कि वह रोग के उपचार में आयुर्वेदिक औषधियों के अनुसंधान के कार्य करें। उन्होंने मेले के संबंध में नगर में लाउड स्पीकर पर सूचना के प्रसार की जरूरत बताई है।



### वन मेले का आयोजन सराहनीय पहल है: पटेल

राज्यपाल पटेल ने कहा कि लघु वनोपज से समृद्धि के लिए वन मेले का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने अपील की है कि वह मेले में अधिक से अधिक खरीदारी कर, समाज के वंचित वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि समाज की विकास की मुख्य धारा में पिछड़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा है। विकास की पहली सीढ़ी शिक्षा है। उन्होंने वंचित वर्गों का आव्हान किया है कि वह बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जल वायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियां पर्यावरणीय असंतुलन का परिणाम है। पर्यावरण संतुलन का आधार वृक्षारोपण है।

### वन औषधियों के साइड इफेक्ट नहीं

राज्यपाल ने पेड़ों के आरोग्य, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वन औषधियों के साइड इफेक्ट नहीं होते। उनके उपचार का प्रभाव कोविड के समय हम सब ने देखा है। उन्होंने कहा कि घर की खिड़की के बाहर नीम अथवा पीपल के पेड़ होते हैं तो एयर कंडीशनिंग की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पौधरोपण में जनसहभागिता के लिए 12 राशि, 27 नक्षत्र और 9 ग्रह वनों की योजना की थी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सघन पौधरोपण बहुत जरूरी है।





### 35 लाख लोग वनोपज संग्रहण कार्य से जुड़े हैं

वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश में 35 लाख लोग वनोपज संग्रहण कार्य से जुड़े हुए हैं। राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए प्रभावी प्रयास कर रही है। वन पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की दिशा में राज्य सरकार की ओर से तेजी से कार्य किया जा रहा है। वन मेले का आयोजन वनोपज संग्राहकों को सीधे लाभांवित करने का प्रयास है।

### पारंपरिक लोक नृत्य से स्वागत किया

राज्यपाल का कार्यक्रम के प्रारंभ में जनजातीय लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोक नृत्य से स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का औषधीय पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। उन्हें वरली आर्ट की कृति और हर्बल उत्पादों का गिफ्ट हेम्पर भेंट किया। अपर मुख्य सचिव वन जेएन कांसोटिया, प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ विभाष ठाकुर, पीसीसीएफ वन बल प्रमुख अभय पाटिल, वनोपज संग्राहक और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

---

**मेडिकल स्टूडेंट्स को मिल सकती है राहत**

## सीट लीविंग बॉन्ड की बाध्यता हो खत्म, एनएमसी ने लिखा पत्र

### सभी राज्यों को लिखे पत्र में एनएमसी ने पीजी स्टूडेंट्स के सुसाइड का भी किया उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिकल कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को बहुत बड़ी राहत मिलने जा रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर यह सुझाव दिया है कि सीट लीविंग बॉन्ड की बाध्यता खत्म कर दी जाए, ताकि स्टूडेंट्स पर मानसिक दबाव को कम किया जा सके। एनएमसी ने अपने पत्र में भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में पीजी स्टूडेंट्स रही डॉ. आकांक्षा महेश्वरी के सुसाइड केस का भी उल्लेख किया है। हालांकि आयोग ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार चाहे तो संबंधित छात्र को एक वर्ष के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल न होने का प्रतिबंध लगा सकती है, लेकिन लाखों रुपये की जुर्माना राशि छात्रों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करती है। इसके बजाय ऐसा सहायक वातावरण बनाया जाए, जिससे चिकित्सा शिक्षा के छात्रों व रेजिडेंट डॉक्टरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को हल किया जा सके।

एनएमसी के अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अरुणा वी वणिकर ने कहा कि आयोग को कई शिकायतें मिली हैं, जो विभिन्न संस्थानों में छात्रों के बीच तनाव, चिंता और अवसाद के खतरनाक स्तर का संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए कई बार मानसिक राहत पाने में सबसे बड़ी बाधा यही जुर्माने की राशि होती है। यह भारी भरकम रकम न केवल छात्रों पर वित्तीय दबाव बढ़ाती है, बल्कि आगे बढ़ने में बाधा भी बनती है।

### छात्रा के पिता ने पीएम मोदी से की शिकायत

डॉ. वणिकर ने बताया कि मप्र के एक कॉलेज की पीजी छात्रा को लगातार 36 घंटे ड्यूटी करनी पड़ी। वह सीट छोड़ना चाहती है, लेकिन कॉलेज ने उसे 30 लाख रुपए का जुर्माना देने का नियम बताया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण छात्रा के पिता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख शिकायत की थी।

### प्रासंगिक नहीं अब यह नीति

डॉ. वणिकर ने कहा कि यह नीति अब प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि पिछले 10 वर्षों में सीटों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। अब पहले की तरह सीमित सीटें नहीं हैं, जिससे इस बात की आशंका हो कि कोई छात्र सीट छोड़ेगा। अब मेडिकल शिक्षा की सीटों में पर्याप्त वृद्धि हो चुकी है और कांउसलिंग में पात्र छात्र नहीं मिलने पर सीटें खाली रह जाती हैं।

### हो सकता है उचित निर्णय

एनएमसी का पत्र मिला है, यह एक तरह का सुझाव है। इस पर शासन स्तर पर ही कोई उचित निर्णय हो सकता है।

**डॉ. एके श्रीवास्तव**, संचालक चिकित्सा शिक्षा

### गरीब विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

डॉ. वणिकर के मुताबिक इस नीति को खत्म करने से सबसे ज्यादा फायदा उन गरीब छात्रों को मिलेगा, जो कई बार सिर्फ इस वजह से दाखिला नहीं ले पाते हैं कि क्योंकि उनके पास बांड के तौर पर चुकाने के लिए भारी-भरकम राशि नहीं होती है। इसके अलावा उन छात्रों को भी इसका फायदा मिलेगा, जो किन्हीं अपरिहार्य कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ना चाहते हैं। बांड के बंधन की वजह से कई छात्र इतना असहाय महसूस करने लगते हैं कि वे आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठा लेते हैं। इस लिहाज से बांड व्यवस्था खत्म करने से छात्रों पर मानसिक दबाव कम रहेगा।

---

## मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, राम आएंगे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सहारा सोशल वेलफेयर समिति ने दस नंबर के हनुमान मंदिर पर एक शाम राम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सेवा भारती के बच्चों ने मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे...गाया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम और हनुमान से जुड़े कई वृत्तांत भी सुनाए, जिससे भक्तिमय माहौल बन गया।

**एक शाम राम के नाम भजन संध्या का आयोजन**



**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद खगेन्द्र भार्गव, प्रांत संयोजक बजरंग दल सुशील सुडेले, पूर्व सांसद आलोक संजर, स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत सह प्रमुख सीमा भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

**सुदामा चरित के साथ भागवत कथा का हुआ समापन**

## श्रीकृष्ण ने लीला कर लोगों को जीवन जीना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला दशहरा मैदान में चल रही भागवत कथा के सातवें दिन भागवत कथा का समापन हुआ। इस दौरान कथावाचक पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने सुदामा चरित का वर्णन करते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने लीला कर लोगों को जीवन जीना सिखाया।

श्री कृष्ण ने लीला कर मित्रता का संदेश दिया। सच्चा मित्र वही, जो मित्र की परेशानी को समझ कर बिना बताए ही उसकी मदद कर दे। परंतु आज के समय स्वार्थ की मित्रता रह गई है। सुदामा जब अपनी पत्नी के कहने पर कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी पहुचे, तो प्रहरियों ने उनका



उपहास उड़ाया, जिसके बाद सुदामा बिना मिले ही लौटने लगे, पर जैसे ही श्री कृष्ण को मित्र सुदामा के आने की सूचना मिली तो वे सबकुछ भूल कर नंगे पैर ही दौड़ते हुए सुदामा से मिलते हुए उन्हें गले लगा लिया।

---

**व्यापारियों ने भी की खास तैयारी**

## साल के पहले गुरु-पुष्य का संयोग आज, बाजारों में रहेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खरीदारी के लिए विशेष शुभ और फलदायी माने जाने वाले गुरु पुष्य नक्षत्र का संयोग 25 जनवरी गुरुवार को पड़ने जा रहा है। यह इस साल का पहला गुरु पुष्य योग रहेगा, जो पूरे दिन विद्यमान रहने वाला है। यह योग खरीदारी के लिए काफी उत्तम माना जाता है। गुरु पुष्य के साथ-साथ इस दिन अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा। इस लिहाज से इस दिन भूमि, भवन, वाहन सहित सभी प्रकार की खरीदारी करना विशेष फलदायी रहने वाला है। ऐसे में इस दिन बाजारों में खरीदारी की रौनक रहने वाली है, साथ ही कारोबारियों ने भी इसके लिए खास तैयारियां कर ली हैं।

### आज पूरा दिन खरीदारी के लिए शुभ

पुष्य नक्षत्र 25 जनवरी गुरुवार को सुबह 07.49 बजे प्रारंभ होगा, जो अगले दिन तक रहने वाला है। इस लिहाज से 25 जनवरी को पूरा दिन खरीदारी के लिए शुभ रहेगा। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो नक्षत्रों में श्रेष्ठ पुष्य नक्षत्र में किए गए शुभ कार्य और खरीदारी विशेष फलदायी होती है। सभी प्रकार की खरीदारी इस नक्षत्र में करना अत्यंत लाभकारी होगा। खरीदारी और शुभ कार्यों के लिए लोग पुष्य नक्षत्र का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

---

## मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किए परीक्षा परिणाम

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षाफल घोषित किए हैं। राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की रूक जाना नहीं योजना, आ लौट चलें, आईटीआई समकक्षता, सीबीएसई ऑन डिमांड और मदरसा बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। संचालक मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रभातराज तिवारी ने बताया कि इन परीक्षाओं में 85 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें सबसे ज्यादा छात्रों की संख्या 72 हजार 686 रूक जाना नहीं योजना के थे। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 में 12 हजार 333, कक्षा 12 में 25 हजार 649 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। अधिकांश विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

---

**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा के विलय का मामला**

## रूल बुक आने के बाद पता चलेगा डॉक्टरों को फायदा होगा या नुकसान

### प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने कहा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के रूप में पुर्नगठित किए जाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय को प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने सराहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह अच्छा फैसला लिया है। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा। हालांकि रूल बुक आने के बाद ही कुछ कहने की स्थिति में होंगे कि अब स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स को फायदा होगा या नुकसान।

### संभागीय कमिश्नर प्रणाली का होगा अंत

दोनों विभागों के एक होने से डॉक्टरों की परेशानी तो कम होगी ही, मरीजों को भी राहत मिलेगी। क्योंकि अभी विभाग बदलने से मरीज को इधर से उधर भटकना पड़ता है, लेकिन अब उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही आदेशों में एकरूपता आएगी। संभागीय कमिश्नर प्रणाली का अंत होगा और भोपाल स्तर से ही काम होंगे। रही ग्रेड पे वाली बात तो स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स की अपेक्षा चिकित्सा शिक्षा विभाग के डॉक्टर्स कीर अपेक्षा चिकित्सा शिक्षा विभाग के डॉक्टर्स का ग्रेड पे इसलिए अधिक रहता है, क्योंकि वह उपचार के साथ-साथ बच्चों को पढ़ा भी रहे है।

**डॉ. सुनील अग्रवाल**
अध्यक्ष, प्रोगेसिव मेडीकल टीचर्स एसोसिएशन

### जिला अस्पतालों का होगा उन्नयन

हां जानकारी मिली है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय कर दिया गया है। वैसे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के ग्रेड पे में अंतर है। शासन ने कैसे और किस रूप में मर्ज किया है। यह अभी नियम आने के बाद ही पता चलेगा। विलय करने में शासन ने क्या-क्या क्राइट एरिया निर्धारित किए है, यह सब शासन की नियम और शर्तें आने के बाद ही पता चलेगा। हां लेकिन एक फायदा जरूर होगा कि जिला अस्पतालों का उन्नयन हो जाएगा।

**डॉ. सलिल भार्गव**
डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज

### हर जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलना आसान

केंद्र सरकार की तर्ज पर मध्यप्रदेश में पुनः दोनों विभागों के एकीकरण से दोनों विभागों में व्याप्त शासन के आदेशों में एकरुपता स्थापित होगी। चिकित्सकों को दोनों विभागों के एक होने से चिकित्सकों की अलग-अलग विभागों में दी गई सेवाओं की विसंगतियां तो दूर होंगी ही इसके साथ-साथ मरीजों को भी उचित इलाज प्राप्त हो सकेगा। केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश में जिला स्तर पर नए नए मेडिकल कॉलेज खोलने में भी आसानी होगी।

**डॉ. राकेश मालवीय**
संयोजक, चिकित्सक महासंघ

आरती के बाद आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया

# विधायक रामेश्वर के साथ 1100 श्रद्धालुओं ने दीपोत्सव मनाया और श्रीराम मंदिर प्रतिकृति की महाआरती की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा अपने कार्यालय युवा सदन के सामने निर्मित श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष निरंतर आयोजन चल रहे हैं। बुधवार की शाम श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष भोपाल की प्रतिष्ठित संस्था कर्मश्री के तत्वावधान में 1100 श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर दीपोत्सव मनाया।

कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में संस्था के 1100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिकृति के समक्ष दीप जलाकर सामूहिक रूप से महाआरती की। महाआरती के आयोजन में सभी ने मंदिर में प्रतिष्ठित श्रीराम जी की आरती उतारकर सर्व मंगल की कामना की। आरती के बाद आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से कर्मश्री संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कर्मश्री संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प ने हमारी पीढ़ी को सौभाग्य दिया
- विधायक शर्मा ने जन समुदाय को भव्य आयोजन के साक्षी बनने पर बधाई दी



**मोदी से श्रीराम ने ही ईश्वरीय कार्य कराया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प ने हमारी पीढ़ी को सौभाग्य दिया है कि हम जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर का निर्माण और उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते हुए देख पाएं। श्रीराम जी ने स्वयं प्रधानमंत्री मोदी को इस ईश्वरीय कार्य का निमित्त बनाया है। यह युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। यह विचार कर्मश्री अध्यक्ष एवं हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने उक्त अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान जो अयोध्या में मौजूद रहे या जो घर में रहकर भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आयोजन से जुड़े रहे वे सभी सौभाग्यशाली हैं, लेकिन जिन लोगों ने श्रीराम मंदिर के आमंत्रण का अनादर किया है उनका भाग्य कभी नहीं जागने वाला। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने उपस्थित जन समुदाय को इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने की बधाई देते हुए मोदी के नेतृत्व में भव्य भारत के निर्माण के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

स्कूल पढ़ने के लिए निकला था, घर नहीं लौटा

## पुलिस ने स्कूल से लापता हुए आठ साल के बच्चे को तलाशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अरेरा हिल्स स्थित एक स्कूल से लापता हुए आठ साल के बच्चे को कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद सकुशल तलाश कर परिजनों के हवाले किया है।

थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि झरनेश्वर मंदिर के पास रहने वाले फरियादी ने बताया कि उनके मामा का आठ साल का बेटा उनके पास रहकर तीसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हरी मजार के पास भीम नगर स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए निकला था, लेकिन शाम को पांच बच्चे छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालक की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। पुलिस टीम ने इलाके में सर्चिंग करने के बाद भीमनगर इलाके से ही बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### एक करोड़ ठगने वाले माता पिता और पुत्र गिरफ्तार

**भोपाल।** हनुमानगंज पुलिस ने पेपर कारोबारी को एक करोड़ रुपए का चूना लगाने वाले गुजरात के दंपती और उनके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों ने मिलकर कारोबारी से करीब एक करोड़ से अधिक का माल लिया था। इसके बाद अपने मोबाइल नंबर बंद कर दिए। कारोबारी ने घटना की शिकायत नवंबर 2023 में की थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तीन आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अवधेश भदौरिया ने बताया कि शांतिनगर निवासी अंकित गुप्ता पेपर का कारोबार करते हैं। उनके पास गत्ते बनाने वाले पेपर मिलते हैं। उनकी पहचान गुजरात के बच्चू भाई भूरा भाई अगोला, हर्ष बच्चू भाई अगोला एवं रमा बहन बच्चू भाई अगोला से हुई थी। तीनों अंकित गुप्ता से माल खरीदते थे। अंकित उन्हें उधार माल देने लगे। एक करोड़ से अधिक की उधारी हुई तो आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए।

### मिस्त्री की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर ओवर ब्रिज पर मंगलवार सुबह एक मिस्त्री का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि किसी व्यक्ति का शव कल्याण नगर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसकी पहचान गोविंद विश्वकर्मा (40) निवासी ओमकारा सेवनिया के रूप में की गई। पुलिस ने परिजन से पूछताछ की तो बताया गोविंद मिस्त्री का काम करता था और प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह भी वह काम पर जाने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा।

### टेनिस बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 को

**औबेदुल्लागंज।** राज्य स्तरीय औबेदुल्लागंज प्रीमियर लीग टेनिस बॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 26 जनवरी को कृषि फार्म औबेदुल्लागंज में विधायक सुरेंद्र पटवा के मुख्य अतिथि में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुंदर लाल पटवा की स्मृति में खेला जाएगा, जिसका आयोजन नगर स्थानीय रहवासियों द्वारा किया जा रहा है।

### घर में घुसकर बदमाश ने बुजुर्ग से की मारपीट

**भोपाल।** जहांगीराबाद में रहने वाली चौहत्तर साल की एक बुजुर्ग महिला के घर में अज्ञात बदमाश घुस गया और डंडे से मारपीट कर दी। महिला के शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो बदमाश मौके से भाग निकला। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक रौनी एंथोनी (31) जिंसी जहांगीराबाद में रहते हैं। कुछ ही दूरी पर उनकी बुआ क्रिस्टीना नथानियल (74) रहती हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर पर अकेली थी, तभी अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस गया और मारपीट करने लगा। क्रिस्टीना के शोर मचाने पर उनका पोता घर से नीचे उतरा तो देखा कि एक युवक दादी के साथ मारपीट कर रहा है।

## जेल रोड पहाड़ी पर बाइक आपस में टकराई, अस्पताल में छात्र की मौत

**एमपी नगर थाना पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जेल रोड पहाड़ी पर दो बाइक आपस में टकरा गई। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे के आसपास की है। इस हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक चालक के पैर में फैक्चर आया है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसआई गोविंद यादव ने बताया कि रोशन सिंह पिता त्रिभुवन सिंह (18) बरखेड़ा पठानी में रहता था और स्कूली छात्र था। गत 22 जनवरी की रात करीब आठ बजे वह जेल रोड पहाड़ी अपने घर बाइक से लौट रहा था। इसी बीच मुख्य चौराहा पर पहुंचा और सिग्नल रेड हो गया। सिग्नल रेड होने के बाद भी उसने बाइक तेजी से निकालने का प्रयास किया और सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। बाइक टकराने के बाद वह डिवाइडर में जा घुसा था। उसे सिर में गंभीर चोट थी। एंबुलेंस से रोशन सिंह को जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां परिचित पहुंच गए थे और उसे नर्मदा अस्पताल लेकर पहुंचे, नर्मदा अस्पताल में हालत नाजुक देखते हुए उसे अन्य अस्पताल जाने की सलाह दी गई। रिश्तेदार उसे मिसरोद स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज किए है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, युवक पर लोहे की पत्ती से किया हमला

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में शराब के लिए पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी कर रहे बदमाश ने युवक पर लोहे की पत्ती से हमला कर दिया। लोहे की सिर, हाथ और कंधे पर लगने से गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट समेत धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जितेंद्र रिछारिया, संजय नगर, शाहजहांनाबाद में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास वह घर के बाहर खड़े थे, तभी संजय नगर निवासी हेमन्त सिसोदिया उनके पास पहुंचा। उसके हाथ में लोहे की पत्ती थी। हेमंत ने जितेंद्र से शराब पीने के लिए पांच सौ रुपए मांगे। जितेंद्र ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इस बात से नाराज हेमन्त सिसोदिया जितेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी और लोहे की पत्ती से हमला कर दिया। वहां खड़े जितेंद्र के दोस्त नितेश धुमेरिया ने बीच बचाव किया था। लोहे की पत्ती लगने से जितेंद्र को सिर व बांए कंधे समेत दाहिने हाथ में चोट लगी है। विवाद की आवाज सुनकर जितेंद्र के रिश्तेदार आए तो आरोपी मौके से भगा निकला।

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित सेंट जोसफ स्कूल के पास मोड़ पर हुआ हादसा

# बोलेरो ने मारी बाइक सवार युवकों को टक्कर, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित सेंट जोसफ स्कूल के पास मोड़ पर बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसा मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे के आसपास हुआ। इस हादसे में बाइक सवार बी-फार्मा के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्तों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक और बोलेरो वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

- आरोपी चालक वाहन लेकर घटना स्थल से फरार
- पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के खंगाल रही फुटेज
- गांधीनगर स्थित निजी कॉलेज में बी-फार्मा थर्ड ईयर का छात्र था

**दोस्त को छोड़ने बाइक से इब्राहिमगंज जा रहे थे**

पुलिस के अनुसार मूलतः सरकड़िया गांव, जिला आगर मालवा निवासी 20 साल का अभिषेक गुर्जर पिता शिवनाथ गुर्जर, विट्ठल नगर लालघाटी में किराए के मकान में रहता था और गांधीनगर स्थित निजी कॉलेज में बी-फार्मा थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। उसका दोस्त प्रवेश कटारिया इब्राहिमगंज में रहता है। मंगलवार शाम अभिषेक उसका दोस्त केशव सेन दोनों प्रवेश को छोड़ने बाइक से इब्राहिमगंज जा रहे थे। बाइक केशव चला रहा था। बीच में अभिषेक और पीछे प्रवेश बैठा था। तीनों लालघाटी से कैंसर अस्पताल होते हुए सेंट जोसफ स्कूल की ओर से जा रहे थे। इस दौरान शाम करीब साढ़े पांच बजे के आसपास सेंट जोसफ स्कूल के आगे मोड़ पर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



अभिषेक गुर्जर, मृतक

**सिर में आई थी गंभीर चोट**

हादसे में अभिषेक को सिर में गंभीर चोट थी, जबकि केशव व प्रवेश मामूली रूप से घायल हुए थे। घायलों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डाक्टर ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए पहुंचाया। अभिषेक के पिता शिवनाथ खेती-किसानी करते हैं। उससे बड़े दो भाई हैं। अभिषेक सबसे छोटा था। वह बी-फार्मा करने के बाद गांव में दवा की दुकान खोलना चाहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी

**कार ने सड़क पर टहल रहे अधेड़ को मारी टक्कर, मौत**

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मिलेनियम कॉलेज गेट के सामने तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे टहल रहे युवक को टक्कर मार दी। घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास की है। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस को टक्कर मारने वाली कार का नंबर मिल गया है। नंबर के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पन्नालाल रावत पिता नोनिता लाल रावत (52) मिलेनियम कॉलेज के पास झुग्गी में रहते थे और मजदूरी करते थे। मंगलवार शाम वह घर से निकलकर मिलेनियम कॉलेज के मुख्य सड़क वाले गेट पर पहुंचे थे। इस दौरान सड़क किनारे टहलते समय नाथू बरखेड़ा से नीलबड़ की तरफ आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर लगने से वह दूर जा गिरे थे। हादसा घर से कुछ दूरी पर होने के कारण परिजन मौके पर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में बुधवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे के आसपास इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### तेज रफ्तार बाइक मंदिर किनारे दीवार से टकराई युवक की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सलैया में हनुमान मंदिर की दीवार से बाइक सवार टकरा गया। हादसा टर्निंग पाइंट पर बाइक मोड़ते समय हुआ। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण वह मुड़ी नहीं और दीवार तोड़ते हुए मंदिर तक पहुंच गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि अभिषेक वानखेड़े पिता राजेश वानखेड़े (20) ए -16, बीडीए कॉलोनी सलैया में रहता था। पूर्व में ड्राइवरी करता था, लेकिन कुछ दिन से ड्राइवरी बंद कर उसने दुकान में काम करना शुरू कर दिया था। मंगलवार रात वह अपनी होंडा साइन बाइक से घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सांची पार्लर और हनुमान मंदिर के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर मंदिर की दीवार में घुस गई। हादसा टर्निंग पाइंट पर हुआ था। रफ्तार होने के कारण बाइक की टक्कर से दीवार टूट गई और बाइक सवार उछलकर मंदिर तक पहुंच गया। घर से कुछ दूरी पर हुए हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों से परिजन को मिल गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया।

नगर पालिका सांस्कृतिक कार्यक्रम का दूसरा दिन

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने धार्मिक व देश भक्ति गीतों की दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप




जीवन में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ खेल का भी विशेष महत्व है। खेल से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ्य रहते हैं और बच्चों का विकास भी तेजी से होता है। उपरोक्त बात भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बुधवार को नगर पालिका द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारे खिलाड़ियों को सीखने के नए अवसर मिलेंगे और वे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हम बच्चों को ऐसी शिक्षा देना चाहते हैं, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारकर देश-प्रदेश ही नहीं विदेशों में भी अपना, अपने माता-पिता का नाम रोशन करे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका द्वारा खेल महाकुंभ के बाद चार दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम को आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं ने धार्मिक व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय ने बताया कि स्कूली छात्र छात्राओ द्वारा इस बार भगवान राम पर ज्यादा प्रस्तुति देकर पूरा पण्डाल राममय किया हुआ है।

### नेहरू नगर पुलिस लाइन से पुलिसकर्मी की साइकिल चोरी

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर पुलिस लाइन से अज्ञात बदमाश पुलिसकर्मी की साइकिल चुराकर ले गया। करीब एक सप्ताह तक पुलिसकर्मी ने अपनी साइकिल की तलाश की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार परमार (43) मकान नंबर जी-5/26 पुलिस लाइन नेहरू नगर में रहते हैं और पुलिस विभाग में नौकरी करते हैं। गत 16 जनवरी की रात करीब 11 बजे उन्होंने अपनी 21 गियर वाली सनक्रस कंपनी की साइकिल घर के सामने पार्किंग में खड़ी की थी। अगले ही दिन 17 जनवरी की सुबह उन्होंने देखा तो साइकिल नहीं थी।

समिति की बैठक में प्रस्ताव पास कर सड़क बनाने का लिया निर्णय

## वन ग्राम पांजीर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बना रही तीन किलोमीटर सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्वैच्छिक संगठनों की आवश्यकता विकास कार्यों में हमेंशा से रही है। यह अलग बात है कि आज हर कार्य सरकार के भरोसे होता जा रहा है, लेकिन इस धारणा को तोड़ते हुए औबेदुल्लागंज विकासखंड की पिपलियागोली पंचायत के ग्राम पांजीर में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पांजीर द्वारा जन सहयोग से ग्राम में तीन किमी सड़क बनाने का निर्णय लिया गया है।

समिति के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंटस रमेश कुमार ने बताया कि प्रशासन वन विभाग की अड़चन का सहारा लेकर ग्राम में सड़क बनाने से मना कर रही, जिसके चलते वन ग्राम के लोगों को खराब सड़क से ही आना-जाना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रख ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ग्रामीणजनों के सहयोग से सड़क बनाने का फैसला लिया है। इस को लेकर समिति द्वारा बैठक आयोजित कर प्रस्ताव बनाया गया, जिसके बाद समिति के सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान होने पर सभी ग्रामीणों ने इस कार्य को करने पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्य में पप्पू सिंह, लाल सिंह, रेख सिंह, कमल सिंह द्वारा सहयोग किया जा रहा है। सड़क बनाने के लिए जन सहयोग से मिट्टी एवं कोपरा का भी इंतजाम किया जा रहा है।



मंगल कामना के लिए मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में डाली आहुतियां

# भागवत कथा के श्रवण से होता है पापों का नाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर के सतलापुर में जनकल्याण एवं पर्यावरण शुद्धता के लिए श्री महारुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 7 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में विद्वान ब्राह्मणों ने 15 यजमानों से मंत्रोच्चार के साथ मंगल कामना के लिए हवन कुंड में आहुतियां छुड़वाई। वहीं दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित की जा रही है।

कथावाचक डॉ. राधा माधव गिरधर महाराज द्वारा कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के वाचन और श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी और परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। कथा वाचक डॉ. राधामाधव ने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधुकारी का भी उद्धार हो गया। कथा के बाद प्रतिदिन लोगों के लिए प्रसाद वितरण किया जाता है।

**नेमीनाथ मंदिर में मनाया अभिनंदननाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव**



औद्योगिक नगर के महावीर कलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर अभिनंदननाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महामहोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने भगवान अभिनंदन नाथ का रजत कलश से अभिषेक किया गया। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप, व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन मामा ने बताया कि बुधवार जैन संप्रदाय के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक दिवस है। आज के दिन भगवान अभिनंदन नाथ को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। केवल ज्ञान प्राप्त करने उपरांत उन्होंने अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त किया। बुधवार को मंदिर में भगवान अभिनंदन नाथ का रजत कलशो से अभिषेक किया गया।

## नगर के धावकों ने राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर के धावकों ने भोपाल के सीआईएसएफ मैदान पर आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड पदक प्राप्त किया है।

जानकारी अनुसार नगर के खेल प्रशिक्षक दिनेश दांगी द्वारा शार्ट पुट में गोल्ड पदक तथा 5000 मीटर दौड़ में सिल्वर पदक प्राप्त किया है। इसके अलावा पुलिस थाने में एसआई आरपी गोह ने 10 किलोमीटर रेस में गोल्ड पदक तथा 5 किलोमीटर रेस में सिल्वर पदक प्राप्त किया है। इसके अलावा राधेश्याम रघुवंशी ने हेमर फेंक में गोल्ड व पांच हजार मीटर चाल में गोल्ड तथा सन्तोष सेन ने पांच हजार मीटर दौड़ में गोल्ड पदक प्राप्त किया है। ज्ञात रहे कि उक्त प्रतियोगिता में गोहे लगातार 4 वर्षों से चैंपियन हैं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, विनोद जैन सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है।



# अरबाज खान के हाथ लगी एक बड़ी फिल्म...

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रेजिना कैसेंड्रा की आगामी फिल्म 'सेक्शन 108' में हाल ही में शूरा खान के साथ शादी के बंधन में बंधे अभिनेता अरबाज खान नजर आएंगे। अभिनेता फिल्म में एक शक्तिशाली व्यवसायी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म फिलहाल लोनावला में अपने आखिरी शेड्यूल में है। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए अरबाज ने कहा, 'यह एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है और शादी के बाद मुझे ऑफर की गई पहली फिल्म भी है। वास्तव में, यह एक शानदार भूमिका है। 'सेक्शन 108' की टीम वास्तव में ऊर्जावान और अद्भुत है।

लाइफ Style



# नोरा
## ध्रुव सरजा की फिल्म में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

नोरा फतेही जितना बेहतरीन डांस करती हैं, उतनी ही बेहतरी एक्ट्रेस भी हैं। वह बॉलीवुड कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अब उनकी झोली में एक कन्नड़ फिल्म भी आ चुकी है। यह फिल्म कन्नड़ इंडस्ट्री के यंग सुपरस्टार ध्रुव सरजा के साथ देखेंगी।

इस फिल्म में संजय दत्त भी विलेन के किरदार में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी। यह फिल्म का टाइटल टीजर अक्टूबर 2022 में जारी हुआ था। ध्रुव सरजा स्टारर इस फिल्म का नाम 'केडी-द डेविल' है। फिल्म से नोहा का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। फिल्म के फर्स्ट लुक में नोरा को रेड कलर की ड्रेस में दिखाया गया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। नोरा का अनाउंसमेंट पोस्टर निश्चित रूप से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। पैन-इंडिया फिल्म 'केडी- द डेविल' 1970 के दशक की बेंगलुरु की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर है। नोरा फतेही और ध्रुव सरजा के अलावा इसमें शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, रमेश अरविंद और वी रविचंद्रन भी हैं। फिल्म अपराधियों और ठगों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'केडी-द डेविल' केवीएन प्रोडक्शंस प्रेम द्वारा निर्देशित व प्रस्तुत है। फैन इंडिया फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। बात करें वर्कफ्रंट की तो नोरा फतेही जल्द ही विद्युत जामवाल के साथ 'क्रैक- जीतेगा तो जिएगा' में नजर आएंगी। इसमें एमी जैक्सन और अर्जुन रामपाल भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने साइन की द ब्लफ!

लांस एंजिलिस। ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के करियर के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। अभिनेत्री बैक-टू-बैक हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स साइन कर रही हैं। 'देसी गर्ल' आखिरी बार एक्शन से लबरेज सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आई थीं। वहीं, अभिनेत्री रिचर्ड मैडेन स्टारर इस एक्शन-पैक्ड स्पाई थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन में भी नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब उनके फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।




# जेम्स गन ने दिया बड़ा अपडेट...

**लांस एंजिलिस।** डीसी स्टूडियोज के सह-प्रमुख जेम्स गन ने इस बैनर तले बनने जा रही कई फिल्मों को लेकर बड़ा अपडेट फैंस के साथ साझा किया है। हाल ही में थ्रेड्स पर प्रशंसकों के साथ एक बातचीत में उन्होंने उन्होंने जे जे अब्राम्स के सुपरमैन प्रोजेक्ट सहित डीसी यूनिवर्स को लेकर कई जानकारियां दीं। थ्रेड्स पर बातचीत के दौरान उन्होने पुष्टि की कि अब्राम्स की सुपरमैन एल्सेवर्ल्ड फिल्म अब भी विकास के चरण में है। साल 2021 में यह बताया गया था कि अब्राम्स ता-नेहीसी कोट्स के साथ सुपरमैन रीबूट का निर्माण और साथ ही, इसका लेखन भी कर रहे थे। हालांकि, फिल्म का कोई कथानक सामने नहीं आया था, लेकिन यह बताया जा रहा है कि यह सुपरमैन एक दूसरे यूनिवर्स में मौजूद होगा न कि उसी ब्रह्मांड में जिसे गन सुपरमैन लेगेसी के लिए विकसित कर रहे हैं।



# भूमि की फिल्में फरवरी में ही होती हैं रिलीज

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर का नाम बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'भक्षक' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभिनेत्री की ज्यादातर फिल्में फरवरी महीने में ही रिलीज होती हैं। वहीं, भूमि की आगामी फिल्म 'भक्षक' भी फरवरी के महीने में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बीच अब अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनकी फिल्में फरवरी के महीने में ही क्यों रिलीज होती हैं? तो चलिए जानते हैं... भूमि पेडनेकर ने एक बातचीत में कहा, 'अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद से ही फरवरी का महीना मेरे लिए सबसे खास रहा है। मेरी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' फरवरी में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से मुझे बहुत प्रशंसा और सम्मान मिला है।




# रिलीज हुआ किरण की मूवी का ट्रेलर...

**मुंबई।** एक्टिंग की दुनिया से दूर आमिर खान बहुत जल्द फिल्ममेकर के तौर पर वापसी करते हुए नजर आएंगे। लंबे समय से अभिनेता के प्रोडक्शन हाउस में बनी मूवी लापता लेडीज का नाम सुर्खियों में बना हुआ है। इस बीच आमिर की मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। इस फिल्म की कहानी पत्नी की अदला-बदला के दिलचस्प किस्से पर आधारित है। आइए एक नजर आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव के डायरेक्शन में बनी इस मूवी के ट्रेलर पर डालते हैं। बुधवार को जियो स्टूडियोज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म लापता लेडीज का शानदार ट्रेलर रिलीज किया गया है। स्पर्श श्रीवास्तव स्टारर लापता लेडीज में पत्नी की अदला-बदली की कहानी को बखूबी दर्शाया गया है।

टीवी मसाला



# ... रो पड़ीं दीपिका, अरुण गोविल भी हुए निराश...

**मुंबई।** डीडी के रामायण में देवी सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान रो पड़ीं। अभिनेत्री मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित कई सितारों में से एक थी। उनके साथ शो में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और लक्ष्मण का रोल निभाने वाले सुनील लाहिरी भी शामिल हुए थे। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, दीपिका न केवल दिखाई दीं बल्कि उद्घाटन के दौरान वो अपने आंसू पोंछती भी नजर आईं। जहां दीपिका अपने आंसू नहीं छिपा सकीं, वहीं अरुण गोविल ने निराशा व्यक्त की कि उन्हें उद्घाटन के दिन दर्शन नहीं मिल सके। रिपोर्ट के अनुसार, अरुण से राम मंदिर पर उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया और अभिनेता ने कहा, 'सपना तो भैया पूरा हो गया पर मुझे दर्शन नहीं हुए। मैं कुछ नहीं कह सकता इस समय (सपना तो पूरा हो गया लेकिन दर्शन नहीं कर पाया। मैं फिलहाल कुछ नहीं कह सकता)।'

## 'हिंदुत्व' की आवाज बुलंद करने आ रही हैं रामायण की 'सीता'

**मुंबई।** 22 जनवरी को पूरा देश राममय हो गया, जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिसाहिक मौके को देखने के लिए देश के नामी लोग पहुंचे, जिसमें साधु और संतों के अलावा बॉलीवुड और टेलीविजन जगत के सितारे भी शामिल रहे। इस खास दिन 'रामायण' की सीता यानी कि एक्ट्रेस दीपिका चिखलिया भी शामिल रहीं। इसी हिंदुत्व की बात करते हुए इसके एक अलग पक्ष से युवाओं के दिलों के स्पंदन को महसूस कराने ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 'हिंदुत्व' फिल्म रिलीज होने वाली है। फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है। उसकी जिंदगी में तब सबकुछ बदलता है, जब एक पढ़ा लिखा लड़का उसमें हिंदुत्व के अलख जगाता है। इस 'हिंदुत्व' में हिंदुस्तान की प्राचीन सभ्यताओं के साथ ही वर्तमान के हालात को भी दिखाया गया है।

# आलिया, रणबीर-विक्की की जमेगी तिकड़ी....

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली को निर्देशक हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की अपार सफलता के बाद अब संजय वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। डायरेक्टर की अगली मूवी का एलान हो गया है, जिसका नाम लव एंड वॉर है। खास बात ये है कि इस मूवी में हिंदी सिनेमा के मशहर कलाकार आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की तिगड़ी बनेगी। लंबे समय से इस बात को लेकर चर्चा काफी तेज थी आखिर कब संजय लीला भंसाली अपने अगली फिल्म का एलान करेंगे। ऐसे में बुधवार 24 जनवरी को विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर संजय की अपकमिंग फिल्म की डिटेल्स शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट को बड़ा दिया है। संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म के पोस्ट को शेयर कर विक्की ने लिखा है- आखिरकार मेरा सपना सच हो गया है। इस पोस्ट में संजय की लव एंड वॉर का नाम और रिलीज डेट लिखी है, साथ ही नीचे आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल के सिग्नेचर नजर आ रहे हैं।





# शादी की सालगिरह पर लुटाया प्यार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और नताशा दलाल की बुधवार शादी की तीसरी सालगिरह थी। अपनी एनिवर्सरी के इस खास मौक पर एक्टर ने सोशल मीडिया पर पत्नी नताशा के साथ एक प्यारी सी फोटो शेयर की है। फैंस उनकी इस फोटो पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल अक्सर साथ स्पॉट किए जाते हैं, जो दोनों के बीच की शानदार बॉन्डिंग को दर्शाता है। वरुण और नताशा की लव स्टोरी भी काफी अनोखी रही है। एक्टर होने के नाते वरुण की बड़ी फैन फॉलोइंग हैं, वहीं नताशा लाइमलाइट से दूर ही रहती हैं। वरुण धवन की पहली मुलाकात 6वीं क्लास में नताशा दलाल से पहली बार हुई थी।*

## जब भी मैं हनुमान जी के गेटअप में आता हूं, मेरे मुंह से गालियां नहीं निकलतीं हैं

# पर्दे पर भगवान का रोल करके कोई बन गया वेजिटेरियन तो किसी का गुस्सा हुआ कम

***मुंबई।*** *एक्टिंग के बारे में कहा जाता है कि हर किरदार कलाकार की जिंदगी में अपना कुछ न कुछ हिस्सा छोड़कर जाता है। वह कलाकार की जिंदगी में कोई न कोई बदलाव लाता है। कम से कम पर्दे पर भगवान श्रीराम, शिव जी, हनुमान, मां सीता, पार्वती आदि की भूमिकाएं निभाने वाले एक्टर्स तो इस बात से पूरी सहमति जताते हैं।*

### गुस्सा आना कम हो गया : निर्भय



पर्दे पर कई शोज में बजरंग बली का किरदार निभा चुके ऐक्टर निर्भय वाधवा एक बार फिर सीरियल 'श्रीमद् रामायण' में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं। उनका कहना है, 'मुझमें इस किरदार को निभाने के बाद बहुत ज्यादा बदलाव आया है। आप बुरी आदतों से खुद-ब-खुद दूर हो जाएंगे। अगर आप कुछ सेवन करते हैं, नॉन वेज, सिगरेट, शराब छूट जाएंगे। मैं ये सब पहले भी नहीं लेता था, लेकिन हनुमान जी का रोल करने के बाद तो मैं इन चीजों को दूर से हाथ जोड़ता हूं। मेरी अंदर से इच्छा ही नहीं होती है। मुझे गुस्सा आना कम हो गया।

### गालियां भूल जाता हूं : दानिश



'कर्माधिकारी शनिदेव' में हनुमान का किरदार निभा रहे दानिश अख्तर के मुताबिक, हनुमान जी का किरदार एक इंसान को बदल देता है। हर कोई हनुमान जी का किरदार नहीं कर सकता, क्योंकि यह करना आसान नहीं है। जब भी मैं हनुमान जी के गेटअप में आता हूं, मेरे मुंह से गालियां नहीं निकलतीं। '

### आध्यात्म से हो गया जुड़ाव : शुभा




इन दिनों सीरियल 'शिव शक्तिः तप, त्याग तांडव' में मां पार्वती का रोल कर रहीं ऐक्ट्रेस शुभा राजपूत भी इस किरदार को खास मानती हैं। उन्होंने कहा- बकौल शुभा, यह मेरे लिए सिर्फ एक भूमिका नहीं है, यह मेरे लिए एक ट्रांसफॉर्मेटिव जर्नी है। इस किरदार को रियल बनाने के लिए मैंने रोज मेडिटेशन करना और पौराणिक किताबें पढ़नी शुरू की थीं। फिर जिस आदत को मैंने एक रोल के तैयारी के रूप में शुरू किया था, अब वह जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। अब रोज अध्यात्म करना और पौराणिक किताबें पढ़ना मेरी दिनचर्या का हिस्सा है। इस वजह से मेरे व्यक्तित्व में गंभीरता और मेरे चंचल मन में सुकून आया है। मैं खुद में ये पॉजिटिव बदलाव महसूस किया है।

### शांत और पॉजिटिव हो गईः शिव्या



हिमाचल की कुड़ी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने पर्दे पर माता सीता, लक्ष्मी, पार्वती जैसे कई पौराणिक किरदार निभाए हैं। उनका मानना है कि ऐसे किरदार भगवान की कृपा से ही मिलते हैं। सीरियल 'बाल शिव' में पार्वती और 'राम सिया के लव कुश' में माता सीता का रोल करने वाली शिव्या का कहना है, 'ऐसे किरदार निभाने से आप बहुत सारी क्वॉलिटीज अपने अंदर लाते हैं। आपमें कुछ बुराई भी होती है, तो आप उसे ठीक करने लग जाते हैं। जैसे, सिया के रोल के लिए आपका मन शांत होना चाहिए और वही बदलाव मैं भी अपने अंदर लेकर आई।

### पहाड़ों में जाकर ध्यान करने वाला था : हिमांशु



एक्टर हिमांशु सोनी भी छोटे पर्दे पर राम, शिव, बुद्ध, विष्णु जैसे भगवान वाले किरदारों को जीवंत कर चुके हैं। लेकिन सालों पहले 'बुद्धः राजाओं के राजा' में भगवान बुद्ध की भूमिका का उन पर निजी तौर पर भी गहरा असर हुआ था। हिमांशु ने बताया था, 'बुद्ध का किरदार निभाने के दौरान मेरे साथ ऐसा हुआ था कि मैं बुद्ध के जोन से निकल ही नहीं पा रहा था। मैंने यहां तक सोच लिया था कि मैं हिमाचल में पहाड़ों में जाकर मेडिटेशन करूंगा। हालांकि, कुछ समय बाद यह अहसास हो गया कि दुनिया में रहने के लिए इंसान ही रहना होगा। आप भोले बन गए, तो जी नहीं पाओगे। तब मैंने खुद को संभाला कि आप ऐक्टर ही रहो। जब तक किरदार निभाओ, तब तक ही उसमें रहो।'

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना सेमीफाइनल में पहुंचे, बने सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचेंगे।

**43 साल के बोपन्ना ने एबडेन के साथ 6-4 7-6 से जीता मैच**



### तीसरे भारतीय खिलाड़ी

बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

### 2017 में जीता था फ्रेंच ओपन

बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रियला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। वह पुरुष युगल में 2010 अमेरिकी ओपन में पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ उपविजेता रहे थे। बोपन्ना मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पुरूष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने पिछले साल एबडेन के साथ इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीता था ।

### नंबर एक रैंकिंग भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी : बोपन्ना

*रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है। बोपन्ना ने इंटरव्यू में कहा, 'यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है। अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है। सुमित नागल का भी आस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा। उसने एक दौर का मैच जीता। पुरुष युगल में नंबर एक रैंकिंग पर बहुत गर्व है। यह काफी विशेष क्षण है। पर इसके लिए काफी कुर्बानी दी हैं। मेरे कोच और परिवार सभी ने। मेरा परिवार मेरे साथ ही यात्रा कर रहा है इसलिए यह बिलकुल अलग अहसास है।'*

### मेदवेदेव की शानदार जीत

*रूस के दानिल मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को करीब साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में 7-6, 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में मेदवेदेव ने हुरकाज की वापसी के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। इससे पहले यूक्रेन की डायना यास्त्रेम्स्का ने लिंडा नोस्कोवा को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है। यूक्रेन की 93वीं रैंकवाली डायना ने क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था।*

## खबर संक्षेप



### बैजबॉल खेलने पर दो दिन में खत्म होगा मैच

**हैदराबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि इंग्लैंड की बहुचर्चित 'बैजबॉल' शैली भारतीय हालात में कारगर साबित नहीं होगी और अगर वे इसे आजमाते हैं तो मैच दो दिन के भीतर ही खत्म हो जाएगा। 'बैजबॉल' की समान रूप से टर्न और उछाल लेने वाली भारतीय पिचों पर इसकी असल परीक्षा होगी। सिराज ने कहा, 'इंग्लैंड अगर भारतीय हालात में बैजबॉल खेलता है तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो जाएगा। हर गेंद को पीटना आसान नहीं होता क्योंकि कई बार गेंद टर्न लेती है और कई बार सपाट पड़ती है।'

### नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला

**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने ।



टूर्नामेंट यहां 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ' 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

### खावर होंगे पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

**लाहौर।** जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को



देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जका अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा, 'मेरी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी।' खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

### ऑफ स्पिनर बशीर को मिला वीजा

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में खेलने



के लिए बुधवार को वीजा मिल गया। इससे दौरा करने वाली टीम का हताशाजनक इंतजार खत्म हुआ जिसके कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विलंब को निराशाजनक बताया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने यह घोषणा की। ईसीबी ने हैदराबाद में गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर 'एक्स' पेज पर लिखा, 'शोएब बशीर को अब वीजा मिल गया है।

## क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज 9.30 बजे

# भारत 12 साल से अजेय, स्पिन बॉल और बैजबॉल से टेस्ट होगा रोमांचक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नई परिभाषा गढ़ने वाली इंग्लैंड टीम से गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप' किया है। इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाये और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।





### अश्विन, जडेजा देंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम अतीत में दोनों का सामना कर चुकी है और खास तौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। सैतीस वर्ष के अश्विन में अभी भी 17 साल के युवा जैसा जोश है। वह 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी सटीक पड़ती गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी है। उन्होंने इस दौरान 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। दोनों मिलकर 21 की औसत से 500 के करीब विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम में तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल का कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### 'बैजबॉल' ने इंग्लैंड को दिलाई सफलता

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की आक्रामक शैली 'बैजबॉल' के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है । उसे एक बार फिर एक ईकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बायें हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान।

**इंग्लैंड** : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

# किरण और लक्ष्य ने दर्ज की जीत, प्रणय-श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22, 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21, 21-16, 21-19 से हरा दिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने मलेशिया के 10वीं रैंकिंग के ली जि जिया को कड़ी चुनौती दी लेकिन वह 54 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 11-21 से हार गए।

### अक्षर और कुलदीप में से एक को चुनना मुश्किल

***हैदराबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के बीच किसी एक को चुनने के लिए टीम प्रबंधन के सामने बहुत मुश्किल थी। लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि हो सकता है कि अक्षर बाजी मार ले। इंग्लैंड के खिलाफ यहां गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के बाद भारत को तीसरा स्पिनर चुनना है।*

# मैक्सवेल को अपना ध्यान रखना चाहिए

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन




मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि ग्लेन मैक्सवेल सफेद गेंद के प्रारूप की आस्ट्रेलियाई टीम के अहम सदस्य हैं लेकिन एडिलेड में हुई घटना के बाद उन्हें वही करना चाहिए जिसका उन्होंने वादा किया है।

पिछले हफ्ते मैक्सवेल को एडीलेड में अस्पताल में भर्ती कराया गया था क्योंकि वह पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के बैंड 'सिक्स एंड आउट' कंसर्ट में शिरकत करने के बाद नशे में धुत होकर गिर गए थे। हालांकि वह ज्यादा लंबे समय तक अस्पताल में नहीं रहे, उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी गयी और अब वह ट्रेनिंग में जुटे हैं।

### अंडर 19 विश्व कप : भारत के सामने आयरलैंड की चुनौती

***लोमफोंटेन।** भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी।*



*भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी।*

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फ्रांस से 2-2 से खेला ड्रा

एजेंसी ▶▶| केपटाउन



*भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रही और उसे फ्रांस से 2-2 से ड्रा से अंक बांटने पड़े।*

*भारत के लिए मंदीप सिंह ने आठवें मिनट में और अमित रोहिदास ने 19वें मिनट में गोल दागा। फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट के 37वें मिनट और बी गैस्पर्ड के 59वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी हासिल की। भारतीय टीम ने सोमवार को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में फ्रांस को 4-0 से हराया था। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था।*

### तीन स्पिनरों को चुना गया : बेन स्टोक्स

***हैदराबाद।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए एक तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल किया। मार्क वुड को अनुभवी जेम्स एंडरसन की जगह इस मैच के लिए चुना गया और स्टोक्स ने कहा कि डरहम के इस गेंदबाज को 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की काबिलियत के कारण ही तरजीह दी गयी। स्टोक्स ने कहा, 'निश्चित रूप से, वह काफी रफ्तार से गेंदबाजी करता है। वह काफी प्रभावी गेंदबाजी करता है। 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से रिवर्स होती गेंद के खिलाफ खेलना निश्चित रूप से बहुत मुश्किल होगा।'*



## 50 के औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

# सूर्यकुमार बने आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना है। आईसीसी ने उन्हें इस प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ कहा है। यादव ने 2023 में 50 के करीब औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से टी20 क्रिकेट में रन बनाए। वह फिलहाल जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहैबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। आईसीसी ने कहा, 'भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं।

लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है।' यादव ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ सात रन बनाकर की





लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा, 'वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।' उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

# भारत ने हॉकी-5 वर्ल्ड कप में पोलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| मस्कट

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के दो-दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा।



मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया। पोलैंड के लिए जूलिया के (आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का (27वां) और मोनिका पोलव्जाक (29वां) ने गोल दागे। भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी। एक मिनट बाकी रहते पोलैंड के लिए मोनिका ने गोल किया लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। अब भारत का सामना अमेरिका से होगा।




# खेलो इंडिया-24 में मप्र के खिलाड़ियों ने मचाया 'धमाल'

## मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य पदक, मंत्री सारंग ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



चैन्नई के जवाहर लाल स्टेडियम में चल रहे खेलो इंडिया के तहत बुधवार को मप्र के खिलाड़ियों ने जमकर धमाल मचाया।

खिलाड़ियों की मेहनत से मप्र के खाते में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य पदक हासिल किए हैं। वहीं खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### बॉक्सिंग में मप्र अकादमी के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित पांच पदक पदकों पर जमाया कब्जा

मप्र की बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रदेश को एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित पांच पदक हासिल किए हैं। इनमें अंजलि सिंह ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड जीता है। वहीं 60 किलोग्राम वर्ग में खुशी सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया और अकादमी का नाम रोशन किया। वहीं, 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रशांत कठाना ने सिल्वर तो 75 किलोग्राम भार वर्ग में आयुष यादव ने ब्रांज मैडल जीता है। इनके अलावा अकादमी की एक और बेटी मुस्कान मावड़ी ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया है। ये सभी खिलाड़ी अकादमी के बॉक्सिंग कोच रोशन लाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### जिम्नॉस्टिक में कृष ने जीता कांस्य पदक

मध्यप्रदेश जिमनॉस्टिक खेल के खिलाड़ी कृष गुप्ता ने पेरलर बार स्पर्धा में एक काँस्य पदक अर्जित किया। मलखम्ब में मध्यप्रदेश को 7 पदक मध्यप्रदेश के यातिन कोरी ने मलखम्ब की 3 विधा रोप में स्वर्ण, हेंगिंग में रजत और पोल में काँस्य पदक अर्जित किये। आलराउण्ड बालक स्पर्धा में देवेन्द्र पाटीदार ने काँस्य पदक हासिल किया। सिद्धि गुप्ता ने रोप मलखम्ब में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टीम मलखम्ब में मध्यप्रदेश की टीम को बालक और बालिका, दोनों ही वर्गों में एक-एक काँस्य पदक प्राप्त हुआ।

### विकास ने जीता गोल्ड तोड़ा वास्कले का रिकॉर्ड



कोच आरके प्रसाद के साथ विकास।

*भोपाल। चैन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में यहां जवाहरलाल नेहरू आउटडोर स्टेडियम में मध्य प्रदेश राज्य एथेलेटिक्स अकादमी के एथलीट विकास कुमार बिंद ने 3 हजार मीटर दौड़ 8:29.16 सेकंड के प्रदर्शन के साथ पूरी कर नए मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड अकादमी के एथलीट अर्जुन वास्कले (8:31.97 सेकेंड) के नाम था।*

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट लुधियाना-2024

# मप्र की बॉक्सर जिज्ञासा ने स्वर्ण और मलिका ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जालंधर पंजाब में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में 20 से 23 जनवरी, तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी की खिलाड़ी बेटियों ने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में अकादमी की बॉक्सर जिज्ञासा राजपूत ने 75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया। अकादमी की बॉक्सर मलिका मोर ने 50 किग्रा भाग वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी जिज्ञासा राजपूत ने इसी वर्ष अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग में एक स्वर्ण पदक देश को दिलाया है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चार कांस्य पदक मध्य प्रदेश को दिलाए हैं। वे 2017 से मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी में प्रशिक्षणरत हैं। अकादमी की खिलाड़ी मलिका मोर खेलो इंडिया गेम्स की चैंपियन हैं। नेशनल गेम्स गोवा में उन्होंने रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। वह वर्ष 2021 से अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उक्त दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक रोशन लाल से बॉक्सिंग खेल की बारीकियां सीख रही हैं।

## 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस टूर्नामेंट में रोचक मुकाबला

# अक्षय की घातक गेंदबाजी की बदौलत डीजीपी इलेवन क्वार्टर फाइनल में

**आज के मैच**

- राज एक्सप्रेस बनाम नव दुनिया सुबह 9.30 बजे से
- एनएसटी बनाम डिजिआना दोपहर 1.00 बजे से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अक्षय सिंह की सटीक गेंदबाजी से टीओआई ने 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की है। दिन के दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने पुलिस लाइन नेहरू नगर को 130 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर हुए इस टूर्नामेंट में बुधवार को दैनिक भास्कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में नौ विकेट पर मात्र 89 रन बना सकी। रोहिताश मिश्रा 31 के अलावा कोई भी बैटर चल नहीं पाया। अक्षय सिंह ने 12 रन देकर 6 विकेट लिए। विजेंद्र ने 3 बल्लेबाजों को आउट किया। जवाब में टीओआई ने 17.5 ओवर में सात विकेट पर जरूरी रन बना लिए। अश्विन सोलंकी ने 3 विकेट लिए। रोहिताश मिश्रा को दो विकेट मिले। विक्रम के हिस्से एक विकेट आया। अक्षय सिंह मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और सौरभ आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 168 रन बनाए। इसमें प्रज्ञा बलरे ने 85 रनों की पारी खेली। विपिन ने 23 रन बनाए। सुशील ने तीन विकेट लिए। विवेक को एक सफलता मिली। जवाब में पुलिस लाइन नेहरू नगर 38 रन बना सकी।

## खेल मंत्री ने की विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

# भोपाल को विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स हब बनाने कार्ययोजना बनाएं : सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाओं को देखते हुए इसे वॉटर स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने और कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग बुधवार को मंत्रालय में खेल विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खेल संचालक डॉ. रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव सहित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।



### वॉटर स्पोर्ट से आम जनता से जोड़ें

मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल झीलों की नगरी है। विभाग की वॉटर स्पोर्ट गतिविधियों को आम जनता से जोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट सेंटर को विश्व-स्तरीय बनाने की दिशा में प्रयास करना होंगे। सारंग ने निर्देश दिये कि ग्रामीण युवाओं को विभाग की खेलकूद से जोड़ने का प्रयास करें। मंत्री सारंग ने युवाओं के लिये रोजगार स्टार्टअप के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराने भी कार्य करने को कहा।

## भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजन

# साउथ वेस्ट जोन में आरजीपीवी कराटे टीम ने स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीते

### आरजीपीवी के अनुज सिंह, प्रशांत गुप्ता, हर्षा इंदुलकर ने हासिल किए पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पुलिस अकादमी भौंरी में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित साउथ वेस्ट जोन कराटे में 50 किलोग्राम वर्ग में आरजीपीवी के अनुज सिंह को स्वर्ण पदक एवं 55 किलोग्राम वर्ग में प्रशांत गुप्ता ने रजत पदक प्राप्त किया। महिला श्रेणी में 55 किग्रा में हर्षा इंदुलकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 16 से 20 जनवरी तक आयोजित साउथ वेस्ट जोन मे 112 टीमों ने सहभागिता की थी। आयोजनकर्ता के रूप मे एलएनसीटी विवि शामिल था। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सुनील कुमार, कुलसचिव प्रो.आरएस राजपूत और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. केटी चतुर्वेदी ने शुभकामनएं दी हैं।

**भोपाल**

## जिला स्तरीय संस्कृत भाषा सम्मेलन का आयोजन

# भारत की संस्कृति और संस्कृत भाषा ही देश की प्रतिष्ठा के दो प्रतीक : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की अधिकांश भाषाओं की जननी कही जाती है। हमारा जीवन संस्कृत भाषा से संबंधित होता है। यदि हमको अच्छे परिवार का निर्माण, अच्छे समाज का निर्माण, एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण या राम राज्य का निर्माण करना है, तो संस्कृत भाषा को साथ में लेकर के ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृत भारती संगठन बहुत उत्तम कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अच्छे संस्कार संस्कृत में लिखे नैतिक वचनों से से भी दिए जा सकते हैं।

मंत्री वर्मा संस्कृत भारती की ओर से आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत भाषा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### पं. मिश्रा बोले- संस्कृत जन-जन की भाषा

सीहोर के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. मिश्रा ने संस्कृतमय वातावरण बना दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत तो जन-जन की भाषा है। सिर्फ उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है और यह कार्य संस्कृत भारती कर रही है। संस्कृत भारती के प्रयास सफल होगें। विधायक सुदेश राय ने अपने अनुभव सुनाते हुए संस्कृत भाषा के महत्व का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के प्रांत संगठन मंत्री जागेश्वर पटले ने संस्कृत की महत्ता व संस्कृत भारती के भारत सहित विश्व स्तर पर कार्यों का विवरण से सभी को अवगत कराया। संचालन धर्मेन्द्र शर्मा ने किया। इस मौके पर संस्कृत भारती प्रांत प्रचार प्रमुख पवन द्विवेदी सहित जिले के सभी संस्कृत शिक्षक मौजूद थे।

## ट्रिपल आईटी में दीक्षांत समारोह

# सीएस में इशिका ने किया टॉप तो मिला गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस वर्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा मिस इशिका शर्मा ने बी टेक 2023 बैच में संस्थान में टॉप किया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की इशिका शर्मा को स्वर्ण और तन्मय चौहान को रजत पदक प्रदान किया गया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में अरुण शर्मा को स्वर्ण पदक और प्रज्वल चौबे को रजत पदक मिला। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग में थिरून हरी श्रीराम सुदर्शन को स्वर्ण पदक और आदित्य पालीवाल को रजत पदक प्रदान किया गया। इसके बाद संस्थान की सोवेनियर प्रदर्शित की गई और मोमेंटो का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रो आनंद मोहन, सम्मानिय अतिथि एसएस रामनाथन और शोभित टंडन को निदेशक, आईआईआईटी भोपाल प्रोण आशुतोष कुमार सिंह ने मोमेंटो दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ केके शुक्ला और डॉण एसएस भदौरिया को रजिस्ट्रार मैनिट द्वारा मोमेंटो दिया गया।

# 81 नवजात बेटियों को गर्म कपड़े देकर मनाया राष्ट्रीय बेटी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार को विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम ने गर्म कपड़े भेंटकर राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया। टीम के साथी मेडिकल कॉलेज और जिला सरकारी अस्पताल गए। यहां नवजात बेटियों की पूजा कर 81 जोड़ी गर्म कपड़े बांटे। टीम प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने बताया कि टीम अब और अब तक करीब 1200 जोड़ी कपड़े बांट चुकी है।

# महापौर मालती का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बरखेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय का महिला मोर्चा बरखेड़ी मंडल ने सम्मान किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष साधना नन्दू यादव समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# शाजापुर में एबीवीपी और भाजयुमो भिड़े

**भोपाल।** शाजापुर के पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालयमें बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि भाजयुमो के पदाधिकारी नमो नव मतदाता सम्मेलन के लिए युवाओं को आमंत्रित करने पहुंचे थे। इसी बीच एबीवीपी कार्यकर्ता पहुंचे और उन्हें बाहरी बताकर विरोध शुरू कर दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930